फाल्गुन कृष्ण पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 27 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 338, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल 16

फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज 15

## बैजबॉल धराशायी, भारत ने सीरीज कब्जाई



**3-1** से आगे है भारतीय टीम अंतिम टेस्ट 7 मार्च से

**17** वीं शृंखला लगातार मेजबान के तौर पर भारत ने जीती

**रांची।** टेस्ट में बैजबॉल से प्रहार करने वाली इंग्लैंड की टीम को भारत ने अपने घर में एक बार फिर धूल चटाई है। भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने यह भ्रम भी तोड़ दिया कि अनुभव ही सर्वोपरि है। पांच मैचों की शृंखला में भारत ने इंग्लैंड को 3-1 से हराकर सीरीज अपने कब्जे में ली। भारतीय टीम की अपनी सरजमीं पर लगातार 17वीं शृंखला जीती हैं। भारत ने 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40 रन से आगे खेलना शुरू किया। यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। उसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। अब शृंखला का अंतिम मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने कानपुर के डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन

# यूपी अब देश के विकास में 'ब्रेक थ्रू', रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में जुटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज यूपी, देश के डेवलपमेंट में ब्रेकर नहीं बल्कि ब्रेक थ्रू का काम कर रहा है। यहां स्थापित डिफेंस कॉरिडोर के सभी छह नोड्स भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में जुट गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में जब पहली इन्वेस्टर्स समिट हुई थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी। यूपी में अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड्स बन रहे हैं। आज कानपुर में अडाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस ने काम शुरू कर दिया है। समारोह में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय भी मौजूद रहे। अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के सीईओ करण अडाणी ने स्वागत किया। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान आदि मौजूद थे।



अडाणी एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में सेनाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, अडाणी ग्रुप के सीईओ आशीष राजवंशी। ● अमृत विचार

● 500 एकड़ में बना दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा आयुध कॉम्प्लेक्स

### चार हजार प्रत्यक्ष, 20 हजार परोक्ष रोजगार

अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अडाणी ने बताया कि 15 महीने में पांच हजार एकड़ में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स तैयार हुआ है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 150 मिलियन राउंड एम्युनेशन उत्पादन की है। यहां रायफल, लाइट मशीन गन (एलएमजी), एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें, हैंड ग्रेनेड निर्मित किए जाएंगे।

### आईआईटी कानपुर, बीएचयू सेंटर फॉर एक्सीलेंस

मुख्यमंत्री ने बताया कि डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सीलेंस नामित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने भी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में साझेदारी दिखाई है। उद्देश्य है कि भारत डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के साथ दुनिया की जरूरत की पूर्ति करे।

## एक नजर

### पेटीएम बैंक के चेयरमैन पद से हटे विजय शेखर

**नई दिल्ली।** पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) के अंशकालिक गैर-कार्यकारी चेयरमैन पद से विजय शेखर शर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। बैंक ने निदेशक मंडल को पुनर्गठित किया है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. को 15 मार्च के बाद ग्राहकों से कोई भी नई जमा राशि या टॉप अप स्वीकार करने से रोक दिया है। बैंक ने सोमवार को कहा कि श्रीनिवासन श्रीधर, देबेंद्रनाथ सारंगी, अशोक गर्ग और रजनी सेखरी सिब्बल की नियुक्ति के साथ निदेशक मंडल का पुनर्गठन किया है।

### ट्रू-कॉलर की एआई-कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** कॉल करने वाले की पहचान से संबंधित एप 'ट्रूकॉलर' ने सोमवार को भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू करने की घोषणा की। इस सुविधा में कॉल का सारांश एवं ब्योरा भी मिलेगा। कंपनी ने कहा कि एआई-आधारित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा के लिए शुल्क लगेगा और यह प्रीमियम सदस्यता के साथ उपलब्ध होगी। यह एंड्रॉयड और आईओएस दोनों ऑपरेटिंग प्रणालियों वाले मोबाइल फोन पर काम करेगी। इस सुविधा के तहत उपयोगकर्ताओं को सीधे ट्रूकॉलर ऐप के भीतर इनकमिंग और आउटगोइंग कॉल रिकॉर्ड करने की क्षमता होगी। यह महत्वपूर्ण बातचीत को दर्ज करने और उनके प्रबंधन का एक सुविधाजनक एवं कुशल तरीका मुहैया कराता है।

### कठुआ स्टेशन मास्टर सहित छह निलंबित

**चंडीगढ़।** जम्मू के कठुआ से रविवार को एक चालक रहित 53 वैगन वाली मालगाड़ी चलने के मामले में फिरोजपुर के डीआरएम संजय साहू ने उच्चस्तरीय की जांच के आदेश के बाद कठुआ स्टेशन के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इनमें स्टेशन अधीक्षक, लोको पायलट, सहायक पायलट, प्वाइंट्समैन और टीआरआई शामिल हैं। साहू ने कहा कि जम्मू से पंजाब के लिए चिप पत्थर लेकर जा रही मालगाड़ी लोको पायलट बदलने के लिए कठुआ में रुकी थी। कुछ मिनटों के बाद, यह जम्मू-जालंधर ट्रैक पर ढलान सरकने लगी, जबकि नए पायलट और सह-पायलट अभी तक ट्रेन में नहीं पहुंचे थे।

# नया भारत बड़े सपने देखता है और उसे दिन रात एक कर पूरा भी करता है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया दो हजार से अधिक रेल प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि रेलवे के कायाकल्प अभियान शुरू हो चुका है और उनके तीसरे कार्यकाल में रेलवे के विकास का स्केल एवं स्पीड अभूतपूर्व होगी। मोदी ने सोमवार को वीडियो लिंक के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की दो हजार से ज़्यादा रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड (रफ्तार), अभूतपूर्व स्केल (कौशल) से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत-विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक साथ रेलवे से जुड़ी 2000 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। अभी से जिस स्केल पर काम होना शुरू हो गया है, जिस स्पीड पर काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने जम्मू से एक साथ आईआईटी-आईआईएम जैसे दर्जनों बड़े शिक्षा संस्थानों का लोकार्पण किया। कल ही मैंने राजकोट से एक साथ पांच एम्स और अनेक मेडिकल संस्थानों का लोकार्पण किया। अब आज का ये कार्यक्रम है, आज 27 राज्यों के, करीब 300 से अधिक जिलों में साढ़े 500 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है।

उत्तर प्रदेश के जिस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा 1500 से ज्यादा रोड ओवरब्रिज, अंडरपास की परियोजनाएं भी शामिल हैं। 40 हज़ार करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही हैं। कुछ महीने पहले ही हमने अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत की थी। तब भी 500 से अधिक स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरु हुआ था। अब ये कार्यक्रम इसे और आगे बढ़ा रहा है। ये दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है।



● बोले-रेल परियोजनाओं की अभूतपूर्व रफ्तार और कौशल हैरत में डालने वाली

### योजना में उप्र के 74 रेलवे स्टेशन भी शामिल

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के भी 74 रेलवे स्टेशन और 267 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) व अंडरपास का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इनमें वे परियोजनाएं शामिल हैं जिनका पुनर्विकास एवं निर्माण किया गया है। उप्र. में जिन 74 स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया उनमें मेरठ नगर जं., मऊ जं., मानिकपुर जं., श्रीकृष्णा नगर, ऊंचाहार जं., मानकनगर, चुनार जं., गढ़मुक्तेश्वर, गोंडा जं., जौनपुर सिटी, ललितपुर जं, मल्हार, चित्रकूट धाम कर्वी, खुर्जा जं., लखीमपुर, कानपुर अनवरगंज, भटनी, हैदरगढ़, मैलानी जं., अकबरपुर ज., मिर्जापुर, गोविंदपुरी, भरतकुंड, सलेमपुर ज., महोबा जं., पीलीभीत जं., कन्नौज, स्वामी नारायन छपिया, सोनभद्र, लम्भुआ, मड़ियाहूँ, ईदगाह आगरा जं., तुलसीपुर, शिकोहाबाद जं., निहालगढ़, आंवला, आनंद नगर जं., बाबतपुर, लखनऊ सिटी, बरेली सिटी, पुखरायां, मोहनलालगंज, गोमती नगर, कानपुर पुल बाया, खोरासन रोड, बांदा, बढ़नी, बालामऊ जं., शिवपुर, गौरीगंज, सिद्धार्थनगर, व्यासनगर, किनारा, डालीगंज, कप्तानगंज जं., स्योहारा, बलरामपुर, फिरोजाबाद, उरई, लालगंज, खलीलाबाद, रामघाट हॉल्ट, गुरसहायगंज, गाजीपुर सिटी, फाफामऊ जं., मुजफ्फरनगर, बेल्थरा रोड, बुलन्दशहर, लोहता, राजा की मंडी, चिलबिला, कुंडा हरनामगंज, बादशाहपुर, तकिया और मैनपुरी जं. हैं। उधर, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअली जुड़े। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान है। उन्होंने लिखा, आमजन के जीवन को सुगम बनाती इन सौगातों के लिए हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी!।



● भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान : योगी

# ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा करने पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति की अपील खारिज करते हुए जिला जज के आदेशानुसार व्यास तहखाना (ज्ञानवापी मस्जिद का दक्षिणी तहखाना) में पूजा जारी रखने की अनुमति दे दी है। मालूम हो कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने 11 दिन पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधक) ने 1 फरवरी को हाईकोर्ट के समक्ष वाराणसी के जिला जज के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती देते हुए अपील दाखिल की थी, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद स्थित तलघर में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति दी गई थी। इसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने व्यास जी का तहखाना में पूजा की अनुमति देने वाले आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार किया था।

दरअसल, मस्जिद समिति का मानना है कि व्यास तहखाना मस्जिद परिसर का हिस्सा होने के कारण उनके कब्जे में है और व्यास परिवार या किसी अन्य को तहखाने के अंदर पूजा-पाठ करने का कोई अधिकार नहीं है। समिति का यह भी तर्क था कि वर्ष 1993 के बाद से तहखाने में कोई पूजा नहीं हुई, इसलिए अगर 30 वर्षों के बाद न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा है और यथास्थिति बदल रहा है तो इस फैसले के पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए। यह भी प्रस्तुत किया गया कि व्यास तहखाना कभी भी हिंदू वादी के कब्जे में नहीं था और कब्जे के बारे में सवाल केवल मुद्दों के तैयार होने के बाद ही तय किया जा सकता है। दूसरी ओर हिंदू पक्षकारों का लगातार यह तर्क था कि तहखाने के अंदर पूजा-पाठ कभी नहीं रुका और यह वर्ष 1993 के बाद भी जारी रहा, जब सीआरपीएफ ने इसे अपने कब्जे में ले लिया था।



● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की आपत्ति की खारिज

● जिला जज वाराणसी कोर्ट ने 31 जनवरी को दी थी अनुमति

# मतदान आज, भाजपा का साथ देंगे राजा भैया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**राज्यसभा चुनाव**

● जनसत्ता दल के दो विधायकों का साथ लेने की समाजवादी पार्टी की मुहिम को लगा झटका

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की दस सीट के लिए होने वाले चुनाव में जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के मुखिया रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनकी पार्टी के विधायक विनोद सोनकर भाजपा के उम्मीदवार को वोट देंगे। राजा भैया के इस फैसले से समाजवादी पार्टी की उम्मीद खत्म हो गई है। अब राज्यसभा के लिए मंगलवार को होने वाला चुनाव राजनीतिक उठापटक और दांवपेच वाला होगा। इस बीच एक-एक वोट का महत्व समझाकर सोमवार को भाजपा और सपा ने अपने-अपने विधायकों को मतदान का प्रशिक्षण दिया।



उप्र. में राज्यसभा की दस सीटों के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। आठ प्रत्याशी भाजपा ने खड़े किए हैं, जबकि तीन प्रत्याशी सपा से हैं। सपा के तीनों उम्मीदवारों को जीतने के लिए कुल 111 वोट की जरूरत है। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं।

# अगर कोर्ट आदेश देगी तो ईडी के समक्ष पेश होऊंगा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल ने कहा कि अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तो वह ईडी के समक्ष पेश होंगे। यह सातवीं बार है, जब केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री को सातवां समन जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने पेश होने को कहा था। आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेताओं के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के एक साल पूरा होने पर सोमवार को राजघाट पहुंचे मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ये समन उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया छोड़ने के लिए दबाव डालने का एक औजार है।



● ईडी के 7वें समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

# नहीं रहे प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास

मुंबई, एजेंसी

● लंबी बीमारी के बाद 72 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

दिल की रगों को चीरते दर्द, इश्क में डूबी उदास शामों और मुहब्बत की रूबाइयों को अपनी मखमली, लरजती आवाज का सहारा देने वाले मशहूर गजल गायक पंकज उधास (72) सोमवार को अपने लाखों चाहने वालों को छोड़कर चले गए। चांदी जैसा रंग है तेरा, इक तरफ उसका घर, चिट्ठी आई है, आहिस्ता कीजिए बातें और जीएं तो जीएं कैसे जैसे लोकप्रिय फिल्मी गीतों तथा मशहूर गजलों से अपने चाहने वालों के दिलों में उतरने वाले पंकज उधास लंबे समय से बीमार थे।



उनकी बेटी नयाब ने बताया कि पंकज उधास ने ब्रीच कैंडी अस्पताल में पूर्वाह्न 11 बजे अंतिम सांस ली। उधास ने दयावान, नाम, साजन और मोहरा सहित कई हिंदी फिल्मों में पार्श्व गायक के रूप में भी अपनी पहचान बनाई थी। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को होगा। उनके परिवार में पत्नी फरीदा और बेटियां रेवा तथा नयाब हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम हस्तियों ने अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट कीं।

# सीआईएससीई 12वीं रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा स्थगित

● अब 21 मार्च को दोपहर दो बजे होगी आयोजित

**नई दिल्ली।** भारतीय विद्यालयीय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने सोमवार को अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए 12वीं कक्षा की रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा 21 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। सीआईएससीई की उप सचिव संगीता भाटिया ने स्कूल प्राचार्यों को भेजे एक पत्र में कहा कि सोमवार, 26 फरवरी 2024 को होने वाली आईएससी वर्ष 2024 रसायन विज्ञान पेपर 1 (थ्योरी) परीक्षा को अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा गुरुवार, 21 मार्च, दोपहर दो बजे पुनर्निर्धारित की गई है। परीक्षा स्थगित करने के सटीक कारणों के बारे में पूछे गए सवालों पर बोर्ड की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। लेकिन सीआईएससीई से जुड़े कुछ सूत्रों ने दावा किया कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न-पत्र कथित तौर पर सोशल मीडिया पर लीक हो गया था। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सीआईएससीई बोर्ड परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुई थीं।

# किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

होशियारपुर/सिरसा, एजेंसी

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले किसानों ने सोमवार को 'डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) छोड़ो दिवस' मनाया, ट्रैक्टर मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। डब्ल्यूटीओ का पुतला भी फूंका।

जालंधर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले भर में कई स्थानों पर सड़क के किनारे अपने ट्रैक्टर खड़े करके विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का उद्देश्य केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना था, जिसमें उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी, ऋण माफी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करना, किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन और अन्य मांगों को वापस लेना शामिल था।

हरियाणा के सिरसा में किसानों ने ट्रैक्टर परेड किया और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -नौ पर खैरेकां गांव के पास लगे टोल पर डब्ल्यूटीओ के पुतले फूंके। किसान नेताओं ने कहा कि भारत सरकार डब्ल्यूटीओ से खेती बाड़ी व जनवितरण प्रणाली को बाहर रखे।

उधर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला। मुजफ्फरनगर और बागपत में ट्रैक्टर की श्रृंखला बनाकर विरोध जताया। मेरठ में एकजुट किसानों ने विश्व व्यापार संगठन का पुतला फूंका।



● सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़े करके जताया डब्ल्यूटीओ का विरोध

● हरियाणा में टोल प्लाजा पर किया प्रदर्शन

**इनसे सीखें** — यूपी में पहले स्वच्छता मिशन में गांव को बनाया अग्रणी, फिर परिवारों को दिए रोजगार के अवसर

# कूड़े से पैदा किए रोजगार के अवसर, बने ब्रान्ड एम्बेसडर

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में जहां एक तरफ कूड़े के ढेर के निस्तारण को लेकर लंबे-चौड़े बजट का सहारा लिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इस तामझाम से दूर एक युवक ने ऐसा कुछ कर दिखाया कि वो प्रदेश ही नहीं देश के लिए भी नजीर बन गया। दरअसल, इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके मेरठ के मोहिद्दीनपुर निवासी ने लोगों को जागरूक कर गांव से निकले कूड़े-कचरे से बिजली तैयार कराई, फिर इसे बेचकर गांव की सूरत बदल दी। हाल-फिलहाल लघु उद्यम के सहारे गांव वालों को रोजगार मिले हैं। स्वच्छता मिशन की इस अलख को कई प्रदेशों में सम्मान भी मिल चुका है।

मेरठ निवासी विजय नामदेव बताते हैं कि वो कई साल पहले इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर गांव मोहिद्दीनपुर लौटे तो देखा, समस्या रोजगार और कूड़े के निस्तारण को लेकर थी। ऐसे में उन्होंने लोगों को जागरूक किया, फिर युवाओं की एक टीम तैयार की। सूखे और गीले कूड़े को अलग कर बेचा और निजी कंपनी की मदद से बिजली तैयार कराई, ऐसे में कई गांव रोशन हुए। बताते हैं कि गांव की स्वच्छता को प्रदेश में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन सम्मान के अलावा स्वच्छता ग्रामीण सम्मान भी मिल चुका है। पंजाब के मोहाली में हुए राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में उद्यमता को भी पुरस्कृत किया जा चुका है।



लखनऊ में हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में गांव के मॉडल की जानकारी देते विजय नामदेव।

### मोहिद्दीनपुर गांव के बच्चों ने प्रधानमंत्री से की मन की बात

मोहिद्दीनपुर गांव को मॉडल बनने में कई हाथ जुड़े हैं। विकास यहीं पर खत्म नहीं हुआ। विजय ने स्मार्टक्लास (आधार शिला) के सहारे बच्चों को प्रशिक्षित कराया। ऐसे में विद्यालय के छात्रों ने जब बुलेट ट्रेन और रोबोट तैयार किए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मन की बात के सहारे बच्चों से बात किए बिना नहीं रह सके।

### गांव के बजट से युवाओं को मिला रोजगार

विजय बताते हैं कि ग्राम प्रधान विमला देवी की मदद से सफाई के नाम पर घरों से दो रुपया और दुकानदारों से पांच रुपया वसूल किया गया। कूड़े से बेचे गए रुपयों के सहारे चंद माह में करीब पांच लाख का राजस्व इकट्ठा हुआ। इससे बेरोजगार पुरुषों और महिलाओं को रोजगार देने में मदद मिली।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ ज्वालानगर स्थित कृष्णा मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ प्रातः 5:30 बजे।

☞ हाईस्कूल की यूपी बोर्ड की गणित की प्रथम पाली में परीक्षा सुबह 8:30 बजे।

### चिट्ठी आई है गाने से मखमली आवाज से बिखेरा था जलवा

# पंकज उधास का रामपुर से था गहरा नाता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास का रामपुर से गहरा रिश्ता रहा है। वह कई बार यहां हुए कार्यक्रम में प्रस्तुति देने आ चुके थे। 20 अक्टूबर 2021 की रात पनवड़िया के पास नुमाइश ग्राउंड में लगे हुनर हाट में भी उन्हें बुलाया गया था। उन्होंने एक से बढ़कर एक गजल पेश की थीं। दर्शकों ने उनकी गायिकी का जमकर आनंद लिया था। उनकी मौत से गजल गायकों में शोक छा गया।

चिट्ठी आई है से सुर्खियों में आए पंकज उधास बेहतरीन गजल गायक थे। हालांकि काफी दिन से वह बीमार चल रहे थे। सोमवार की दोपहर उनका निधन हो गया। यह सुनते ही कला जगत में शोक की लहर छा गई। उनका रामपुर से गहरा नाता था। वह 2021 में पनवड़िया स्थित नुमाइश मैदान में हुनर हाट कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्हें सुनने के लिए रामपुर से ही नहीं बल्कि, बरेली, मुरादाबाद, संभल और अमरोहा से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। उन्होंने सबसे पहले अपनी मशहूर गजल आप जिनके करीब होते हैं पेश की थी। इसे सुनते ही पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा था। इसके बाद उन्होंने चांदी जैसा रंग है तेरा....,चिट्ठी आई है आई है, चिट्ठी आई है आदि गजलों से समां बांध दिया था।



हुनर हाट में गजल गाते पंकज उधास। (फाइल फोटो)

**अतीत की यादें**

▸▸ 20 अक्टूबर 2021 को हुनर हॉट कार्यक्रम में नुमाइश के मंच पर गजलों से बटोरीं थीं तालियां



" मेरी पंकज उधास से करीब चार वर्ष पूर्व दिल्ली के साउथ एक्स में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुलाकात हुई थी। पंकज उधास एक अच्छे फनकार थे। उनका अचानक इंतकाल होने से कला जगत सन्न है। उनके जाने से मैं बहुत आहत हूं। उन्होंने संगीत के क्षेत्र में बड़ा काम किया है। उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता। – **सखावत हुसैन खां, गजल एवं शास्त्रीय गायक, रामपुर-सहसवान घराना**

## मिलेट्स को बढ़ावा देने को कार्यक्रम आज

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजना के तहत मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने एवं उत्पादों से जनसामान्य को जागरूक करने के उद्देश्य से उत्सव पैलेस में अन्न मिलेट्स रेसिपी उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम 27 फरवरी की दोपहर 12 बजे होगा। इसमें जनपद के विभिन्न रेस्टोरेंट, होटलों, कैटर्स, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, एनआरएलएम समूहों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं एवं गृह विज्ञान की छात्राओं को स्टाल लगाने के लिए निर्देशित किया गया है।

उप कृषि निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद के विभिन्न विकास खंडों के कृषकों, उत्पादक संगठनों के सदस्यों, प्राथमिक एवं उच्च प्रथमिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन तैयार करने वाले रसोइयों सहित जनपद के सम्मानित नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम के बारे में बताया।

# सभी जिलों में होगा वार्षिक निरीक्षण : डीआईजी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डीआईजी मुनीराज जी ने बताया कि जिले में अपराध में काफी कमी आई है। अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक की कार्य प्रणाली अच्छी है। पुलिस अधीक्षक द्वारा रोजाना शाम को गश्त करना भी अच्छा है। इससे अपराध कम होता है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद मंडल के सभी जिलों में वार्षिक निरीक्षण किया जाएगा। इसकी शुरूआत रामपुर से कर दी गई है।

सोमवार को पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज जी पुलिस कार्यालय पहुंचे और सलामी ली। इसके बाद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की मौजूगी में पुलिस कार्यालय एवं शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद डीआईजी पुलिस लाइन पहुंचे। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में वार्षिक निरीक्षण किया जाएगा।

इसकी शुरूआत रामपुर से कर दी गई है। कहा कि पुलिस आफिस में बने सभी कार्यालय सही हैं। अपराध की समीक्षा की गई तो उसमें काफी कमी आई हैं। चुनाव को लेकर भी तैयारियां चल रही हैं।

ऑनलाइन ठगी की घटनाओं व चाइनीज मांझे पर भी रोक लगाई जाएगी। लोगों को जागरूक किया जाएगा। पुलिस का जनता के प्रति व्यवहार काफी अच्छा है। अपराधियों की सूची तैयारी जा रही है। शाम को थानों का निरीक्षण भी किया गया।



पुलिस आफिस में निरीक्षण करते डीआईजी मुनीराज जी। ● अमृत विचार

▸▸ रामपुर जनपद से हुई वार्षिक निरीक्षण की शुरूआत

▸▸ पुलिस आफिस और पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

# कार्रवाई के डर से नक्शा पास कराने लगे प्रॉपर्टी डीलर

## रामपुर विकास प्राधिकरण के चक्कर काट रहे हैं तमाम लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर में पिछले दिनों रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने बिना नक्शे के बन रहे कुछ निर्माण ध्वस्त करा दिए थे। प्रशासन की इस कार्रवाई से प्रॉपर्टी डीलर घबरा गए हैं। अब आरडीए में नक्शा पास कराने के लिए आवदेन कर रहे हैं। उसके बाद ही प्लांटिग करने का लोगों को आश्वासन दिया जा रहा है।

एक साल में प्लाट बेचने का सिलसिला शहर में तेजी से बढ़ता जा रहा है। चार-पांच लोग एकत्र होकर खेती की जमीन को खरीदकर उस पर धड़ल्ले से प्लाटिंग कर रहे हैं। इतना ही नहीं शहर में कई स्थानों पर नॉन जेड ए की जमीन पर भी प्लाटिंग की जा रही है। इसके शिकायत लगातार मिल रही थीं। इसके बाद आरडीए के अधिकारियों ने कुछ स्थानों का निरीक्षण करने के बाद सभी को नोटिस भेज दिया था। नोटिस का जवाब नहीं देने पर विभाग ने मौके पर पहुंचकर उस निर्माण को धवस्त करा दिया था। इसके बाद से सभी प्रॉपर्टी डीलरों में खलबली मच गई। अब शासन के आदेश का पालन करते हुए प्लाट बेचने से पूर्व उसका आरडीए से नक्शा पास करा रहे हैं। बहुत से लोग इस बारे में आरडीए के अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं।

### मकानों का नक्शा भी पास करा रहे गृह स्वामी

आरडीए की सख्ती के बाद गृह स्वामी भी सक्रिय हो गए हैं। अब मकान बनाने से पहले आरडीए के आफिस में जाकर नक्शा बनवाने का पूरी प्रकिया जान लेने के बाद नक्शे के लिए आवेदन कर रह हैं। जबकि इससे पहले बिना नक्शे के ही मकानों का निर्माण हो रहा था।

### डीलरों ने बढ़ाए जमीनों के दाम

आरडीए की सख्ती के बाद प्रॉपर्टी डीलरों ने जमीन के दाम बढ़ा दिए हैं। वह खरीदने वाले लोगों को जमीन तक दिखाने को तैयार नहीं हैं। अगर किसी को जमीन दिखा भी रहे हैं तो पहले ही बता देते है कि नक्शा पास होने के बाद ही प्लाट दिया जाएगा। जहां लोगों को पहले प्लाट 10 से 11 हजार रुपये गज में मिल जाता था। अब वही प्लाट 10 से 15 हजार रुपये तक बेचने की बात की जा रही है। एक वर्ष के अंदर प्लांटिग का धंधा तेजी से बढ़ता जा रहा है।

" प्लांटिग करने वाले और मकान बनवाने वाले लोग लगातार कार्यालय में नक्शे के बारे में जानकारी ले रहे हैं। कुछ लोग नक्शे के लिए आवेदन भी कर रहे हैं। **–हरीओम गुप्ता**, जेई, आरडीए

## मारपीट और वारंट में तीन लोगों का चालान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मारपीट और वारंट के मामलों में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मोहल्ला साहूकारा निवासी राहुल यादव को मारपीट के आरोप में पकड़ा गया है। खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि रम्पुरा बुजुर्ग गांव निवासी मोहन स्वरूप मोनू का शांति भंग की धाराओं में चालान किया गया है। केमरी प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि चकिया हयातनगर निवासी ओमपाल दहेज उत्पीड़न के सात साल पुराने मामले में कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था।

# पत्नी को छेड़ने के विरोध पर पति को सरिये से पीटा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** पत्नी के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर पड़ोसी ने पति को लोहे के सरिये से पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद हमलावर मौके से भाग गया। पुलिस ने घायल की तहरीर लेकर सरकारी अस्पताल में उसका मेडिकल कराया है।

उत्तराखंड से सटे दिबदिबा गांव की बनखड़ी कॉलोनी निवासी विजय रस्तोगी (34) पुत्र रामगोपाल रस्तोगी ने बताया कि वह रुद्रपुर डाकघर में बजाज एलायंस का कर्मचारी है। उसकी पत्नी निजी स्कूल में शिक्षिका है। उसके घर के सामने रहने वाला पड़ोसी अक्सर उनकी पत्नी से छेड़खानी करते हुए अश्लील कमेंट करता है। सोमवार को विरोध करने पर वह हमलावर हो गया। लोहे के सरिए से पीटकर उसे घायल कर दिया। किसी तरह भागकर उसने जान बचाई। पुलिस को फोन करके मौके पर बुलाया गया।

# बकाएदार ने अमीन से की अभद्रता

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** वसूली के दौरान बकाएदार और उसके बेटों ने संग्रह अमीन से अभद्रता कर दी। इतना ही नहीं टीम ने बड़े बेटे को पकड़कर गाड़ी में बैठाया तो उसने खिड़की के पर्दे फाड़ दिए और कूदकर फरार हो गया। नायब तहसीलदार के अनुसार अमीन की ओर से पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई है। जबकि पुलिस ने तहरीर मिलने से इनकार किया है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरापुर से जुड़ा है। गांव निवासी चंद्रपाल करीब पांच लाख रुपये का बकाएदार है। नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित के नेतृत्व में टीम उसकी तलाश में मीरापुर गांव पहुंची। आरोप है कि चंद्रपाल और उसके दो बेटों अर्पित यादव और नेखपाल यादव ने अमीन भारत सिंह के साथ अभद्रता शुरू कर दी। ज्यादा बदतमीजी करने पर टीम ने बड़े बेटे को पकड़कर गाड़ी में बैठा लिया तो उसने गाड़ी के पर्दे फाड़ दिए। होमगार्ड को धक्का देते हुए कूदकर फरार हो गया। अमीन भारत सिंह ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। जबकि कोतवाल ओमकार सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर लिया जाएगा। नायब तहसीलदार ने बताया कि मीरापुर की ही राजमाला पर 5.65 लाख एवं वीरपाल पर 8 लाख का बकाया था। इन्हें आंशिक धनराशि जमा करने पर जल्द से बकाया जमा करने की हिदायत देते हुए छोड़ दिया गया।

" मीरापुर निवासी चंद्रपाल पर करीब पांच लाख की बकाया थी। सोमवार को टीम गांव पहुंची तो चंद्रपाल और उसके बेटे अर्पित यादव और नेखपाल यादव ने अमीन के साथ अभद्रता शुरू कर दी। अर्पित को पकड़कर गाड़ी में बैठाया तो उसने गाड़ी के पर्दे फाड़ दिए और कूदकर फरार हो गया। अमीन की ओर से शाहबाद कोतवाली में तहरीर दी गई है। **–विश्वास दीक्षित**, नायब तहसीलदार शाहबाद

# चैनल को सब्सक्राइब करें शिक्षक : राजेंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चमरौआ के खंड शिक्षाधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा ने कहा कि निपुण तालिका अवश्य भरें। शिक्षक यू ट्यूब चैनल को अधिक से अधिक सब्सक्राइब करें। प्रत्येक शिक्षक कम से कम 25 अभिभावकों को चैनल सब्सक्राइब कराकर सूचना दे। प्रतिदिन प्रसारित किए जा रहे कंटेंट का डेटा पंजिका पर अंकित करें।

ब्लॉक संसाधन केंद्र चमरौआ के गांव शंकरपुर में ब्लॉक के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी अध्यापकों की सोमवार को समीक्षा बैठक हुई। बीईओ ने बताया कि निपुण विद्यालयों की जारी सूची में मंडल में जनपद प्रथम स्थान पर रहा। ब्लॉक में 34 प्रतिशत विद्यालय निपुण घोषित किए जा चुके हैं। अन्य जनपदों की स्थिति बहुत कम है।

बताया कि निरीक्षण के समय यह देखने में आ रहा है कि विद्यालयों द्वारा निपुण तालिका नहीं भरी जा रही हैं। एआरपी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि कुछ अध्यापकों द्वारा ब्लॉक से भरवाए गए गूगल फॉर्म में निपुण विद्यालयों की सूचना त्रुटिपूर्ण दी गई है। यदि सही सूचना नहीं दी जाएगी तो प्रदेश स्तर पर ब्लॉक की निपुण विद्यालयों की स्थिति में भी त्रुटि रहेगी। निपुण भारत मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ द्वारा निरंतर प्रगति की समीक्षा की जा रही है। सभी डेटा को सावधानी और गंभीरता से भरा जाए। देखा गया है डेटा देते समय लापरवाही की जाती है। दीक्षा ऐप अपडेट करके गतिमान प्रशिक्षण को निर्धारित समय में पूरा करना तय करें और संदर्शिका का प्रयोग करें। गणित किट, विज्ञान किट, पुस्तकालय को सक्रिय रूप से प्रयोग करें। 24 फरवरी से छात्र उपस्थिति एवं मध्याह्न भोजन पंजिका का डिजिटाइजेशन करने के दिशा निर्देश महानिदेशक ने दिए। कहा कि शीघ्र ही उपस्थिति अंकित करना प्रारंभ करें। सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत रोड सेफ्टी क्लब की स्थापना करें।



समीक्षा बैठक में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

कमर इशाक जव्वाद, अहसान खान, अंजुम स्नेही, चरण सिंह, उमेश पाल, मेजर सिंह, विक्रम सोलंकी, सुशील कुमार, अफरोज मियां, हिमेंद्र प्रताप, उरूशा महरूख, अनुसेंद्र चौहान, इंदल सिंह आदि।




## एक नजर

### डूंगरपुर के एक मामले में हुई कोर्ट में बहस

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में अभियोजन द्वारा बहस की गई। अब इस मामले में बुधवार को भी बहस होगी। वर्ष 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने लोगों ने गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इसमें पूर्व मंत्री आजम खां के इशारे पर मारपीट, लूटपाट कर उनके घर को जेसीबी से ध्वस्त करने का आरोप लगाया गया था। इन मुकदमों में आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, सेवानिवृत्त सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली, जिबरान समेत कई आरोपी हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हुई। सोमवार को एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बहस की। जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में बुधवार को फिर से सुनवाई होनी है।

### पेड़ों की छंटाई के लिए बंद रही दो घंटे बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र में पेड़ों की छंटाई-कटाई के चलते सोमवार को दो घंटे बिजली बंद रही। शाम पांच बजे आपूर्ति सुचारू हुई। हाईटेंशन लाइनों में फॉल्ट होने पर पेड़ों की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे बिजली कई कई घंटे तक गुल रहती है। सोमवार को पेड़ों की छंटाई कराई गई। काम शुरू करने से पहले कचहरी रोड, गंगापुर आवास विकास, पुरानी आवास विकास, सिविल लाइंस क्षेत्र के फीडर को शटडाउन कराया गया। दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक काम कराया गया। अवर अभियंता बीपी सिंह ने बताया कि शाम पांच बजे आपूर्ति सुचारू करा दी गई।


जेसीबी पर चढ़कर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार


ट्रैक्टर पर लेटकर प्रदर्शन करता किसान। ● अमृत विचार


कार्यालय पर किसानों को संबोधित करते प्रदेश महसचिव हसीब अहमद।

# हाईवे पर ट्रैक्टर शृंखला बनाकर किसानों ने किया प्रदर्शन

## पूरे जिले से ट्रैक्टर लेकर पहुंचे भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता व पदाधिकारी, कार्यालय पर सभी ने किया भोजन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाकियू (टिकैत) से जुड़े किसानों ने पंजाब बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन और एमएसपी समेत कई मांगों को लेकर हाईवे पर ट्रैक्टर शृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। जेसीबी पर खड़े होकर किसानों ने नारेबाजी की। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा।

सोमवार को भाकियू ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईवे पर ट्रैक्टरों की शृंखला बनाकर विरोध- प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। किसान कई दिन से इसकी तैयारी कर रहे थे। सोमवार को दिन निकलने के बाद किसान प्रदेश कैंप कार्यालय पर एकत्र हुए। इसके बाद जिले के अलग-अलग गांवों से ट्रैक्टरों का रैला आया। किसानों ने ट्रैक्टर प्रदेश कैंप कार्यालय के सामने हाईवे पर दिल्ली की ओर मुंह करके खड़े कर दिए। ट्रैक्टरों के अलावा किसान जेसीबी भी लेकर पहुंचे। किसानों ने जेसीबी पर खड़े होकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसान सड़क किनारे पंडाल लगाकर धरने पर बैठ गए।

प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। लेकिन, ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। पूरे देश के किसान एक जुट हैं। चेतावनी दी कि अगर सरकार ने शीघ्र उनकी मांगें पूरी नहीं कीं तो यूपी के किसान भी दिल्ली कूच करने से पीछे नहीं हटेंगे। किसान दोपहर करीब 12:15 से शाम चार बजे तक हाईवे किनारे कब्जा जमाए रहे। उनके खाने का प्रबंध भी धरना स्थल पर ही किया गया।


स्वार में किसानों से वार्ता करते सीओ ओर कोतवाल। ● अमृत विचार

### पुलिस से वार्ता के बाद भाकियू का दिल्ली कूच स्थगित

**स्वार, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं के दिल्ली कूच के समर्थन में धरना-प्रदर्शन करने की सूचना पर पहुंचे सीओ व कोतवाल ने किसानों से वार्ता की। इसके बाद किसानों ने दिल्ली कूच न करने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया। सोमवार को किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर दिल्ली में चल रहे धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिये निकल पड़े। किसानों ने खंड विकास विभाग के कार्यालय के निकट ट्रैक्टर खड़े करके दरी बिछाकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर सीओ अरुण कुमार सिंह व कोतवाल संदीप त्यागी धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। इस पर किसानों ने दिल्ली कूच करने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया। धरना-प्रदर्शन करने वालों में जिला सलाहकार सलामत जान, जिला प्रवक्ता मनजीत सिंह अडवाल, तहसील अध्यक्ष अमीर अहमद, ब्लाक अध्यक्ष लखविंदर सिंह, जजवीर सिंह, चौधरी अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### यह लोग रहे मौजूद

धरना प्रदर्शन करने वालों में किसान नेता होरी लाल, वीरेंद्र सिंह यादव, राहत खां, मोहम्मद तालिब, हाफिज मोहम्मद अयूब, राहत खां, चौधरी राजवीर सिंह, साबिर, नल सिंह, जुबैद आलम, मजहर अली, अमृतपाल सिंह भिंडर, रविंद्र सिंह, सोमपाल लोधी, शाकिब अली, कल्लू, उदयवीर सिंह, शकील, फरजंद, मतलूब अली, मोहम्मद मुस्तकीम आदि मौजूद रहे।

### भाकियू कार्यालय पर सुबह से ही तैनात रही पुलिस

किसानों के प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद सुबह से ही पुलिस सतर्क हो गई था। सुरक्षा के लिहाज से मुख्य चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। कलेक्ट्रेट के गेट से अंदर तक चारों ओर पुलिस तैनात कर दी गई थी। इसके अलावा खुफिया विभाग भी लगातार किसान आंदोलन पर नजर बनाए हुए था। खुफिया विभाग के कर्मचारी पल-पल की जानकारी अधिकारियों को दे रहे थे।

### किसानों की प्रमुख मांग

- सभी फसलों को एमएसपी पर खरीद की गारंटी कानून बनें।
- डा.स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के हिसाब से कीमत तय हो।
- किसान-खेत मजदूरों का कर्जा माफ हो, किसान पेंशन दी जाए।
- भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 दोबारा लागू किया जाए।
- लखीमपुर खीरी कांड के दोषियों को सजा दी जाए।
- मुक्त व्यापार समझौतों पर रोक लगाई जाए।
- किसान आंदोलन में मृत किसानों के परिवारों को मुआवजा, सरकारी नौकरी मिले।
- विद्युत संशोधन विधेयक 2020 को रद किया जाए।
- मनरेगा में हर साल 200 दिन का काम और 700 रुपये प्रतिदिन मेहनताना दिया जाए।
- नकली बीज, कीटनाशक दवाइयां और खाद वाली कंपनियों पर काननू बनाया जाए।
- मिर्च, हल्दी एवं अन्य मसालों के लिए राष्ट्रीय आयोग का गठन किया जाए।
- संविधान की पांच सूची को लागू कर आदिवासियों की जमीन की लूट बंद की जाए।

### पटवाई में भी किसानों ने किया प्रदर्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के आह्वान पर सोमवार को पटवाई-शाहाबाद मार्ग पर जिला उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह ने सड़क किनारे करीब 20 से अधिक ट्रैक्टरों की लाइन लगाकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर गुरुवाज सिंह, जसदेव सिंह, पूरन सिंह, विक्रम सिंह, सुखदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली रवाना होने के लिए तैयार रहे ट्रैक्टर

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** दिल्ली में चल रहे आंदोलन की ओर रवाना होने के लिए सोमवार को किसानों के ट्रैक्टर तैयार रहे। दिल्ली में भाकियू हाईकमान का इशारा न मिलने पर किसान शाम चार बजे ट्रैक्टर लेकर वापस चले गए। इस दौरान पुलिस भी मुस्तैद रही।

26 फरवरी को किसानों का ट्रैक्टर मार्च प्रस्तावित था। इसके तहत उन्हें सड़क पर दिल्ली की ओर मुंह करके ट्रैक्टर खड़े रखने थे। ताकि हाईकमान का इशारा मिलते ही वह दिल्ली कूच कर जाएं। पुलिस से वार्ता के बाद शाहबाद-बिलारी मार्ग पर मित्तरपुर अहरौला के पास ट्रैक्टर खड़ा करने की जगह तय हो गई थी। सोमवार को सुबह दस बजे अपने ट्रैक्टर लेकर तमाम किसान वहां पहुंच गए। शाम चार बजे तक वहीं खड़े रहे और खाना भी वहीं बनाकर खाया। कोतवाल ओमकार सिंह पुलिस फोर्स के साथ सुबह से ही वहां तैनात रहे।

इस मौके पर प्रदेश सचिव दरियाब सिंह यादव, युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, जिला सलाहकार रामदास मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, जिला सचिव नावेद खान, तहसील अध्यक्ष सुंदर सिंह, कमल सिंह, भूकन सिंह, निर्मल दास आदि रहे।


बिलारी मार्ग पर ट्रैक्टर खड़े करके खाना बनाते किसान। ● अमृत विचार

## किसानों ने केंद्र व हरियाणा सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय आह्वान पर संयुक्त किसान मोर्चे ने हाईवे स्थित नवीन मंडी के सामने धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया। ट्रैक्टरों से पहुंचे किसानों की भारी संख्या देख पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। किसानों ने मोदी व खट्टर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

सोमवार को संयुक्त मोर्चा से जुड़े किसान भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल व चढूनी गुट के जिलाध्यक्ष गुरचरण सिंह सिद्धू के नेतृत्व में ट्रैक्टरों पर सवार होकर हाईवे स्थित नवीन मंडी के सामने एकत्रित हुए। इसके बाद सभी ट्रैक्टरों से हाईवे की एक साइड बंद करके तिरपाल बिछाकर धरने पर बैठ गए।

दूसरी ओर हाईवे पर ही फ्लोरा गेट के सामने तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह विर्क के नेतृत्व में करीब 100 ट्रैक्टरों पर सवार होकर किसान 'जय जवान जय किसान' के नारे लगाते हुए पहुंचे और विरोध जताने लगे। विरोध-प्रदर्शन के दौरान क्षेत्राधिकारी रवि खोकर, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह व खुफिया विभाग भी पहुंच गया। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार एक तरफ तो किसानों को अन्नदाता बोलती है और दूसरी तरफ उसी अन्नदाता पर गोली, आंसू गैस के गोले छुड़वाकर बर्बरता पर उतारू है। कहा सिंघू बॉर्डर और हरियाणा सरकार ने आंदोलनरत किसानों से बर्बता की है। इससे किसानों में भारी रोष है। कहा कि यह विरोध प्रदर्शन एसकेएम के राष्ट्रीय आह्वान पर पूरे देश में जारी है। उनकी मांग है कि हरियाणा की खट्टर सरकार का तख्ता पलट किया जाए। एमएसपी पर गारंटी, किसानों पर गोलियां चलाने वाले दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। सरकार किसानों से बातचीत करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों के यह ट्रैक्टर टैंकों का काम करेगें। जरूरत पड़ी तो दिल्ली भी जाएंगे। इस मौके पर नृपजीत सिंह, निशान सिंह, हरदीप सिंह उर्फ मंत्री मलवई, स्वर्ण सिंह, हरजिंदर सिंह, गुरबाज सिंह, सुखविंदर सिंह, हरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।


बिलासपुर में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

## पूर्व सांसद जयाप्रदा के मामले में आज होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- अब तक कोर्ट से सात बार जारी हो चुके है एनबीडब्ल्यू
- एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल है सुनवाई

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के केस दर्ज हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई होगी। अब तक कोर्ट ने सात बार उनको एनबीडब्ल्यू जारी कर दिए हैं। इसके बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही हैं।

पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थाने में आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया गया था। यह दोनों मामले इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं। इस पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। पिछले दिनों अदालत ने सख्ती करते हुए जयाप्रदा की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस निरीक्षक तैनाती के आदेश जारी किए थे। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अदालत के आदेश पर जयाप्रदा की गिरफ्तारी के लिए विशेष निरीक्षक के नेतृत्व में टीम बनाई थी। टीम कई सप्ताह से रामपुर से लेकर दिल्ली व मुंबई तक तलाश कर रही थी। लेकिन जयाप्रदा पुलिस के हाथ नहीं आ सकी हैं। इसके बाद कोर्ट ने उनके खिलाफ फिर से गैर जमानती वारंट जारी कर दिए हैं। आज इस मामले में सुनवाई होगी।

## पेयजल का रख-रखाव और उपयोगिता समझाई

**शाहबाद, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन परियोजना में चल रहे हर घर जल मिशन के तहत सोमवार को कई गांवों में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों को पेयजल के रख-रखाव और उपयोगिता के बारे में ग्रामीणों को समझाया गया।

संस्था के जिला समन्वयक ने बताया कि शेखुपुरा, मित्तरपुर, धुरियाई, छितौनी, लहटौरा, सद्दीकनगर, गलपुरा, धनौरा आदि गांवों में कार्यशाला आयोजित कर ग्रामीणों को पेयजल से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। दूषित जल से होने वाली बीमारियां गिनाई। इसके साथ ही आह्वान किया गया कि वह स्वच्छ पेयजल ही उपयोग करें। इस मौके पर डीसी अमरपाल, ट्रेनर परमेश्वरी दयाल, इंद्रपाल, भानू, पुष्पेंद्र कुमार, अमित कुमार, रेनू आदि रहे।

## बेरोजगारों को दी जाएं भूतल की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बापू मॉल की दुकानों को लेकर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की कि बापू मॉल के भूतल की दुकानें बेरोजगार युवाओं, छोटे व्यापारियों, ठेला चालकों को देकर उनकी रोजी-रोटी सुचारू रूप से चलाने के लिए तुरंत आवंटित की जाएं। इस दौरान व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन भी किया।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोमवार की दोपहर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट सौंपा। इसमें कहा कि नगर का विकास पूर्ण रूप से विकसित कराने के क्रम में बापू मॉल की 400 दुकान 10 वर्ष से बंद हैं। आज तक किसी भी दुकान का किराया नगर पालिका में जमा नहीं हो सका है। संदीप अग्रवाल सोनी के नेतृत्व में व्यापार मंडल ने मांग की कि बापू मॉल में प्रथम तल की सभी दुकान पत्रकारों को आवंटित कर दी जाएं। दुकानें एक हजार रुपये प्रति माह किराए व एक लाख रुपये पगड़ी पर लाटरी के जरिए आवंटित की जाएं। नेहरू इंटर कॉलेज व शहर के मुख्य चौराहे पर स्थित शाहबाद गेट पर भूत बंगला की नगर पालिका भूमि पर अवैध कब्जे रुकवाकर व्यापरियों को दुकान आवंटित करवाई जाएं।

इस अवसर पर राजीव शर्मा, हंसराज अरोड़ा, सरदार मंजीत सिंह सिम्पल, मेराज हुसैन, सुदेश यादव, सल्वेन्द्र विराट, अथर खान, जगमोहन मोना, अब्दुल कदीर, नजमी खान, शाहिद अली, अब्दुल वासिक, इंद्रपाल सिंह, गुलफाम, राहुल सैनी, शिबू खान, प्रवीण गुज्जर, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रट में प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

## टॉस्क फोर्स ने ट्रक चालक के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- ट्रक नहीं रोकने पर चालक के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

**अमृत विचार :** जिले में अवैध खनन का धंधा रोकने के लिए लगातार टॉस्क फोर्स द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते टीम ने ट्रक चालक को रोकने का प्रयास किया। लेकिन वह नहीं रुका। तब पीछा करके उसे रोक लिया। इसके बाद चालक के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई। टॉस्क फोर्स की कार्रवाई से अन्य ट्रक चालकों में हड़कंप मचा है।

जिले में धड़ल्ले से अवैध खनन का धंधा हो रहा था। इसकी शिकायतें लगातार जिलाधिकारी तक पहुंच रही थीं। कई बार ग्रामीण ज्ञापन देकर समस्या से अवगत करा चुके हैं।

इसके बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने टॉस्क फोर्स को सभी तहसीलों में तैनात कर दिया था। तभी से लगातार चेकिंग चल रही है। टीम द्वारा चेकिंग के दौरान चालक गुलफाम निवासी रसूलपुर फरीदपुर थाना स्वार को अपने ट्रक को रोकने के लिए कहा गया। लेकिन उसने चेक पोस्ट पर ट्रक नहीं रोका।

नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी ने सरकारी वाहन से अवैध खनन ले जा रहे ट्रक का पीछा करके चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। इसी प्रकार ग्राम खैर खाता मुरादाबाद के कयूब पुत्र नबी हुसैन, ग्राम छतरिया जागीर निवासी रिजबुल पुत्र लताफत के विरुद्ध भी अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग करने पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

**तैयारी** 25 की जगह 63 केवीए के लगेंगे 342 ट्रांसफार्मर, गर्मी में बिजली की अधिक मांग को लेकर किए इंतजाम


## ओवरलोडिंग की समस्या दूर करने को लगेंगे 406 ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने पर ओवरलोड की समस्या बढ़ जाती है। इसी के चलते विद्युत उपकेंद्र की लाइनों व ट्रांसफार्मरों पर फाल्ट बढ़ जाते हैं। बड़ी संख्या में ट्रांसफार्मर फुंक भी जाते हैं। विद्युत निगम ने इस समस्या को दूर करने के लिए प्रबंधक करने शुरू कर दिए हैं।

गर्मी के मौसम में हर साल ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाती है। ताकि भार बढ़ने के बावजूद दिक्कत का सामना न करना पड़े। इसी के चलते गर्मी आने से पहले ही विद्युत उपकेंद्रों पर ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ने की स्थिति को देखते हुए क्षमता वृद्धि की तैयारी की गई है। ताकि फाल्ट नियंत्रित करने के साथ ही ट्रांसफार्मरों को भी खराब होने से बचाया जा सके। ट्रांसफार्मर खराब होने से निगम को काफी नुकसान होता है।

निगम ने इस बार जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में 406 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कराने का निर्णय लिया है। तहसील वार इनकी सूची बनवाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जा चुकी है। कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों के स्थान पर बढ़ी हुई क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने का काम किया जाएगा। इनमें 342 ट्रांसफार्मर 25 केवीए की जगह 63 केवीए और 64 ट्रांसफार्मर 63 केवीए से 100 केवीए क्षमता के होंगे। हालांकि अभी काम शुरू होने में समय लगेगा। लेकिन आदेश मिलने पर तैयारी आरंभ कर दी गई है। यह स्वार-टांडा, बिलासपुर, मिलक और शाहबाद, मसवासी समेत आसपास क्षेत्रों में लगाए जाएंगे।


वर्कशॉप में रखे ट्रांसफार्मर।

### शहर में नहीं थम रही बिजली चोरी

बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए निगम की ओर से लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी चोरी नहीं रुक पा रही हैं। शहर में 50 प्रतिशत लाइनलॉस है। स्वार-टांडा और बिलासपुर में 40 प्रतिशत लाइनलॉस है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार चोरी पर रोक लगाने के लिए जल्द ही स्मार्ट मीटर लगेंगे। उच्च अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली चोरी पर काफी हद तक रोक लग सकेगी।

> 406 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करने के आदेश मिले हैं। इसकी तैयारी की जा रही है। गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ही क्षमता बढ़ाने का कार्य शुरू हो जाएगा। इससे ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी और सुचारु रूप से आपूर्ति मिल सकेगी।
>
> -राजेश कुमार, एसडीओ वर्कशाप

## 15 लाख के बकाएदार की कुर्क होगी सम्पत्ति

**शाहबाद, अमृत विचार:** पंद्रह लाख रुपये के बकाएदार की संपत्ति कुर्क होगी। खेती की जमीन कुर्क करने के लिए राजस्व विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए नोटिस भी जारी कर दिया गया है।

प्रशासन बड़े बकाएदारों पर सख्त है। रोजाना बकाएदार उठाए जा रहे हैं। नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित ने बताया कि महूनागर गांव निवासी गजराम सिंह पर बैंक करीब 15 लाख रुपए की देनदारी है। तमाम तकादों के बाद भी बकाया जमा नहीं कर रहा है।

कई बार टीम उसके घर जा चुकी, लेकिन वह टीम के हाथ नहीं आ रहा है। लिहाजा, उसकी संपत्ति कुर्क करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उसकी खेती की जमीन कुर्क की जाएगी। इसके लिए विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## नाला चौड़ा कराने को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पानी की निकासी कराने को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** माला रोड स्थित सैनी नगर के नाले की चौड़ाई बढ़ाने को लेकर मोहल्लेवासियों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद समस्या का समाधान कराने को लेकर प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें उनका कहना है कि बरसात में पानी की निकासी नहीं होने पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

सोमवार को श्री कृष्ण वाहिनी के जिला महासचिव विष्णु सैनी के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी, मोहल्लेवासी एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा कि सैनी नगर में एक बस्ती में रहने वाले मेहनत, मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं।

बस्ती में एक पुलिया है, जिससे घरों के पानी की निकासी होती है। मौजूदा समय में पुलिया क्षतिग्रस्त है। इसमें कूड़ा-कचरा फंस जाता है। बरसात के समय घरों में जलभराव हो जाता है। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों को समस्या को ध्यान में रखते हुए समाधान कराया जाए। प्रदर्शन करने वालों में संजय सैनी, सोहन लाल, चरन सिंह, मेवाराम, विद्या देवी, पप्पी सैनी, टीकाराम, किशनलाल, सुमित सैनी, प्यारे लाल, किशन, प्रवेश सैनी, राजू सैनी, फूलवती, गणेशा, महेशवती, कमला वती और मुन्ने लाल आदि शामिल रहे।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते श्री कृष्ण वाहिनी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### किशोरी के अपहरण में दो के खिलाफ रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करके ले जाने के मामले में पुलिस ने दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मिलकखानम थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण का कहना है कि चार दिन पहले उसकी बेटी किसी काम से घर से निकली थी। उसके बाद वह लौटकर नहीं आई। परिजनों ने तलाश किया तो पता चला कि गुड्डू और अजय उसे बाइक पर बैठाकर ले गए हैं। यह सुनकर उनके होश उड़ गए। परिजनों ने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### हामिद अल्वी को किया बहाल

**रामपुर, अमृत विचार :** अपना दल एस के कार्यकर्ता हामिद अल्वी को जिलाध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह सिन्धू की संस्तुति पर बहाल कर दिया गया है। पिछले दिनों उन पर आरोप लगे थे। जिलाध्यक्ष की सहमति पर अनुशासन समिति ने गोपनीय जांच की थी। इसमें कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला था। अनुशासन समिति की रिपोर्ट के आधार पर उनकी सदस्यता बहाल कर दी गई है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सदस्यता बहाल कर दी गई है। आशा की है कि वह पार्टी के हित में कार्य करेंगे।

# जा चुकी ठंड मौसम सुहाना हुआ, कोकिला ...

## आध्यात्मिक साहित्यिक संस्था काव्यधारा की ओर से हुआ कवि सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कवि सम्मेलन के दौरान सम्मानित हुए कवि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आध्यात्मिक साहित्यिक संस्था काव्यधारा की ओर से आनंद कान्वेंट स्कूल ज्वाला नगर में कवि सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि डा. प्रेमवती उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि डॉ. मनोज रस्तोगी, संस्थापक योगेंद्र वर्मा और संरक्षक सुरेश अधीर ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद पुष्पा जोशी प्राकाम्य ने सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन का श्रीगणेश किया गया।

संचालन कर रहे राम किशोर वर्मा के आवाज देने पर डॉ. मनोज रस्तोगी ने व्यंग्य कसा-गोलों के बीच, तोपों के बीच/ दब गई आवाज, चीखों के बीच। इसके बाद डॉ. प्रेमवती उपाध्याय ने प्रेरक रचना प्रस्तुत की। वट जैसे विनयी बनें, त्याग सभी अभिमान। कवि सम्मेलन में रचनाकारों ने भक्ति, श्रृंगार रस, हास्य-व्यंग्य और सम-सामयिक सस्वर रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं की वाह-वाही लूटी।

योगेंद्र वर्मा व्योम ने कहा- यह विकास का श्राप है या फिर यह वरदान, मोबाइल ने छीन ली चिट्ठी की पहचान। सुरेश अधीर ने कहा- ठेल रहा है नाव को बिन पतवार अधीर, डूबे या मंजिल मिले यह जाने रघुवीर। जितेंद्र कमल आनंद ने एकता पर बल देते हुए कहा कि- एकता के लिये अग्रसर हो गए, खुशबु को लिये खिल गया जब कमल। राम किशोर वर्मा ने हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित करने पर जोर देते हुए कहा- हिंदी बने राष्ट्र की भाषा, हम सबकी अभिलाषा है, टाल-मटोल बहुत हो चुकी अब निर्णय की आशा है।

शायर डॉ. अशफाक जैदी ने तरन्नुम में गजल पेश की-मेरे चराग से जिसका चराग जलता है, यह सुनके मेरे मुखालिफ का दम निकलता है। पुष्पा जोशी प्राकाम्य ने कहा कि- कल्लोलिनी कल्लोल करती, छलछलाती आ रही, शुभ वसना झिलमिलाती लोक को हर्षा रही। राम रतन यादव ने कहा- जा चुकी ठंड मौसम सुहाना हुआ, कोकिला का मधुर गीत गाना हुआ। डॉ. प्रीति अग्रवाल ने कहा- नारी अब अबला नहीं नहीं रही नादान, जग में आज बना रही यह अपनी पहचान। बरेली के अभिषेक अग्निहोत्री ने कहा कि अभी सांसों की डोरी का सहारा है जिओ जी भर के, ये डोरी टूट जाने पर कोई मोहलत नहीं होगी। राजीव प्रखर ने कहा कि मन की आंखें खोलकर देख सके तो देख, कोई है जो रच रहा कर्मों के अभिलेख। अध्यक्ष जितेंद्र कमल आनंद की काव्यधारा के स्तम्भ (काव्य संग्रह) का लोकार्पण डॉ. मनोज रस्तोगी (मुरादाबाद) एवं मंचासीन अतिथियों ने किया।

### इन कवियों ने प्रस्तुत कीं अपनी रचनाएं

अनमोल रागिनी, राजवीर सिंह राज, जसवंत कौर जस्सी, सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी, शिव कुमार शर्मा चंदन, बलवीर सिंह, सोहन लाल भारती, रवि प्रकाश, संस्था के संरक्षक पीयूष प्रकाश सक्सेना, आशा सक्सेना आदि।

### सभी को किया गया सम्मानित

संस्था द्वारा हिंदी की उत्कृष्ट साहित्यिक सेवाओं के लिए डॉ. प्रेमवती उपाध्याय, डॉ. मनोज रस्तोगी, योगेन्द्र वर्मा व्योम, पुष्पा जोशी प्राकाम्य और बरेली के अभिषेक अग्निहोत्री को सम्मान पत्र, प्रतीक चिह्न व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



लोगों को खिचड़ी बांटते विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# कलेक्ट्रेट पर विश्व हिंदू महासंघ ने बांटी खिचड़ी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट चौराहे पर विश्व हिन्दू महासंघ की ओर से खिचड़ी वितरण किया गया। इसमें भारी संख्या में लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।

सोमवार को रविदास जयंती के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू महासंघ ने कलेक्ट्रेट चौराहे पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सक्सेना ने कार्यक्रम का आरंभ किया। महासंघ के पश्चिमी उत्तर प्रदेश हस्तिनापुर संभाग प्रभारी संजय गुप्ता ने कहा कि संगठन की ओर से समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम किए जाते हैं। विशिष्ठ अतिथि प्रदीप शर्मा मंडल प्रभारी मुरादाबाद के अलावा गेंदन लाल सैनी जिलाध्यक्ष, विपिन कुमार सिंह लोधी, जिला महामंत्री, विरेन्द्र, रामबिहारी सिंह कोषाध्यक्ष, जय वीर सिंह सैनी जिलाध्यक्ष गोरक्षा प्रकोष्ठ, बाबा रामदास जिलाध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ, मुरारी लाल सैनी जिला उपाध्यक्ष गोरक्षा, कपिल शर्मा जिला मंत्री, लोकेश पांडे जिला सह प्रभारी, हरीश कुमार चमरौआ अध्यक्ष, विकास गुप्ता नगर महामंत्री, हैप्पी सिंह, तहसील अध्यक्ष सम्राट पदम सिंह लोधी, विजेन्द्र कश्यप, लक्ष्मी शर्मा, मीना सैनी, दीपा सैनी सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# 10वीं की परीक्षा में 8 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



अंग्रेजी की परीक्षा देते 10वीं के परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सीबीएसई 10वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा सोमवार को 13 केंद्रों पर हुई। जिले में 3570 विद्यार्थियों में से 3552 ने परीक्षा दी। इसमें 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों की आंतरिक सचल ने सघन तलाशी ली। सभी केंद्रों पर परीक्षा विधिवत शांतिपूर्ण हुई। परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र को सरल बताया।

सोमवार को 10वीं की अंग्रेजी की परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थी निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व सुबह 10 बजे प्रवेश कर गए। परीक्षा सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक हुई। परीक्षा केंद्रों पर सीसी टीवी कैमरों समेत आंतरिक सचल दल सक्रिय रहे। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करते समय परीक्षार्थियों की तलाशी के दौरान मोबाइल फोन केंद्र के बाहर ही जमा कर लिए गये। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुई। परीक्षार्थियों ने बताया कि अंग्रेजी का प्रश्नपत्र बेहद आसान रहा। पेपर में वही प्रश्न आए जो पढ़ाया गया था।

**सीबीएसई परीक्षा**

- **जिले भर में 3552 परीक्षार्थियों ने दी अंग्रेजी की परीक्षा**
- **13 केंद्रों पर आंतरिक सचल दल व सीसीटीवी कैमरे करते रहे निगरानी**

> सभी केंद्रों पर आंतरिक सुरक्षा दल की निगरानी रही। सभी केंद्रों को सख्त निर्देश दिए गये हैं कि नकल करते पकड़े जाने पर किसी दशा में नकलची को छोड़ा नहीं जाएगा। इसलिए सभी व्यवस्थापक अपने केंद्रों पर नकल रोकने के लिए परीक्षार्थियों की तलाशी और निगरानी को विशेष महत्व दें। -नीरज तिवारी, सिटी कोआर्डिनेटर सीबीएसई

# छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन देना सराहनीय कदम : उमैर

संवाददाता, स्वार



छात्रा को स्मार्ट फोन देते उमैर अंसारी।

**अमृत विचार :** स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत विधायक के पुत्र उमैर अंसारी ने 146 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया। स्मार्ट फोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

सोमवार को क्षेत्र के गांव लखीमपुर स्थित सुभाष स्मारक डिग्री कालेज में स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी के पुत्र मुख्य अतिथि उमैर अंसारी ने 146 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया। कहा कि छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन देना सरकार का सराहनीय कदम है। क्योंकि हर परिवार बच्चों को स्मार्ट फोन नहीं दिला सकता। आज के समय में छात्र-छात्राओं के लिए स्मार्टफोन बेहद जरूरी है। छात्र-छात्राएं इसके जरिए स्मार्ट क्लास एवं अपनी पढ़ाई से संबंधित डाटा गूगल से अपलोड कर सकेंगे। सरकार ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन देकर टेक्नोलॉजी की दुनिया में प्रवेश कराने का प्रयास किया है।

इस मौके पर प्राचार्य वेद प्रकाश, प्रधानाध्यापक विजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, डीके, मीनू कुमारी, विजय कुमार, ममता रानी, अली हसन, शाहनवाज खान, इल्यास, दिनेश, देवांशु, इदरीस खां आदि मौजूद रहे।

# संवादहीनता से बच्चों पर बढ़ता है पढ़ाई का बोझ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कार्यक्रम में शामिल बच्चों को संबोधित करते मुनीश चंद्र शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जैन इंटर कॉलेज के राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि हमें अपने बड़ों के साथ कुछ समय अवश्य बिताना चाहिए। उनसे संवाद करें और उनके संपर्क में रहें। उनसे जीवन का अनुभव मिलता है। यही अनुभव हमारे जीवन की दिशा और दशा तय करता है। बच्चों में तनाव चिड़चिड़ापन और पढ़ाई के प्रति अरुचि दिखायी देती है। उसका मुख्य कारण पढ़ाई का बोझ और संवादहीनता है।

श्री हरि सरस्वती शिशु मंदिर सिविल लाइंस के आध्यात्मिक सत्र का आरंभ मुनीश चंद्र शर्मा और उमेश कुमार ने दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को कहानी के माध्यम से संवाद का महत्व बताया। कहा कि आपसी संवाद से बड़ी से बड़ी समस्याएं हल हो जाती हैं। माता-पिता से कभी कोई बात छिपानी नहीं चाहिए। उनसे जीवन के हर पहलू पर बात करनी चाहिए। मन की एकाग्रता के लिए प्रातःकाल भगवान की पूजा करनी चाहिए। इससे दिन भर मन सकारात्मक रहता है। कार्य को कुशलता से करने की शक्ति मिलती है।

प्रधानाचार्य उमेश कुमार ने छात्रों को व्यवस्थित दिनचर्या और संतुलित आहार का महत्व बताया। इस अवसर पर छात्रों ने सरस्वती वंदना, गीत, गायत्री मंत्र और शांति पाठ आदि किया। इसमें सभी आचार्यों तथा छात्रों ने प्रतिभाग किया।

- **हमारे जीवन की दिशा और दशा को तय करता है बड़ों से बतियाना**

# छह से आठ मार्च तक लगाया जाएगा किसान मेला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण मैदान में किया जाएगा मेले का आयोजन**

**अमृत विचार :** कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत एग्रोक्लाइमेटिक जोन स्तरीय तीन दिवसीय विराट किसान मेले का आयोजन राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण मैदान में किया जाएगा। किसान मेला छह से आठ मार्च तक चलेगा।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि मेले में जनपद के अलावा सहारनपुर, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच एवं श्रावस्ती से प्रगतिशील कृषक, कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, सहकारिता, एग्रो, सिंचाई, लघु सिंचाई, विद्युत आदि विभागों के अधिकारी, बैंकर्स, एनजीओ, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रतिभाग करेंगे। मेले में कृषि विश्वविद्यालय एवं विभिन्न विभागों, निजी क्षेत्र के कृषि निवेश कम्पनियों द्वारा प्रदर्शनी व स्टाल लगाए जाएंगे।

उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित तिथि को अपने विभाग से सम्बन्धित स्टाल और प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। कहा कि इसके लिए समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर लें। बताया कि किसान मेले में अधिकारी विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में किसानों को विस्तार से जानकारी देंगे। इसके अलावा किसानों की समस्याओं का समाधान भी करायेंगे।

## एक साथ निकली मां बेटे की अर्थी, कोहराम

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मां-बेटे का पोस्टमार्टम होने के बाद दोनों के शव घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। घर के आस पास लोगों का तांता लग गया। बाद में दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बरेली जनपद के थाना मीरगंज के हुरहरी गांव निवासी पवन श्रीवास्तव पत्नी रोशनी और एक साल के बेटे के साथ रविवार को उत्तराखंड की तरफ जा रहे थे। केमरी रोड पर नगरिया कलां गांव के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती व उनका बेटा गंभीर घायल हो गए थे। तीनों घायलों को उत्तराखंड के निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान महिला व बच्चे की मौत हो गई। पवन श्रीवास्तव का इलाज चल रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये थे। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचे तो कोहराम मच गया।

# सोलर पंप के लिए 28 तक पंजीकरण कराएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **पंजीकरण के लिए जमा करनी होगी धनराशि**
- **मोबाइल पर सूचना मिलने पर 15 दिन में करनी होगी जमा टोकन धनराशि**

**अमृत विचार :** फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को अनुदान पर सोलर पंप का लाभ दिया जा रहा है। इसके लिए लक्ष्य से अधिक आवेदन की अग्रिम धनराशि जमा की जाएगी। सोलर पंप का लाभ पाने के लिए किसान 28 फरवरी से संबंधित वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण कराने के समय 5000 रुपये टोकन राशि जमा करनी होगी। निर्धारित समय में रुपये जमा न करने पर राशि जब्त हो जाएगी। इतना ही नहीं प्रतीक्षा सूची में पड़े अन्य किसान के नाम सोलर पंप का आवंटन हो जाएगा।

वित्तीय सत्र 2024-25 में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना के तहत किसानों को सोलर पंप अनुदान पर दिया जा रहा है। इसके लिए पहले आओ-पहले पाओ की नीति अपनाई जाएगी। योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों का विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण होना जरूरी है। किसान जनसुविधा केंद्र अथवा अपने मोबाइल से भी पंजीकरण कर सकते हैं। विभागीय वेबसाइट पर बुकिंग के लिए लिंक पर क्लिक करें। कृषकों की बुकिंग जिला के लक्ष्य की सीमा से 110 प्रतिशत तक पहले आओ-पहले पाओ के सिद्धांत पर की जाएगी। किसानों को ऑनलाइन बुकिंग के साथ ही 5000 रुपये टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। टोकन कन्फर्म होने पर किसान के फोन पर संदेश आएगा।

टोकन कन्फर्म होने के 14 दिन के अंदर किसान को अवशेष कृषक अंश की धनराशि का ऑनलाइन टोकन जनरेट कराना होगा। अन्यथा किसान का चयन स्वतः निरस्त हो जाएगा और टोकन राशि भी जब्त कर ली जाएगी। चयनित किसान को कृषि अवशेष अंश की धनराशि इंडियन बैंक में चालान के माध्यम से जमा करनी होगी। चालान को फिर से अपलोड कर दिया जाएगा। इसके बाद कंपनी उनके सोलर पंप को उनके दिए गए स्थान पर स्थापित कर देगी।



> जिस किसान को सोलर पंप का लाभ लेना है, वह विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण करा लें। इस बार एडवांस बुकिंग की जा रही है। हालांकि अभी लक्ष्य सुनिश्चित नहीं हुआ है। टोकन मनी 15 दिन के अंदर बैंक में जमा करनी होगी। यह राशि निर्धारित समय पर जमा न करने पर सूची में वेटिंग किसान का नाम चयनित हो जाता है। -शैलेंद्र कुमार, जिला उप कृषि निदेशक

# जिला अस्पताल में बढ़ी बुखार और निमोनिया के रोगियों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही सेहत को पहुंचा सकती है नुकसान**
- **पहनावे और खानपान पर विशेष ध्यान रखें लोग**

**अमृत विचार :** बदलते मौसम में वायरल फीवर, खांसी और निमोनिया का प्रकोप बढ़ रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों में करीब 80 प्रतिशत लोग इन्हीं बीमारियों का इलाज कराने पहुंच रहे हैं। हालांकि चिकित्सक इलाज करने के साथ सलाह भी दे रहे हैं।

मौसम का मिजाज बदलने से बीमारियों ने भी पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही करने पर बीमारियां लोगों को जकड़ रही हैं। इनमें वायरल फीवर, खांसी और निमोनिया का प्रकोप ज्यादा है। हर घर में कोई न कोई इनकी चपेट में हैं। एक दिन के अवकाश के बाद जिला अस्पताल में सोमवार को 1069 रोगियों की ओपीडी हुई। बाल रोग विशेषज्ञ डा. पल्लव सिंघल ने बताया कि दो से पांच वर्ष तक के बच्चे डायरिया से ग्रसित मिले। परिजनों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

जनरल फिजिशियन डा. डीके वर्मा ने बताया कि मौसम का मिजाज बदलने से तरह-तरह की बीमारियों ने लोगों को चपेट में लेना शुरू कर दिया है। इस मौसम में लोग खान-पान और पहनावे पर विशेष ध्यान रखें। जंक फूड के इस्तेमाल से परहेज करें। डायरिया के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं।

**अमृत भारत योजना** वेटिंग रूम, अच्छे कैफेटेरिया और रिटेल सुविधाएं की जा रही हैं विकसित

# रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा आधुनिक : सांसद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



ग्राम ताल महावर में अंडरपास का उद्घाटन करते सांसद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन को आधुनिक बनाया जा रहा है। योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों के लिए मास्टर प्लान तैयार कर सुविधाओं को बढ़ाना है। इनमें वेटिंग रूम, अच्छे कैफेटेरिया और रिटेल सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। प्लेटफॉर्म का विकास भी किया जा रहा है। चौड़ी सड़कें, साइनेज, पैदल मार्ग, पार्किंग एरिया और प्रकाश व्यवस्था विकसित की जाएगी।

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का उद्घाटन किया। सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने भी प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से विकासखंड बिलासपुर के ग्राम ताल महावर में रेलवे अंडर ब्रिज (आरयूबी) का शिलान्यास किया। सांसद ने कहा कि भारतीय रेल से रोजाना दो करोड़ और सालाना 800 करोड़ यात्री सफर करते हैं। रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) और अंडरपास से रेलवे क्रॉसिंग पर भीड़ को कम करने में मदद मिलती है। यातायात सुचारू हो जाता है। प्रधानमंत्री ने संदेश दिया कि इस परियोजनाओं से देश के लाखों नौजवानों को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे। रेलवे का कायाकल्प उनके बहुत काम आएगा। विकसित भारत युवाओं के सपनों का भारत है। देश के हजारों विद्यार्थियों ने अलग-अलग माध्यम से विकसित भारत के रेलवे का सपना सामने रखा। इनमें से अनेक युवा साथियों को पुरस्कार भी मिले हैं। देश के हर नौजवान का सपना साकार करना ही प्रधानमंत्री का संकल्प है।

### यह लोग रहे मौजूद

जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, बिलासपुर नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लॉक प्रमुख बिलासपुर कुलवंत औलख, अशोक विश्नोई, अर्जुन रस्तोगी, सतनाम सिंह, चेतन पार्वती, अर्जित सक्सेना आदि।

## चाइनीज मांझे पर रोक लगाए प्रशासन

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर में लोग चाइनीज मांझे से धड़ल्ले से पतंगबाजी रहे हैं। यह मांझा लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। नगर पालिकाध्यक्ष के पति मामून शाह खां ने प्रशासन से मांझे पर रोक लगाने की मांग की है। कहा कि चाइनीज मांझे से लोग घायल हो रहे हैं। कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। लेकिन इस पर पूरी तरह प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। रविवार को भी बाइक सवार महिला चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो गई थी।

### पुलिस ने तमंचे के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाहबाद, अमृत विचार:** पुलिस ने गश्त के दौरान शक होने पर एक युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा और कारतूस मिले। पकड़ा गया श्यामलाल पुत्र परशुराम निवासी ग्राम गोरा हेमराजपुर थाना मीरगंज जिला बरेली का रहने वाला है। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई कर दी है।

# मिलक में भी बनाया जाए स्वनिधि गलियारा

संवाददाता, मिलक



तहसीलदार राकेश कुमार को ज्ञापन देते आदेश शंखधार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि नगर के बीचों-बीच साप्ताहिक बाजार है। यह कई दशकों से लगाया जा रहा है। उन्होंने रामपुर शहर की तर्ज पर मिलक में भी स्वनिधि गलियारा बनाए जाने की मांग की है।

किसानों की पंचायत सोमवार को साप्ताहिक बाजार मिलक में हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाजार में बड़ी संख्या में सब्जी उगाने वाले किसानों के साथ दुकानदार भी आते हैं। उन सभी को बाजार का बड़ा लाभ मिलता है। बाजार का ठेका प्रतिवर्ष नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा 32 लाख रुपए से अधिक का दिया जाता है। सभी दुकानदारों की मांग है कि बाजार में दुकान लगाने वालों का पंजीकरण कराकर पहचान पत्र जारी किए जाएं। ठेकेदार द्वारा वसूल की जा रही धनराशि की रसीद प्रत्येक दुकानदार को मिलनी चाहिए। बाजार में प्याऊ लगाया जाए एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि गलियारा बनाया जाए। इन मांगों के संबंध में ज्ञापन उपजिलाधिकारी मिलक के नाम संबोधित तहसीलदार राकेश कुमार को सौंपा।

बैठक में दिनेश मौर्य, देवेन्द्र चंद्रा, मुकेश रस्तोगी, तिलकराज चंद्रा, टीटू गुप्ता, शिवहरि, राम भरोसे, यशपाल मौर्य, शफीक, नसीम, फरीद, भोगराज, राम सरन, नन्हें, रिंकू, राजेन्द्र, भगवान दास, आदिल, महेन्द्र, सोनू आदि मौजूद रहे।

- **दुकानदारों का पंजीकरण कराकर जारी किया जाए पहचान पत्र**

## एक नजर

### किसानों ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** किसान यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इसमें स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश लागू करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने, किसानों का कर्ज माफ करने की मांग की गई। कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियां किसानों के साथ छल कर रही हैं। सरकारों की गलत नीतियों की वजह से किसान दिन प्रतिदिन कर्जदार होता जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में शाकिर अली अल्वी, हसीन अहमद, अजय कुमार, अय्यूब उस्मानी, शशि श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

### बिजली चोरी में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए सोमवार को विद्युत निगम की टीम ने चेकिंग की। पहाड़ी गेट क्षेत्र के मोहल्ला तालाब मुल्ला ऐरम में दो, रजा इंटर कालेज के मोहल्ला नालापार में चार घरों से अतिरिक्त केबिल के जरिए चोरी की जा रही थी। सभी के खिलाफ बिजली चोरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसडीओ विनय कुमार ने बताया कि चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए चेकिंग कराई गई। छह घरों में चोरी मिली। बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# पूरी रात इबादत कर मांगी दुआएं, गुनाहों से की तौबा

## जामा मस्जिद में आयोजित जलसे में उलेमा ने बयां की शब-ए-बरात की फजीलत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शब-ए-बरात के अवसर पर लोगों ने पूरी रात इबादत कर दुआएं मांगी और अपने गुनाहों से तौबा की। मस्जिदों में ईशा की नमाज के बाद पूरी रात इबादत हुई। मस्जिदों को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया। मस्जिदों में हुई तकरीर में उलेमा ने शब-ए-बरात की फजीलत बयान की। कहा कि यह उन रातों में से एक रात होती है, जिसमें अल्लाह अपने बंदों की दुआ अवश्य सुनता है। इस रात मांगी गई बंदे की दुआ कुबूल होती है।

शब-ए-बरात में शहर की अधिकतर मस्जिदों को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। जामा मस्जिद में ईशा की नमाज के बाद इमाम मौलवी नासिर खां ने शब-ए- बरात की फजीलत बयान करते हुए कहा कि यह रात काफी अफजल है। इसमें सच्चे दिल से मांगी गई माफी अल्लाह कबूल कर लेता है। इस रात में कलमा, दुरूद शरीफ, कुरआन मजीद पढ़ें। कहा कि शाबान माह की 15वीं की रात में खुदा आसमान और दुनिया के बीच आकर कहता है कि कोई बंदा जो अपनी मुश्किलों से निजात मांगता है, मैं उसको निजात दूं। शाबान का महीना रहमतों और बरकतों का महीना है। आखिर में मुल्क में अमन-शांति के लिए दुआ कराई गई। जलसे में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल वहाब उर्फ फैजान खां, मौलाना मोहम्मद रेहान खां, मौलवी मोहम्मद नासिर खां, नायब इमाम मौलवी हसीब साहब, सेक्रेट्री मुकर्रम रजा खां इनायती, सदर सैयद शुऐब मियां आदि मौजूद रहे।


जलसे में बोलते जामा मस्जिद के इमाम मौलवी नासिर खां। ● अमृत विचार

### अल जामिया तुल इस्लामिया मदरसा में दस्तारबंदी 28 को

सोमवार को पुराना गंज स्थित मरकजी दरसगाहे अहले सुन्नत अल जामिया तुल इस्लामिया मदरसे में बैठक हुई। इसमें काजी ए शरआ मुफ्ती सैयद फैजान रजा हसनी नूरी इरशादी ने बताया कि 28 फरवरी को मदरसे में 42वां अजीमुश्शान वार्षिक दस्तारबंदी जलसा होगा। इसमें 63 तलाबा की दस्तारबंदी होगी। इसमें उलेमाए किराम, मशाइख और अरबाब शामिल होंगे। जामिया से फारिग होने वाले तलाबा को दस्तार और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।


स्वार में जलसे को खिताब करते मौलाना इमरान रजा। ● अमृत विचार

### दीन के रास्ते पर चलें मुसलमान : इमरान

**स्वार, अमृत विचार :** मदनी मरकज मस्जिद फैजान ए मौला अली में शबे बरात के मौके पर जलसा हुआ। इसमें मौलाना इमरान रजा अत्तारी ने मुसलमानों को सच्चाई के रास्ते पर चलने की हिदायत दी। रविवार की रात मदनी मरकज मस्जिद फैजान ए मौला अली के इमाम व खतीब इमरान रजा अत्तारी ने नमाज ए ईशा के बाद जलसे को खिताब करते हुए कहा कि शबे बरात में अल्लाह पाक आसमान ए दुनिया पर खास तजल्ली फरमाता है। बेशुमार लोगों को जहन्नुम से आजाद फरमाता है। लेकिन शराब का सेवन करने वाले, मां-बाप के न फरमान, चुगलखोर इस रात भी नहीं बख्शे जाते हैं। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि वह हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम के बताए रास्ते पर चलें। कमजोर की मदद करें और किसी के साथ जुल्म न करें वर्ना अल्लाह पाक नाराज होगा। आखीर में कौम व मुल्क की तरक्की के लिए दुआ की गई। रविवार की देर रात तक मुसलमान इबादत में मशगूल रहे। इस मौके शफीक अहमद (मुअज्जिन), मास्टर तुफैल अहमद, आले हसन अंसारी, उमैर अंसारी, तौफीक अत्तारी, इस्लाम राना, हारून मलिक, उस्मान हसन, हाजी नईम बाबू, डाक्टर दिलशाद, आदिल अंसारी, छोटे मुल्लाजी, नन्हें अंसारी, रईस अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।


टांडा में जलसे को खिताब फरमाते मौलाना। ● अमृत विचार

## शबे बरात है गुनाहों की माफी मांगने वाली रात : मोहसिन

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** शबे बरात के अवसर पर मुसलमानों ने अल्लाह की इबादत कर अपने गुनाहों की माफी मांगी। मस्जिदों में जलसों का आयोजन हुआ। इससे पहले लोग कब्रिस्तान गए और अपने रिश्तेदारों की कब्रों पर फूल चढ़ाए।

रविवार की देर रात तक जामा मस्जिद में जलसे का आयोजन किया गया। इसका आगाज कारी हुजैफा की तिलावत ए कलाम पाक और कारी मोहम्मद तौसीफ की नात-ए-पाक से हुआ। जलसे को खिताब करते हुए मेहमान-ए-खुसूसी मौलाना मोहम्मद मोहसिन गुजराती ने इस रात की अहमियत बयान करते हुए कहा कि अहले ईमान के लिए शबे बरात रहमत, बरकत, नेमत, मगफिरत और इबादत वाली रात है। इस रात अल्लाह पाक सातवें आसमान से आसमाने दुनिया पर आकर आवाज देता है कि है कोई मगफिरत का चाहने वाला, जिसकी मगफिरत कर दी जाए। है कोई परेशानियों का सताया हुआ कि उसकी परेशानी दूर कर दी जाए, है कोई ऐसा बीमार कि उसको शिफा अता कर दी जाए।

मौलाना ने चारों आलम के बारे में तफसील से जानकारी दी। कहा कि यह रात गुनाहों की माफी मांगने की रात है। मेहमाने खुसूसी की दुआ पर जलसा खत्म हुआ। संचालन हाफिज शकील कुरैशी ने किया।

इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना जलीस अहमद कासमी आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने साठा धान की खेती पर लगाया प्रतिबंध

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने ग्रीष्म कालीन धान साठा की खेती प्रतिबंधित कर दी है। साठा धान की खेती पूरी तरह भूमिगत जल पर आधारित रहती है। अत्याधिक दोहन से भूमिगत जल का स्तर निरन्तर नीचे जा रहा है। इसके चलते भविष्य में जल संकट उत्पन्न हो सकता है।

जिला कृषि अधिकारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि साठा धान की खेती करने से पूर्व खेत में पानी भरकर पडलिंग की जाती है। इससे मिट्टी की सतह कठोर हो जाती है। इसके बाद बारिश का पानी जमीन के अन्दर नहीं जा पाता है। वैज्ञानिक शोध में पाया गया है कि एक किलोग्राम चावल उत्पादन में लगभग 4800 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों द्वारा साठा धान की नर्सरी डालने की सूचना मिली थी। जिला प्रशासन द्वारा इन्हें शीघ्र ही नष्ट करा दिया जाएगा।

# लॉटरी से 990 छात्रों को स्कूल किए आवंटित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत 2024-25 के प्रथम चरण की लॉटरी डायट प्राचार्य नीलाम रानी टम्टा ने निकाली। इस दौरान 990 छात्र-छात्राओं को लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटित किए गए।

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण की लॉटरी डायट प्राचार्या और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार द्वारा निकाली गई। इसके अलावा मजहरूल इस्लाम (नोडल आरटीई) खंड शिक्षा आधिकारी बिलासपुर, रफत अली खान जिला समन्वयक (एमआईएस), सुनील कुमार श्रीवास्तव जिला समन्वयक (सामुदायिक सहभागिता), सक्षम सिन्हा कनिष्ठ सहायक, फैजल मसूद वरिष्ठ सहायक के द्वारा निकाली गई। प्रथम चरण में 1871 आवेदन के सापेक्ष 1124 आवेदन विद्यालय आवंटन के लिए पात्र पाए गए। जिसमें से 990 छात्र-छात्राओं को लॉटरी के माध्यम से स्कूलों का आवंटन किया गया। शेष 134 छात्र-छात्राओं को सीट समाप्त हो जाने के कारण विद्यालय आवंटन नहीं हो सका। द्वितीय चरण के आवेदन एक से 30 मार्च तक लिए जा सकेंगे। प्रथम लॉटरी में अपात्र पाए गए छात्र द्वितीय चरण में पुनः आवेदन कर सकते हैं।


लॉटरी निकालतीं डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा। ● अमृत विचार

**द्वितीय चरण के लिए एक से 30 मार्च तक लिए जा सकेंगे आवेदन**

### संविदा कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी गठित

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सोमवार को हाईवे स्थित मुख्य बिजलीघर में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा-संविदा कर्मचारी संघ की बैठक हुई। इसमें जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार सक्सेना की देखरेख में खंडीय अध्यक्ष विवेक कुमार पुष्पद ने कार्यकारिणी की घोषणा की।

इसमें सुबोध सक्सेना महामंत्री तथा अकमल खान व फिरोज खान उपाध्यक्ष चुने गए। अन्य पदों को मिलाकर कुल 14 नए पदाधिकारी बनाए गए। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि सभी पदाधिकारी अध्यक्ष के साथ टीम वर्क में काम करें। खंडीय अध्यक्ष ने कहा कि सबको साथ लेकर संगठन अपने हितों व अधिकारों के लिए संघर्ष करेगा। इस मौके पर प्रकाश चंद्र, अमीर खान, वीरेंद्र पाल, हरिओम, यादराम, अवधेश कुमार, रवि कश्यप आदि मौजूद रहे।

# निरीक्षण में बंद मिला बृजपुर का सचिवालय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने विकासखंड मिलक की ग्राम पंचायत भंवरकी में बन रहे अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि एक माह में निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम पंचायत भंवरका में ओडीएफ प्लस कार्यों का निरीक्षण किया। आरआरसी सेंटर का निर्माण कार्य पूर्ण का पाया गया। ग्राम प्रधान और सचिव को निर्देश दिए कि इसका संचालन, कूड़ा कलेक्शन तथा ग्रामीणों से स्वच्छता शुल्क लें। ग्राम पंचायत बृजपुर में पंचायत सचिवालय बंद पाया गया। पंचायत सहायक अनुपस्थित पाए गए। उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

ग्राम पंचायत कमोरा में पंचायत भवन अधूरा पाया गया। छह माह से निर्माण कार्य कराया जा रहा है परंतु अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया। ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। दो वर्ष में ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों की जांच के लिए अभिलेख कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत धमोरा में बन रहे शॉपिंग काम्पलेक्स का निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि शॉपिंग काम्पलेक्स का निर्माण कार्य 10 दिन में पूरा करें। निरीक्षण में खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र चौहान, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, अवर अभियन्ता एवं जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण नरेंद्र सिंह शामिल रहे।



आरसीसी सेंटर का निरीक्षण करते जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन।

# बच्चों के लिए एलुमिनियम की जगह अब स्टील के बर्तनों में बनेगा खाना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए शासन ने नया आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि मिड् डे मील का खाना अब एलुमिनियम की जगह स्टील के बर्तनों में बनाया जाए। ताकि बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सके।

उल्लेखनीय है कि बच्चों को पहले स्कूल में खाना नहीं मिलता था। कुछ वर्ष पहले ही शासन ने सरकारी स्कूलों में दोपहर का भोजन दिए जाने के आदेश दिए थे। धीरे-धीरे शासन की ओर से लगातार नियमों में परिवर्तन किया जा रहा है। कुछ माह पहले भोजन में चावल में भी बदलवाए गए थे। अब बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए खाना बनाने के बर्तन भी बदले जा रहे हैं। खाना बनाने में स्टील के बर्तन शामिल किए जा रहे हैं। अभी तक एलुमिनियम के बर्तनों में खाना बनाया जाता था। बच्चों को खाने में पौष्टिक आहार देने के लिए यह कदम उठाया गया है। जारी किए गए पत्र में बताया गया है कि भोजन पकाने में कोटिंग रहित एलुमिनियम के बर्तनों का प्रयोग करने में भोजन में एलुमिनियम की लीचिंग का खतरा बना रहता है। एलुमिनियम की लीचिंग भोजन पकाने के तापमान, भोजन पकाने के माध्यम, पकायी जा रही खाद्य सामग्री, टमाटर, इमली सिरका इत्यादि तथा भोजन पकाने के माध्यम की अवधि पर निर्भर करती है। भोजन पकाने में एलुमिनियम के बर्तनों का प्रयोग कम से कम करने का सुझाव दिया गया है।

**भविष्य में स्टील के बर्तनों पर रहे तवज्जो**

शासन की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया कि जितना हो सके एलुमिनियम के बर्तनों का कम से कम प्रयोग किया जाए। इसके अलावा भविष्य में एलुमिनियम के स्थान पर स्टेनलेस स्टील के बर्तनों की खरीद को वरीयता दी जाए।

> शासन की ओर से जारी किए गए आदेश में एलुमिनियम के बर्तनों का कम से कम प्रयोग किए करने को कहा गया है। इसके साथ ही एलुमिनियम के स्थान पर स्टेनलेस स्टील के बर्तनों को वरीयता दी जाएगी। –राहुल सक्सेना, जिला समन्वयक मिड् डे मील

**शासन ने जारी किए आदेश बीमारियों से बच सकेंगे बच्चे**


इंदिरा कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल अध्यक्ष एवं अन्य। ● अमृत विचार

## महिलाएं, लड़कियां बनाएं समूह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मोरल सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष शबाब खान ने कहा कि जो महिलाएं, लड़कियां घरों में बैठी हैं और उनके हाथों में किसी भी तरह का हुनर भी नहीं है, वह दस-बारह महिलाओं का समूह बनाएं। ताकि रोजी-रोटी का इंतजाम हो सके।

कहा कि सरकार की ऐसी तमाम योजनाएं हैं, जिनका लाभ उठाकर स्वयं और समूह से जुड़ी महिलाओं को मालामाल कर सकती हैं। माला रोड स्थित इंदिरा कालोनी में सोमवार को मोरल सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से महिलाओं के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सोसायटी की सदस्य रेनू सागर ने कहा कि सेल्फ ग्रुप बनाकर रेडीमेट गारमेंट का कार्य शुरू कर सकती हैं। ऐसा करने से काफी बचत होती है। इस तरह के कार्यक्रमों से हमें सीखने एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर रौनक जहां, रजनी, फरीदा, सविता, शबाना आदि मौजूद रहीं।

## कमी मिलने पर बीएसए ने रुकवाया तीन स्कूलों का निर्माण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार ने सोमवार को पटवाई क्षेत्र में बन रहे कई स्कूलों का निर्माण कार्य चेक किया। एक स्कूल का निर्माण कार्य सही पाया गया। जबकि अन्य में कमी मिलने के कारण कार्य रोकने के आदेश दिए।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक निर्माण द्वारा जनपद में स्वीकृत नवीन भवन निर्माण वाले विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय पटवाई का निर्माण कार्य संतोषजनक पाया गया। प्राथमिक विद्यालय नरखेड़ा, उच्च प्राथमिक विद्यालय मतवाली, उच्च प्राथमिक विद्यालय परम में निर्माण कार्य संतोषजनक न मिलने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निर्माण कार्य रोकते हुए तकनीकी टीम से जांच कराने के लिए निर्देशित किया। तकनीकी टीम की रिपोर्ट आने के बाद ही विद्यालय में निर्माण कार्य कराया जाएगा।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

**लापरवाही** सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति, नई बस्ती में कई दिन से सड़क किनारे पसरी है गंदगी

# सफाईकर्मियों की फौज, फिर भी लगे कूड़े के ढेर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर को साफ-सुथरा रखने के संसाधन होने के बावजूद सफाई व्यवस्था धड़ाम है। इसके चलते कूड़े से उठने वाली दुर्गंध से राहगीर नाक बंद कर निकलने को मजबूर हैं। शहर में साफ-सफाई कराने के लिए सफाईकर्मियों की फौज और पर्याप्त संसाधन हैं। इसके बाद भी कूड़े के ढेर लगे हैं।

मजार हाफिज शाह जमाल उल्लाह की दरगाह के पीछे नई बस्ती का क्षेत्र है। इसमें कुछ क्षेत्र वार्ड पांच और कुछ वार्ड 39 में आता है। इसी वार्ड में कई दिन से सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। सफाई करने वाले कर्मचारी कई-कई दिन गैरहाजिर रहते हैं। वार्ड सभासद का आरोप है कि यहां पर पालिका की ट्राली नहीं आ रही है। इसकी वजह से कूड़े का उठान नहीं हो रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय सफाई खाद्य एवं निरीक्षक डा. अविनाश से बात की। सफाई निरीक्षक ने बताया कि कूड़ा उठान के लिए प्रतिदिन ट्राली भेजी जाएगी।


जनरल अजीमुद्दीन पार्क की दीवार के पास पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार

> कूड़ा उठान के लिए सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया है। यहां रोज कूड़े का उठान किया जाए। उठान नहीं होने पर सभासद मुझे तत्काल सूचना दें। –अविनाश कुमार, सफाई खाद्य एवं निरीक्षक



> जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। इससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी है। कूड़ा-कचरा आते-जाते लोगों के पैरों में आ जाता है। सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। – अब्दुल रहमान



> नई बस्ती में सफाई व्यवस्था चौपट है। इसके लिए कई बार सभासद, सुपरवाइजर को बताया गया कि यहां पर कोई नहीं आता है। इसके बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। – मुजम्मिल अली



> क्षेत्र के स्थिति काफी खराब है। कई दिन तक कूड़े का उठान नहीं होता। इस बारे में सभासद से कहा जाता तो वह कहते हैं कि यह क्षेत्र हमारे वार्ड में नहीं हैं। –गुलरेज हसन



> जहां कूड़े के ढेर लगे हैं वहां का कुछ हिस्सा वार्ड पांच और कुछ 39 में है। इस वार्ड के सफाईकर्मी मनमानी पर उतारू हैं। इन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही हैं। – बब्बू अली

### ब्लॉक प्रमुख ने बताईं सरकार की नीतियां

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित ग्राम परिक्रमा यात्रा के तहत बहादुरगंज गांव में कार्यक्रम हुआ। इसमें ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के बारे में बताया।

मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सुनील मौर्य, कमल यादव, नारायण दास, राजवीर, राजकुमार शर्मा, त्रिवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, पट्टी बसंतपुर गांव में मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋषि पांडेय ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं बताईं। कहा कि इस यात्रा के माध्यम से मजदूरों व किसानों की आकांक्षाओं और सुझावों को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंचाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष देशराज शर्मा, मोहनलाल गंगवार, राधेश्याम शर्मा, सालिक राम, हरीश प्रजापति आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आए गोवंश की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह ट्रेन की चपेट में आकर एक गोवंश की मौत हो गई। भैंसिया गांव के पास रेलवे लाइन के पास दो गोवंश चर रहे थे। उसी दौरान ट्रेन आ गई। दोनों गोवंश ट्रेन की चपेट में आ गए थे। सूचना पर काशीपुर तिराहा चौकी प्रभारी ओम शुक्ला टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। चौकी प्रभारी ने घायल गोवंश को वहां से उठवाकर ताजपुर माफी पशु अस्पताल भेजा। फिर उपचार कराने के बाद उसे गोशाला में भिजवा दिया। इतना ही नहीं, हादसे में जान गंवाने वाले एक अन्य गोवंश का चौकी प्रभारी ने अंतिम संस्कार किया।

### शोरूम के सामने से बाइक चोरी हुई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीएसी तिराहे के पास एक शोरूम के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने सिविल लाइन थाना पुलिस को बताया है कि बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। पीड़ित अमित कुमार पुत्र राजेश कुमार डिंडोरा शाहपुर के रहने वाले हैं। बताया कि बाइक खड़ी कर अंदर शोरूम से सामान खरीदने गए थे। इसी बीच उनकी बाइक चोरी हो गई। इधर-उधर खोजा लेकिन, बाइक का पता नहीं चल सका। अमित ने सिविल लाइन थाने में पुलिस को तहरीर दी है। इस मामले में थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना संज्ञान में आई है, जानकारी कर कार्रवाई कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज भी जांच रहे हैं।

### ग्राम कनोबी में शव बरामद, शिनाख्त नहीं

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव कनोबी में चंद्रभान के गन्ने के खेत में एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद हुआ। जो देखने में 8-10 दिन पुराना प्रतीत होता है। खेत स्वामी जब सुबह 9 :00 बजे अपने खेतों पर देखरेख करने आए तब उन्होंने शव देखा। उन्होंने तुरंत सूचना पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। लेकिन शव की शनाख्त नहीं हो पाई।

### शब-ए-बरात पर मस्जिदों में की इबादत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** शब-ए-बरात का त्योहार मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मनाया गया। इस्लाम में शब-ए-बरात की रात की काफी अहमियत है। मुसलमानों ने पूरी रात नमाज और कुरान पढ़ी और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगी। सोमवार को सभी ने रोजा रखा और शाम को अजान के बाद इफ्तार की। मुस्लिम समुदाय के लोग शब-ए-बरात पर अपने पुरखों की कब्रों पर भी गए और दुआ पढ़ी। गौरतलब है कि हर साल शाबान महीने की 15वीं तारीख को शब ए बरात मनाई जाती है। इस रात मुसलमान पूरी रात नमाज अदा करते हैं, कुरान पढ़ते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों के लिए क्षमा मांगते हैं।

### 6 और 7 मार्च को होंगे टीम के लिए ट्रायल्स

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में 6 और 7 मार्च को मंडलीय बॉस्केटबॉल टीम के लिए ट्रायल्स होंगे। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 14 मार्च तक आजमगढ़ में होने जा रहा है। इसमें मंडल की टीम भी प्रतिभाग करेगी।

# 12वीं की केमिस्ट्री की परीक्षा स्थगित, केंद्रों से मायूस लौटे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने 26 फरवरी को होने वाले 12वीं के रसायन विज्ञान पेपर को स्थगित कर दिया है। महानगर में सोमवार को केंद्र पर परीक्षा देने आए विद्यार्थी निराश होकर घर लौटे।

स्प्रिंगफिल्ड कॉलेज की प्रधानाचार्य स्वाति सिंह ने बताया कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं की शुरूआत 12 फरवरी को अंग्रेजी के पेपर से हुई थी, जो 3 अप्रैल तक जारी रहेंगी। परीक्षाएं अब तक सुचारू रूप से चल रही हैं और यह पहली बार है कि इस साल सीआईएससीई ने सोमवार को होने वाली कक्षा 12 की रसायन विज्ञान विषय की परीक्षा को स्थगित कर दिया। जारी नोटिस के अनुसार रसायन विज्ञान सिद्धांत परीक्षा अब 21 मार्च को दोपहर 2 बजे आयोजित की जाएगी। कुछ परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए केंद्रों पर पहुंचे। जहां से उन्हें पेपर रद्द होने का पता चला। जिसके बाद वह वहां से निराश लौटे। प्रधानाचार्य ने बताया कि परीक्षा रद्द होने की जानकारी अधिकांश परीक्षार्थियों को परीक्षा समय से पहले हो गई थी।

## सीबीएसई 10वीं में इंग्लिश कम्युनिकेटिव और इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिट्रेचर की परीक्षा हुई

# पाठ्यक्रम से अधिक सवाल आने से हुई छात्रों को परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सीबीएसई परीक्षाओं में सोमवार को 10वीं कक्षा की इंग्लिश कम्युनिकेटिव और इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिट्रेचर की परीक्षा सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक पहली पाली में हुई। विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर आसान रहा। लेकिन, पाठ्यक्रम से अधिक प्रश्न आने से थोड़ी परेशानी हुई।

महानगर में सीबीएसई की परीक्षा 16 केंद्रों पर चल रही है। सोमवार का दिन सीबीएसई परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण रहा। कक्षा 10वीं में अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। दसवीं की परीक्षा के लिए 5100 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। आरआरके स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकले विद्यार्थी हर्ष, सूर्यांश, रितिक त्यागी ने बताया कि पेपर आसान, लेकिन अधिक प्रश्न आने से थोड़ी दिक्कत हुई। पेपर में पूछे गए सवाल सिलेबस से ही आए थे, लेकिन, पूरा सॉल्यूशन लिखने के लिए और अधिक समय मिलना चाहिए था। वहीं, अध्यापकों के अनुसार सीबीएसई ने सेकेंड्री के इंग्लिश पेपर में पूछे गए पैसेज से संबंधित सवाल सबसे अधिक आसान थे और ये सभी जनरल पैसेज थे। विषय के शिक्षकों ने कहा कि पेपर अच्छी तरह से संतुलित था और अधिकांश प्रश्न सीधे थे। भाषा का पेपर होने के कारण यह लंबा था लेकिन, छात्र आसानी से समय पर पेपर पूरा करने में सफल रहे।



केसीएम स्कूल से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### अब 28 फरवरी को होगी दसवीं की परीक्षा

सीबीएसई 10वीं कक्षा का अगला पेपर 28 फरवरी को एलीमेंट्स ऑफ बिजनेस सुबह 10 .30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक और हेल्थकेयर की परीक्षा सुबह 10 .30 बजे से दोपहर 12 .30 बजे तक कराई जाएगी।

### आज 12वीं के विद्यार्थी देंगे केमिस्ट्री की परीक्षा

महानगर में कक्षा 12वीं में 4000 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण है। मंगलवार को केमिस्ट्री विषय की परीक्षा महानगर में 16 केंद्रों पर होगी।

# दो मुहल्लों में फाल्ट से आपूर्ति बाधित

## पंडित नगला व मंडी चौक के लोगों ने बिजली कर्मियों पर फोन न उठाने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**परेशानी**

- आए दिन फाल्ट होने से बिजली का संकट बढ़ा
- शिकायत के घंटों बाद बिजली कर्मियों के पहुंचने का आरोप

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग के मानव संसाधन में दिन पर दिन गिरावट आती जा रही है। घोषित कटौती के अलावा अचानक होने वाले फाल्ट से महानगर के लोगों की परेशानी बढ़ रही है। वहीं विभाग के आला अधिकारी भी कर्मियों पर सख्ती नहीं कर पा रहे हैं। संविदा कर्मचारियों की मनमानी से नगरवासियों को बिजली की किल्लत झेलनी पड़ रही है। फाल्ट होने के घंटों बाद तक मौके पर पहुंचना तो दूर फोन तक नहीं उठाने शिकायत भी उपभोक्ताओं द्वारा कई बार के विभाग के अधिकारियों से की जा चुकी है। बावजूद इसके अभी भी कोई सुधार नहीं है।

सोमवार और रविवार की बीच रात को पंडित नगला और मंडी चौक में उपकरणों में हुए फाल्ट के बाद घंटों बाद भी बिजली कर्मचारियों ने फोन नहीं उठाया। जिससे दो मोहल्लों के एक हजार उपभोक्ताओं को सुबह तक बिजली कटौती के संकट से जूझना पड़ा। पंडित नगला में रात एक बजे ट्रांसफार्मर के फ्यूज फुंकने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। वहां के रहने वाले सुरेश प्रजापति ने बताया कि सुबह 5 बजे से पीतल नगरी एसडीओ को फोन मिलाया तो चार घंटे बाद फोन उठा। जिसके एक घंटे बाद बिजली कर्मचारी पहुंचे और फ्यूज ठीक करने का काम किया। तब जाकर सुबह 9 बजे बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। वहीं वितरण खंड द्वितीय के मोहल्ले मंडी चौक में सुबह तीन बजे तारों के जाल में आग लग गई। जिससे बिजली गुल हो गई। जिसके बाद कई बार मंडी चौक विद्युत उपकेंद्र पर तैनात लाइनमैनों को फोन किए गए। लेकिन फोन नहीं उठा। बिजली कर्मचारी 12 बजे फाल्ट होने वाले स्थान पर पहुंचे और जले तारों को सही किया। जिसमें 12:30 मिनट पर बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। वहीं दीवान बाजार विद्युत उपकेंद्र के मोहल्ला गुइंया बाग में आरडीएसएस कार्य योजना के अंतर्गत उपकरण बदले जाने के कार्य में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक दो ट्रांसफार्मर से जुड़े 800 उपभोक्ताओं को पांच घंटे बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ा। वहीं, मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मोहल्ला दौलत बाग से घोसियों वाली पुलिस तक पुराने तार व बिजली के जर्जर पोल बदले जाने है। जिसमें सात घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।



मोहल्ला गुइंया बाग में बिजली के पोल पर तार बदलते बिजली कर्मी।

### स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य में लापरवाही

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य में कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों की लापरवाही से फरवरी में भी कार्य पूरा नहीं हो सका है। गर्मी के मौसम में स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य करने वाले उपकरण अभी तक बाजारों में कई स्थानों बेतरतीब रखे हैं। बिजली विभाग द्वारा कई बार चेतावनी देने के बाद भी कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर ने कोई प्रबंध नहीं किया है। संस्था की लापरवाही से व्यापारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में व्यापारियों ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से भी शिकायत की है। पूरे शहर में जगह-जगह स्मार्ट सिटी के कार्य के लिए खोदे गए गड्ढे भी खुले पड़े हैं।

## आयुर्वेदिक डॉक्टर से ठगे 3.61 लाख रुपये

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मकान दिलाने का झांसा देकर आयुर्वेदिक डॉक्टर से आरोपी ने 3.61 लाख रुपये ठग लिए हैं। डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है।

सिविल लाइंस के कांठ रोड हरथला सब्जी मंडी निवासी गिरीश कुमार आयुर्वेदिक डॉक्टर हैं। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2021 में उनके क्लीनिक पर ईसापुर चंदनपुर निवासी पुष्पेंद्र उर्फ प्रियांशु आया था। वह आवास विकास में मकान दिलाने को कह रहा था। उन्होंने आरोपी को 50,000 रुपये नकद दे दिए थे। बाद में उसे कुल एक लाख रुपये लोन लेकर और 2.91 लाख 500 रुपये जेवर आदि गिरवी रखकर दे दिए थे। रुपये देने के बाद भी जब मकान की चाबी नहीं मिली तो पुष्पेंद्र से पूछताछ की। जिस पर आरोपी ने जनवरी 2023 में 80,000 रुपये वापस दिए थे। लेकिन, शेष रकम नहीं लौटाई है। इस पर उन्होंने एसएसपी से शिकायत की है। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



राज्य कर विभाग के स्थापना दिवस पर मंचस्थ अतिथि। ● अमृत विचार

# आयोजन में कर अदायगी के लिए सम्मानित किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राज्य कर विभाग का 76वां स्थापना दिवस सोमवार को कार्यालय परिसर में आयोजन के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-एक आरए सेठ ने कहा कि व्यापार और विभाग एक-दूसरे के पूरक हैं। संयुक्त आयुक्त एसआईबी श्रीहरि मिश्र, मोहित गुप्ता, महातम सिंह संयुक्त आयुक्त, सुभेश तिवारी उपायुक्त प्रशासन और समस्त अधिकारी कर्मचारी, संगठन और चारों बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व मुरादाबाद जोन के सर्वाधिक टैक्स कैश के रूप में जमा करने वाले व्यापारी उपस्थित रहे। सभी छह व्यापारियों को अधिक कर देने के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभाग के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान में डीसी विकास चौधरी, डिप्टी कमिश्नर अनूप पांडे, प्रशासनिक अधिकारी मनोज तिवारी, श्रीकांत यादव, प्रशासनिक अधिकारी गौरव शर्मा, सुधीर कुमार, रजनीकांत तिवारी, आदिल हुसैन, कमर आलम आदि मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन घर में मजदूर ने भाई और दो दोस्तों के साथ की थी चोरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पाकबड़ा में सैनियों वाली गली में महेंद्र के निर्माणाधीन घर में रखे रुपये हुए थे चोरी

**अमृत विचार :** पाकबड़ा पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें अभियुक्त अर्जुन व उसका भाई राहुल पुत्रगण विशंभर हैं। ये लोग थाना क्षेत्र में बंगाली डॉक्टर वाली गली के मुहल्ला बड़ा मंदिर के रहने वाले हैं। इनके पास से पुलिस ने चोरी किए 8,500 रुपये और तमंचा-कारतूस भी बरामद किया है।

सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में हुई प्रेसवार्ता में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि रविवार 22 फरवरी को पाकबड़ा की एक महिला के घर चोरी हुई थी। इस मामले में पीड़िता ने दोनों अभियुक्त अर्जुन व इसके भाई राहुल के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद थाना पुलिस ने विवेचनात्मक कार्रवाई के दौरान सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई कर दोनों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी ने बताया कि इन दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद चोरी की घटना में दो अन्य व्यक्तियों के नाम भी प्रकाश में आए हैं। इनमें गुड्डू पुत्र भारत और दिनेश सैनी पुत्र पूरन निवासी मुहल्ला बड़ा मंदिर हैं। एसपी सिटी ने बताया कि थाना पुलिस ने अभियुक्त अर्जुन के पास से तमंचा-कारतूस और 3500 रुपये बरामद किए हैं। अभियुक्त राहुल के पास से चोरी के 5,000 रुपये बरामद हुए हैं। प्रकाश में आए दोनों अभियुक्त गुड्डू और दिनेश सैनी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### घर में रुपये रखे देखकर बनाई थी चोरी की योजना

पाकबड़ा थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अर्जुन ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि उसका भाई राहुल सैनियों वाली गली में महेन्द्र पुत्र खेम सिंह के घर के निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहा था। करीब एक सप्ताह पहले उसके भाई ने बताया था कि महेन्द्र के घर में चिनाई के काम के लिए पैसे रखे हैं। फिर उसने योजना बनाई ओर अपने दोस्त गुडडू व दिनेश सैनी के साथ चोरी कर लिए। यह घटना 22 फरवरी को उस समय हुई जब राज मिस्त्री दोपहर को खाना खाने गया तो राहुल ने अर्जुन, गुड्डू व दिनेश को इशारा कर दिया था। इसी समय आरोपियों ने महेन्द्र के घर में घुसकर रखे रुपये चोरी कर लिए थे।

# महिलाओं समेत पांच मजदूरों ने की थी वारदात

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना क्षेत्र के रतनपुरकलां गांव में सोमवार को दिन दहाड़े चोरों ने अनीस के घर को निशाना बना लिया। सूचना मिलते ही पुलिस के भी हाथ-पैर फूल गए थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का माल भी बरामद कर लिया।

इस मामले में पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि गिरफ्तार हुए आरोपियों में चार महिलाएं व एक पुरुष है। इनमें दो सगी बहनें, उनका पिता और दो अन्य महिलाएं शामिल हैं। हैरत की बात है कि ये महिलाएं भीख मांगने के बहाने पहले रेकी करती थीं और फिर अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देती थीं। इन में विजय और इसकी दो बेटियां नेहा व सोनम के साथ ही विशाल की पत्नी दीपा एवं दीपक की पत्नी पूनम शामिल है, इन सभी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें विजय गैंग लीडर है। इन आरोपियों में दीपा मुरादाबाद में डिलारी थाना क्षेत्र के मेवला मानपुर की रहने वाली है, जबकि इसके अन्य सभी साथी अमरोहा जिले में थाना डिडौली के गांव ड्योढ़ी उर्फ हादीपुर के रहने वाले हैं।



पाकबड़ा पुलिस की हिरासत में चोरी करने वाला गिरोह। ● अमृत विचार

### दोपहर दो बजे बनाया निशाना

थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि अनीस पुत्र रजा हुसैन के घर चोरी सोमवार दोपहर करीब दो बजे हुई थी। अनीस व उनके परिवार के अन्य सदस्य घर में नहीं थे। दरवाजा में ताला भी नहीं लगा था। वह लोग पड़ोस के घर में थे। इसी बीच आरोपियों ने उनके घर को निशाना बना लिया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी करने वाले आरोपियों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में दरोगा आशीष कुमार, कांस्टेबल अनुज कुमार, मनीष कुमार, मोहित कुमार और सोनम शामिल रही हैं।

### चोरी वाले आधार कार्ड का करते थे प्रयोग

एसपी सिटी ने बताया कि अभियुक्तों ने पुलिस को बताया है कि वह लोग ईंट भट्ठों पर कार्य करते हैं। भीख मांगने के बहाने विशेषकर बंद घरों को खोजते हैं। उनमें घुसकर रुपये, जेवरात, मूल्यवान सम्पत्ति, आधार कार्ड आदि की चोरी कर लेते हैं। आधार कार्ड चोरी करने का उद्देश्य आरोपियों ने बताया है कि जब वह अन्य स्थान पर जाते हैं तो उन्हें अपना नाम-पता बदल कर बताने में आसानी होती है। इसलिए उन पर पुलिस या अन्य कोई किसी भी तरह का संदेह नहीं कर पाता है। ईंट भट्ठों पर महिलाओं को साथ रखने का कारण बताया है कि ताकि उन लोगों के चोरी करने के अपराध के संबंध कोई संदेह तक न कर पाए। एसपी सिटी ने बताया कि इनके पास से पाकबड़ा पुलिस टीम ने लेडीज बैग, दो जोड़ी पायल, अंगूठी, मोबाइल, दो आधार कार्ड, दो जोड़ी लेडीज सूट, दो बिछुआ बरामद किया है।

# बोर्ड को भेजी प्रयोगात्मक परीक्षा निरस्त करने की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 18 फरवरी को 12वीं की भूगोल व रसायन विज्ञान की हुई थी परीक्षा, डीएम ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने जीआईसी में हुई कक्षा 12 की रसायन विज्ञान व भूगोल विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा को निरस्त करने की संस्तुति की है। उन्होंने परीक्षा के दौरान कक्षा में मौजूद परीक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश डीआईओएस को दिए हैं। अब प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन आने वाले आदेशानुसार किया जाएगा।

राजकीय इंटर कॉलेज में 18 फरवरी को 12वीं कक्षा के छूटे बच्चों की भूगोल व रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा हुई थी। विद्यालय के कमरा नंबर एक में मोबाइल फोन की मदद से विद्यार्थियों ने नकल की थी। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई। जिसके बाद जिलाधिकारी ने मामले में जांच के आदेश दिए। जांच में कॉलेज के कमरा नंबर एक में विद्यार्थी नकल करते पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने इस दिन हुई प्रयोगात्मक परीक्षा को निरस्त करने की संस्तुति की है। साथ ही दोनों शिक्षकों को आगामी परीक्षा के लिए डिबार किया गया है। साथ ही इस दौरान कक्ष में मौजूद परीक्षक एचएसबी इंटर कालेज के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता डॉ.ललित गुप्ता व जीआईसी की भूगोल विषय की परीक्षा डॉ.विम्मी रस्तोगी के खिलाफ डीआईओएस को कार्रवाई करने का आदेश दिया है। 12वीं की उक्त प्रयोगात्मक परीक्षा को निरस्त करने की संस्तुति बोर्ड से की है।

डीआईओएस डॉ.अरुण कुमार दुबे ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर दोनों परीक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

**कार्यशाला** पिछले साल 10,673 क्षय रोगियों में 9659 का हुआ सफलतापूर्वक इलाज

# 12 ग्राम पंचायतें इस वर्ष हुईं क्षय रोग से मुक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि 2023 में टीबी मरीजों की खोज का लक्ष्य 14,133 था जिसके सापेक्ष 15,139 (107%) मरीजों का चिह्नांकन किया गया है।

13,987 क्षय रोगियों में से 13742 की एचआईवी जांच की गई। 4336 में से 3864 (82%) की एमडीआर (मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट) जांच की गयी। 12489 मरीजों के बैंक खाते प्राप्त हुए जिसमें से 10554 मरीजों को 2 करोड़ 20 लाख 4 हजार रुपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि 10,673 मरीजों में से 9659 मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। प्रधानमंत्री क्षय रोग मुक्त अभियान के अंतर्गत 2210 मरीजों को पोषण पोटली प्रदान कर गोद लिया गया। 2023 में 265 एमडीआर मरीज चिह्नित किए गए।

इस वर्ष क्षय रोगियों के चिह्नांकन का लक्ष्य 14830 है। जिसके सापेक्ष अभी तक 1961 (पब्लिक 974 और निजी 987) मरीज चिह्नित कर लिए गए हैं। इस वर्ष जिले की 12 ग्राम पंचायतों को टीबी रोग से मुक्त बनाया गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एनके कुरैचया ने टीबी के लक्षण बताए कि दो सप्ताह की खांसी, दोपहर बाद बुखार आना, बलगम आना, बलगम में खून आना, भूख कम लगना, वजन घटना, सोते वक्त पसीना आना है। क्षय रोग की जांच और उपचार सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध है। उपचार के दौरान रोगी को 500 रुपये पौष्टिक आहार के लिए सरकार द्वारा रोगी के बैंक खाते में दिए जाते हैं। कार्यशाला में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम डॉ. मुहम्मद जावेद, मनोज कुमार व अंकुर शर्मा भी उपस्थित रहे।



कार्यशाला में जानकारी देते सीएमओ डा. कुलदीप सिंह, साथ में जिला क्षयरोग अधिकारी।

# एंबुलेंस चलाते समय फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**जागरुकता**

- 108 व 102 सेवा के एंबुलेंस पॉयलटों को दिया प्रशिक्षण
- सुरक्षित ड्राइविंग और ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी

**अमृत विचार :** मंडल में 108 व 102 एंबुलेंस सेंवा के कैप्टन व पायलट को रिफ्रेश ट्रेनिंग में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बेहतर सेवा के बारे में मार्गदर्शन दिया।

एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में सोमवार को मंडल में संचालित 108 व 102 एंबुलेंस के पायलट रिफ्रेश ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें मंडल के सभी जिलों से आए पायलटों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि एंबुलेंस चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग किसी भी पायलट को नहीं करना है। किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करना है। संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस के ऑपरेशन हेड शोभित त्यागी जी ने एंबुलेंस के पायलटों को सुरक्षित ड्राइविंग तथा ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी। लखनऊ से आए प्रशिक्षक रामऔतार व अभिषेक ने एंबुलेंस पायलटों को घटनास्थल पर समय से पहुंचने और रिस्पांस टाइम आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। मंडल प्रबंधक संजीव कपिला ने एबुलेंस की साफ सफाई रखने और उसकी फिटनेस रखने के लिए कहा। जिससे इस आकस्मिक सेवा का लाभ जन मानस को सुचारु रूप से दिया जा सके। प्रशिक्षण में 108 /102 एंबुलेंस सेवा के जिला प्रबंधक नरेंद्र सिंह, जिला प्रभारी दीपक सिंह, कौशल किशोर, क्वालिटी ऑडिटर रजनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर



चयनित छात्रों के साथ प्रबंधक।

### दो छात्रों का राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में चयन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बीएसडी अकादमी के दो छात्रों का राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल व सात छात्रों का गुरुकुल नीलोखेड़ी में चयन होने पर अकादमी में खुशी का माहौल है। प्रबंधक नितिन धारीवाल व निर्देशिका सुशीला धारीवाल ने चयनित छात्रों का स्वागत किया। प्रबंधक नितिन धारीवाल ने कहा है कि हमारा हमेशा यही प्रयास रहा है कि यहां से जाने के बाद बच्चे कामयाबी हासिल करें। इस बार विद्यालय से छात्र वंश कुमार व रिद्धि सारस्वत का राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल तथा निर्भय, ओम चीमा, कार्तिक चौधरी, दक्ष कुमार, आशीष चंदेल, मयंक सैनी व मयंक चौधरी ने गुरुकुल नीलोखेड़ी की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का मान बढ़ाया है।

# कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराएं

## जिलाधिकारी ने कुपोषित बच्चों का पंजीकरण समय से कराने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण मिशन के अन्तर्गत कन्वर्जेन्स एक्सान प्लान की जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। कहा कि जो बच्चे कमजोर हैं और कुपोषित हैं उनको चिह्नित कर एनआरसी में भर्ती कराया जाए।

सोमवार को बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने डीपीओ को निर्देश दिया कि 10 आंगनबाड़ियों के खराब कामों को चिह्नित करें। समेकित बाल विकास सेवा के तहत गर्भवती व धात्री महिलाओं को दिया जाने वाला पूरक पोषाहार का वितरण समय से हो। जिन ब्लॉकों में वितरण की स्थिति खराब है, वह अगली बैठक तक सुधार करें अन्यथा कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण ट्रैकर



कलेक्ट्रेट में बैठक लेते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व साथ में अन्य।

**कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने की समीक्षा**

में आंगनबाड़ी कर्मी घर-घर जाकर गर्भवती व माताओं को समझाएं और काउंसिलिंग करें। सीडीपीओ की यह जिम्मेदारी है कि हर आंगनबाड़ी केंद्र में कुपोषित बच्चों की संख्या पता होनी चाहिए। अगले महीने अवश्य प्रगति दिखनी चाहिए। कुपोषित बच्चों के भर्ती के लिए अभिभावकों को जागरूक करें। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन आंगनबाड़ी सहायिका की प्रत्येक पैरामीटर पर प्रगति खराब है उसको चिह्नित करें और उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाए, उनका वेतन रोका जाए। कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन तौलने की मशीन अवश्य होनी चाहिए। एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत बच्चों में एनीमिया की रिपोर्ट मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विद्यालयों में मिड डे मील में एनीमिया व आयरन की दवा सभी बच्चों को अवश्य दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि संभव पोर्टल पर सभी कुपोषित बच्चों का पंजीकरण समय से कराएं। गर्भवती धात्री और कुपोषित बच्चों के लिए जो सरकार द्वारा पोषण सामग्री और दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उसका हर हाल में वितरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र)में कम से कम 10 बच्चे अवश्य भर्ती रहने चाहिये ताकि जो भी कमजोर कुपोषित लाल श्रेणी के बच्चे हैं। उन्हें सुधारा जा सके। उन्हें 14 दिन तक वहां अवश्य रखा जाए। आंगनबाड़ी सहायिका घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को चिह्नित करें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, सीएमओ, एसीएमओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## किसानों के जाम लगाने पर किया रूट डायवर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** बिजनौर-बदायूं स्टेट हाईवे पर किसानों के जाम लगाने पर पुलिस ने गजरौला से रूट डायवर्ट कर दिया। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। किसानों के हाईवे से हटने पर ही पुलिस ने रूट डायवर्जन समाप्त किया।

सोमवार को किसानों ने नेशनल व स्टेट हाईवे जाम करने की घोषणा की थी। मंडी धनौरा थाना क्षेत्र में भी किसानों ने दो स्थानों पर जाम लगा दिया। ऐसे में वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पर गजरौला पुलिस ने शहर के इंदिरा चौक से खाद गुर्जर मार्ग की तरफ रूट डायवर्ट कर दिया। इस दौरान चौराहे पर पुलिस ने ड्रम लगाकर बैरिकेडिंग कर दी गई। करीब दो घंटे तक रूट डायवर्ट रहा। भारी वाहनों को सड़क के किनारे पर रोक दिया इससे जाम की स्थिति बनी रही। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि किसानों द्वारा जाम हटाने पर यातायात सुचारु कर दिया गया था।

## सार-संक्षेप



हसनपुर से हरिद्वार को रवाना होते कांवड़िये। ● अमृत विचार

### गंगाजल लेने शिव भक्त हरिद्वार रवाना

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र से कांवड़ियों का जत्था गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार रवाना हुआ। कांवड़ियों के भोलेनाथ के जयकारों से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से गंगाजल लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्त हरिद्वार के लिए रवाना होने लगे हैं। तहसील क्षेत्र के गांव मंगरोला, मंगरौली, हथियाखेड़ा आदि गांव के शिव भक्त सोमवार को गंगाजल लेने के लिए कांवड़ियों का एक जत्था रवाना हुआ। शिव भक्त कुंवर पाल ने बताया कि वह पहले मां गंगोत्री के दर्शन करेंगे। उसके बाद हरिद्वार से गंगाजल लेकर आएंगे। वह कई वर्षों से गंगाजल लाकर भगवान भोलेनाथ का शिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक करते हैं और क्षेत्र की सुख शांति तथा लोगों के कष्ट दूर इसकी भगवान भोलेनाथ से कामना करते हैं।




किसान सम्मेलन में संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

### शीला देवी डिग्री कॉलेज में हुआ किसान सम्मेलन

**गजरौला, अमृत विचार :** जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के संयोजन में शीला देवी डिग्री कॉलेज में किसान सम्मेलन हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को स्थायी कृषि के ज्ञान और संसाधनों से समृद्ध करना रहा। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को कृषि की नई विधियों, पानी के उपयोग, तकनीक और फसल चयन की जानकारी दी। किसानों को खेती के परिचालन को अधिकतम करने और पर्यावरण संरक्षित रखने से जुड़े उपकरणों की जानकारी भी दी। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के प्रबंधक विकास कुमार ने सभी का आभार जताया। फाउंडेशन की कृषि समुदाय की शिक्षा की पहुंच और स्थायी विकास कार्यक्रमों के माध्यम से आगे भी समर्थन का प्रयास किया। इस दौरान कृषि विशेषज्ञ डॉ. अमित, वेद प्रकाश, पीयूष और गुरेंद्र, बीपी सिंह, पुष्पेंद्र, रवि आदि मौजूद रहे। जेबीएफ से बूंदी सिंह, नवनीत, अजमत, जाया, मोनू आदि ने सहयोग दिया।

## लोकसभा चुनाव में अहम होगी युवाओं की भूमिका

**डिडौली, अमृत विचार :** भाजयुमो जिलाध्यक्ष शुभम चौधरी के नेतृत्व में जनपद अमरोहा में नमो युवा चौपाल चल रही है। सोमवार को डिडौली मंडल में भाजयुमो नमो युवा चौपाल का आयोजन नवजोत सिंह राणा एवं संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष संदीप पंवार के नेतृत्व में हुआ।

ग्राम पंचायत डिडौली के चौराहों पर विजय कुमार गुप्ता के साथ नमो युवा चौपाल की शुरूआत की। जिसमें सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया। कटाई शक्ति केंद्र के संयोजक सुंदर सिंह के युवाओं से संवाद किया। संदीप पंवार ने कहा कि युवा देश की रीढ़ है और लोकसभा चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी। शक्ति केंद्र संयोजक सुंदर सिंह ने सरकार की योजनाओं का बखान किया। इस दौरान भाजपा नेता विजय गुप्ता, शक्ति केंद्र संयोजक सुंदर सिंह, रिंटू सिंह, जीवन सिंह, फिरोज खान, आले हसन, रणवीर सिंह, हंसराम सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो मार्च को कलेक्ट्रेट का होगा घेराव: ओमकार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जनसमस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस दो मार्च को कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी। जिसको लेकर कांग्रेसियों ने रणनीति बनाई। जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी।

सोमवार को शहर के जोया रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने प्रेस वार्ता की। कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी प्रमुख समस्या है। नहीं हो पा रहा है। योगी सरकार में किसानों के कर्ज माफ नहीं हुए। एमएसपी की गारंटी का झूठा वादा देकर सरकार ने किसानों के साथ धोखेबाजी की है। लेकिन कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है। कहा कि कांग्रेस पार्टी जनसमस्याओं को लेकर दो मार्च को जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि अभी केंद्रीय चुनाव समिति ने कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया



जानकारी देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया व अन्य। ● अमृत विचार

**12 लोग कर रहे चुनाव के लिए टिकट की दावेदारी : ओमकार**


है। दानिश अली को टिकट दिए जाने के सवाल पर बोले कि अभी उन्होंने पार्टी ही ज्वॉइन नहीं की तो टिकट का सवाल नहीं बनता है। जो राष्ट्रीय नेतृत्व प्रत्याशी उतारेगा उसको कांगेस कार्यकर्ता चुनाव लड़ाएंगे। अभी तक इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी बनाने को लेकर कई लोगों ने दावेदारी की है। जिसमें पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी, जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया, पूर्व जिलाध्यक्ष तारिक मोहम्मद खां, आसिम हुसैन साबरी, अब्दुल सत्तार सैफी, राजकुमार अरुण, पूर्व चेयरमेन अफसर अली वारसी, पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह, सचिन चौहान, देवेन्द्र कुमार दिवाकर, पूर्व प्रदेश सचिव शमीम अय्यूब, जयपाल सिंह जाटव शामिल हैं।

## आदमपुर-ढबारसी मार्ग पर काम कर रहे टैंकर चालक से मारपीट

सवाददाता, आदमपुर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में सड़क पर टैंकर से छिड़काव कर रहे टैंकर चालक से कुछ युवकों ने गाली गलौज कर मारपीट की। आरोपियों ने टैंकर पर पत्थरबाजी की। जिससे टैंकर के शीशे टूट गए। इसके बाद टैंकर चालक समेत कर्मचारियों ने मशीनें सड़क पर खड़ी कर एक घंटा जाम लगाया रखा। पीड़ित टैंकर चालक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मामला थाना आदमपुर क्षेत्र के कस्बा ढबारसी का है। यहां ढबारसी से आदमपुर जाने वाले मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। यहां टैंकर से लवी चौधरी पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी बिशनपुर थाना नखासा जिला संभल पानी का सड़क पर छिड़काव कर रहा था। सोमवार दोपहर में डेढ़ बजे जब वह पानी का छिड़काव करते हुए आदमपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान गांव फतेहपुर में मुख्य रोड पर ही कुछ युवकों ने टैंकर को रुकवा कर गाली गलौज शुरू कर दी और टैंकर पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। जिससे टैंकर की दोनों तरफ के शीशे टूट गए। यह देख टैंकर चालक डर की वजह से टैंकर को ले जाने लगा। जैसे ही चालक टैंकर लेकर गांव दमगड़ा के नजदीक पहुंचा तो चार युवकों ने उन्हें रोक लिया और टैंकर में बैठे तीन युवकों के साथ मारपीट की तथा मोबाइल तोड़ दिया। इसके बाद नाराज कर्मचारियों ने मशीनें तथा टैंकर सड़क पर खड़े कर दिए। सूचना पर पहुंची आदमपुर पुलिस ने दोषियों को जल्द पकड़कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद कर्मचारियों ने मशीनों को सड़क से हटा लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आदमपुर थानाध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि टैंकर चालक की तहरीर पर अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।



हसनपुर में एसडीएम कार्यालय में पेशकार को ज्ञापन सौंपते शिव सैनिक।

### बसों के संचालन के लिए शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** बस स्टैंड से रोडवेज बसों का संचालन करने की मांग को लेकर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। सोमवार को एसडीएम कार्यालय में शिवसेना के जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता पहुंचे और उन्होंने एसडीएम की गैरमौजूदगी में कार्यालय में मौजूद पेशकार राहुल को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की है कि नगर में शासन द्वारा लगभग कई वर्षों पहले रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था। रोडवेज बस स्टैंड से सरकारी बसों का संचालन न होने के कारण बस अड्डे पर निजी बसों संचालकों द्वारा कब्जा कर बसों का संचालन किया जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में विकास यादव, सीमा यादव, राजकुमार, बृजपाल सिंह ठाकुर, विमलेश, रमेश रहे।

# सभी को मिल रहा योजनाओं का लाभ

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि मोदी एवं योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार में जनहित में विभिन्न योजनाएं चलाकर जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। सरकार बिना भेदभाव के जनता का काम कर रही है।

केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा प्रत्येक गांव एवं नगर में जा रही है और सरकारी योजनाओं का प्रचार कर उसके लाभार्थियों से योजनाओं का सत्यापन कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पालिका कार्यालय पहुंची। जहां नगर पालिका प्रशासन ने कार्यक्रम किया। शासन के निर्देश पर कार्यक्रम में आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, डूडा विभाग, प्रधानमंत्री आवासीय योजना एवं प्रधानमंत्री ऋष्टा




भारत विकसित संकल्प यात्रा में बोलते नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बताईं योजनाएं**

योजना के विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लाभार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित ने स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं लोगो ने एलईडी पर प्रधानमंत्री का संबोधन भी सुना। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकारों में जितना विकास कार्य हुआ है। उतना किसी अन्य पार्टी की सरकारों में नहीं हुआ। सरकार द्वारा बिना भेदभाव के विकास कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता अजय पाल ने किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, सभासद मोहसिन खान, पप्पू, संगीता कश्यप, दिनेश कुमार, विनय शर्मा, कौशल कुमार, मनी कुमार, शाकिर अली आदि पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

## मौसम में बदलाव से खांसी जुकाम व बुखार के मरीज बढ़े

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

**अमृत विचार :** मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। इससे अस्पतालों में लोगों की कतार लग रही है। बदलाव की वजह से खांसी-जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। दिन में धूप और रात को ठंडक का अहसास हो रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल और गजरौला सीएचसी में मरीजों की कतार लगी रही। चिकित्सकों ने सलाह दी कि अभी गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करें।

फरवरी के अंतिम सप्ताह में भी हर रोज मौसम बदल रहा है। ऐसे में लोगों को ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। जरा सी असावधानी बीमार बना सकती है। अस्पतालों में खांसी-जुकाम और बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। चिकित्सक मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। सोमवार को सीएचसी में खांसी-जुकाम के साथ बुखार के 512 मरीज दवा लेने पहुंचे हैं। इस दौरान मौसम के बदलाव में तेज धूप और सुबह-शाम ठंड का असर रहता है।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. योगिंद्र सिंह ने बताया कि मौसम बदलने से मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस दौरान सबसे ज्यादा मरीज खांसी-जुकाम व बुखार के पहुंच रहे हैं। ऐसे मौसम में सावधानी बरतने की जरूरत है। जिला अस्पताल में भी ओपीडी में मरीजों की संख्या 400 के करीब रही। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चरन सिंह ने बताया कि मौसम बदल रहा है, इसलिए विशेष ध्यान देने की जरुरत है। सेहत को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। ठंडे पानी का सेवन न करें। खासतौर से बच्चों और बुजुर्गों का ख्याल रखें। गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करें।

### कर्मचारियों ने मांगा अवकाश

**बरेली, अमृत विचार :** लखनऊ में होने वाले सम्मेलन में शामिल होने के लिए शहरी और ग्रामीण उपकेंद्रों पर तैनात संविदा कर्मचारियों ने 28 और 29 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में सोमवार को मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

**बैठक** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में जल्द विकास कार्य शुरू कराने का दिया आश्वासन

# 22 करोड़ से अधिक का बजट सर्वसम्मति से स्वीकृत

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** नगर पालिका धनौरा में सोमवार को नगर पालिका बोर्ड की पांचवीं बैठक हुई। बैठक में 22 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से होने वाले विकास कार्यों के लिए बजट पेश किया। इस पर बैठक में मौजूद सभी सभासदों ने प्रस्तावों को लेकर सर्वसम्मति से सहमति जताई। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि इस बजट की राशि से नगर में जल्द ही विकास कार्य शुरू करा दिए जाएंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2024-25 में होने वाले विकास के लिए पालिका की बोर्ड बैठक हुई थी। बैठक में 22 करोड़ 1 लाख 78 हजार 948 रुपये की राशि का बजट पेश किया गया। इस पर




मंडी धनौरा में पालिका बोर्ड की बैठक में बोलते पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल।

सभी सभासदों ने सहमति जताई। पालिका के अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार यादव ने बताया कि बोर्ड बैठक में पास हुए बजट की राशि से नगर पालिका के तहत अंत्येष्टि स्थल, नगर सौंदर्यीकरण, पेयजल, सड़क व नाली का निर्माण सहित शासन द्वारा बंधन योजना के तहत मिलने वाले दो करोड़ रुपये से कंचन बाजार स्थित बालाजी धाम का सौंदर्यीकरण कराने समेत अन्य विकास कार्य शामिल हैं। बैठक में सभासद जगत सिंह सैनी ने नगर में सड़कों पर लगी टंकियों से हो रही पानी की बर्बादी रोकी जाने की बात कही। सभासद दुलीचंद गिहार ने नगर पालिका की पुरानी दुकानों का सही से संशोधन कर आवंटन करते हुए किराया बढ़ाया बढ़ाए जाने की बात कही।

**नगर पालिका की दुकानों का किराया बढ़ाने पर चर्चा**

वहीं सभासद प्रशांक त्यागी ने थाने रोड स्थित बाड़खंड के नाले से पानी की सप्लाई के पाइप को दुरुस्त कराने की मांग की।

पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने सभी कार्यों को जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया। साथ ही बैठक में बीते वर्ष का आय-व्यय का ब्योरा भी पेश किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक उमेश कुमार, सोनू सिम्मी अग्रवाल, सभासद प्रशांक त्यागी, दुलीचंद गिहार, जगत सिंह सैनी, राजू बादशाह, गौरव धारीवाल, राजबाला, मंजीत कौर, नूतन रानी, सरस्वती गोयल, राजीव दीक्षित, आलम शेख, नौशाद मंसूरी, गुरुचन सिंह आदि रहे।

## नैतिक मूल्यों के विकास में संस्कृत भाषा अहम

**बुरावली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित गृहे-गृहे सरल संस्कृत शिविर का समापन हो गया।

क्षेत्र के एसडीएम इंटर कॉलेज फूलपुर में चल रहे 12 दिवसीय गृहे-गृहे सरल संभाषण शिविर का समापन मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य वक्ता देवदत्त शर्मा ने कहा कि संस्कृत सीखना और सीखाना सौभाग्य की बात है। कहा कि 12 दिवसीय इस संस्कृत संभाषण शिविर में बच्चों को खेल, गीत, अभिनय सिखाया। बच्चों के सर्वांगीण विकास में संस्कृत भाषा का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास करने में संस्कृत भाषा शिक्षण अहम भूमिका निभाती है। इस मौके पर प्रधानाचार्य चमन सिंह, बबीता, रिनू, ईश्वर सिंह, आदेश कुमार, रेनू कुमारी, अरुण सोहित कुमार, हरिओम सिंह, तरुण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



## एक नजर

### किशोरी से छेड़छाड़ का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**गुन्नौर अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली पुलिस ने किशोरी से छेड़छाड़ के एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 फरवरी की शाम सात बजे उसकी पंद्रह वर्षीय बेटी पशुवाड़े से निकल कर शौच के लिए जा रही थी। आरोप है कि गांव बहलोलपुर निवासी सोनू व पुष्पेन्द्र ने उसे पकड़कर छेड़छाड़ की थी। पुलिस ने इस मामले में नामजद पॉक्सो एक्ट के दूसरे आरोपी पुष्पेंद्र को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

### मेड़ काटने व धमकी देने का लगाया आरोप

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव चंदावली निवासी कुलवीर ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि 22 फरवरी को गांव के ही व्यक्ति ने ट्रैक्टर हैरो से खेत की जुताई करते समय मेड़ काटकर अपने खेत में मिला ली। मेड़ काटने की जानकारी होने पर कुलवीर 23 फरवरी को शिकायत करने व्यक्ति के घर गया। आरोप है कि शिकायत को सुनकर व्यक्ति गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने पर उतारू हो गया।

# ट्रैक्टरों के साथ सड़कों पर उतरे किसान, दिल्ली कूच की चेतावनी

## संभल, धनारी व जुनावई में भाकियू टिकैत ने एमएसपी पर कानून समेत कई मुद्दों को लेकर उठाई आवाज

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर एमएसपी पर कानून, संपूर्ण कर्ज माफी समेत कई मुद्दों को लेकर जनपद में संभल, धनारी और जुनावई में ट्रैक्टरों को मार्ग पर खड़ा करके आंदोलन किया। पदाधिकारियों ने सड़कों पर बैठकर धरना दिया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपकर मांगें पूरी नहीं होने पर दिल्ली कूच करने का ऐलान किया। किसानों के आन्दोलन की वजह से घंटों यातायात प्रभावित हुआ।

संभल तहसील क्षेत्र के गांव ऐंचवाड़ा डींगर, गैलुआ, सिंहपुरसानी, गुलालपुर, शरीकपुर समेत कई गांवों के किसान ट्रैक्टर लेकर संभल-हसनपुर मार्ग पर पहुंचे। गांव गैलुआ और देहपा के बीच ट्रैक्टर एक ओर खड़े कर दिए। किसानों ने मांगों को लेकर नारेबाजी की। यहां पंचायत में भाकियू टिकैत के जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार किसानों के धैर्य की परीक्षा न ले।



संभल के गैलुआ में किसानों को संबोधित करते भाकियू नेता चौधरी वीरेंद्र सिंह।

**पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट, घंटों तक यातायात रहा प्रभावित**

सरकार ने एमएसपी पर कानून बनाने आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक वादा पूरा नहीं किया। किसान फसल का सिर्फ वाजिब दाम मांग रहे हैं। सरकार के पास अब भी समय है। वह किसानों को राहत दे वरना दिल्ली दूर नहीं है। जिस दिन संयुक्त किसान मोर्चा कहेगा उसी दिन किसान दिल्ली पहुंच जाएंगे। युवा किसान मनु कुमार ने कहा कि पंजाब के किसानों को खालिस्तान और आतंकवादी बताया जा रहा है। उन पर गोलियां चलाई जा रही हैं। पंजाब भी हमारे देश का हिस्सा है। किसान अपने हक के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां भाकियू टिकैत पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सीओ संतोष कुमार को सौंपा। नखासा थाना प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस बल के साथ रहे। इस दौरान हरिओम सिंह, संजीव कुमार, राजीव कुमार, रोहित चौधरी, सुरेंद्र सिंह, अमर सिंह, राजेश कुमार, कृपाल सिंह, बलजीत सिंह, सोमपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, खचेड़ू लंबरदार आदि रहे।

### फसल व नस्ल को खत्म करना चाहती है सरकार

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत से जुड़े किसानों ने मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर धनारी में ट्रैक्टरों को एक ओर खड़े करके बीच सड़क पर धरना देकर आवाज बुलंद की। प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में सरकार की वादाखिलाफी को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। दिल्ली की सीमाओं पर जो किसान आंदोलन कर रहे हैं उन पर हमारी नजर है। हम दिल्ली कूच करने के लिए तैयार हैं। वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष रामवीर सिंह यादव ने कहा कि सरकार मांगों को नहीं मानेगी तो पूरा जनपद किसानों की अनदेखी को बर्दाश्त नहीं करेगा। मंडल महासचिव मुकेश यादव ने कहा कि सरकार हमारी फसल, नस्ल को खत्म करना चाहती है। तहसील अध्यक्ष अमर सिंह राजपूत ने कहा कि छुट्टा गोवंश पशु के अलावा चकबंदी, बिजली, स्वास्थ्य और राजस्व विभाग की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मंडल उपाध्यक्ष केपी सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों, नौजवानों, मजदूरों के प्रति द्वेष भावना से काम कर रही है। किसानों ने गुन्नौर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शीशपाल सिंह, मनवीर सिंह, अरविंद, रामखिलाड़ी यादव, अतर पाल सिंह, भगवानदास, सुमित राघव, शिव नारायन, मिथलेश शास्त्री, नरेश शर्मा समेत तमाम किसान मौजूद रहे। किसान आंदोलन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। संभल-हसनपुर मार्ग, मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे और बदायूं-दिल्ली हाईवे पर सुबह से ही भारी पुलिस बल मुस्तैद हो गया था।



धनारी में तहसीलदार को ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार



जुनावई में धरना देते किसान। ● अमृत विचार

### जुनावई में किसानों ने मुख्य मार्ग पर दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के बैनर तले बदायूं-दिल्ली हाईवे पर जुनावई में किसानों ने सैकड़ों ट्रैक्टर खड़े किए और मुख्य मार्ग पर धरना देकर केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पंचायत में प्रदेश प्रमुख महासचिव एवं प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव, युवा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के किसान शंभू बार्डर पर आंदोलनरत हैं। सरकार ने मांगें मानने के बजाय किसानों पर लाठी चार्ज, आंसू गैस का प्रयोग कर रही है। जिससे किसानों में आक्रोश है। 2020-21 के किसान आंदोलन में समझौते को लेकर वादाखिलाफी की गई हैं। केंद्र सरकार को जल्द ही समस्याओं का समाधान करना चाहिए। यहां राष्ट्रपति को संबोधित 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम गुन्नौर रमेश बाबू को सौंपा। जिसमें भोजन, दवा, कृषि इनपुट और मशीनरी से जीएसटी हटाने, पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कम किए जाने, खाद सुरक्षा की गारंटी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सारभौमिक बनाने, नई शिक्षा नीति 2020 को रद्द करने, वन संरक्षण अधिनियम 2023 और जैव विविधता अधिनियम और नियमों में संशोधन वापस लेने, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों सरकारी विभागों का निजीकरण बंद करने, बिजली संशोधन विधेयक को वापस लेने, प्रीपेड स्मार्ट मीटर न लगाने, व्यापक ऋणमाफी करने आदि की मांग उठाई। इस दौरान डॉ. दिनेश कुमार यादव, नेत्रपाल सिंह, जबर सिंह यादव, नरेन्द्र सिंह, राजेश मौर्य, पंकज यादव, नीरज यादव, मिथलेश शास्त्री, चरण सिंह, जगदीश, महावीर सिंह, सर्वेश यादव, अवधेश कुमार, शैतान सिंह, रामसेवक आदि रहे। अध्यक्षता हमवीर सिंह ने तथा संचालन ओमप्रकाश यादव ने किया।




नियुक्ति पत्र के साथ रोजगार मेले में चयनित युवा व मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

# रोजगार मेले में 158 युवाओं को मिली नौकरी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में लगे रोजगार मेले में 158 युवाओं का चयन नौकरी के लिए किया गया।

हसनपुर मार्ग पर स्थित राजकीय आईटीआई में रोजगार मेले का आरंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र त्यागी, भाजपा मंडल अध्यक्ष

**कंपनियों ने साक्षात्कार लेकर किया युवाओं का चयन**

नरेंद्र सिंह व राहुल त्यागी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेले में क्रैक इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, बालाजी मेन पावर, फियेएम इंडस्ट्रीज, मैसी फर्गुसन (ट्रैक्टर), डायनेमिक ट्रांसमिशन, टाइटवेल फास्टनर्स, डीबीजी टेक्नोलॉजी, ब्राइट बेंगनियर्स, मुंजाल शोवा, ओकाया पावर्स, एलआईसी संभल, राजकोट कंस्ट्रक्शन कंपनियों ने हिस्सा लिया। 237 युवा मेले में पहुंचे। अधिकारियों ने साक्षात्कार लेकर 158 युवाओं का चयन नौकरी के लिए किया। आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण शर्मा ने युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान कुरकावाली ग्राम प्रधान रायवती सैनी, प्रधान के पति लाखन सिंह सैनी, गौरव पूठिया, मेला प्रभारी रियाजुल हसन, आदि रहे। सीएचसी संभल की ओर से लगे शिविर में डॉ. सचिन गौतम, विकास सैनी व विकास मौजूद रहे।

### घायल छात्र की 11वें दिन उपचार के दौरान मौत

**बबराला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर हुए सड़क हादसे में घायल दूसरे छात्र ने भी अलीगढ़ में 11वें दिन उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

16 फरवरी को आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर नूरपुर तिराहे के



समीप तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप (दूध वाहन) ने बाइक सवार छात्रों को रौंद दिया था। हादसे में गांव ईसमपुर डांडा निवासी छात्र अंशू की मौके पर मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल प्रमोद (18 वर्ष) पुत्र राधेश्याम का जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ में उपचार चल रहा था। हादसा तब हुआ था जबकि गुन्नौर के दीनानाथ अग्रवाल इंटर कॉलेज के इंटर के छात्र अंशू व प्रमोद बाइक से प्रयोगात्मक परीक्षा देने राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन जा रहे थे।

# नकदी, जेवर लेकर किशोरी पड़ोसी युवक के साथ गई

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी नकदी व जेवर लेकर पड़ोसी युवक के साथ घर से फरार हो गई। तलाश करने के बाद भी पता नहीं चला तो ग्रामीण ने युवक पर किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी का दो वर्ष से पड़ोसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। शनिवार की देर शाम परिजन खेत पर काम करने गए हुए थे। मौका पाकर किशोरी अलमारी में रखी नकदी व जेवर लेकर प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई। देर शाम खेत से घर पहुंचे परिजनों को किशोरी नहीं मिली। ग्रामीण ने आसपास मुहल्ला में किशोरी की तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। ग्रामीण ने कमरे में अलमारी खोलकर देखी तो उसमें रखे 50 हजार रुपये, सोने के कुंडल व अंगूठी और चांदी की पाजेब गायब थी। ग्रामीण थाने पहुंचा और युवक पर किशोरी को बहला फुसलाकर नकदी व जेवर साथ ले जाने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की।

### इंटर की छात्रा प्रेमी के साथ गई, मां ने दी तहरीर

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा क्षेत्र में इंटर की छात्रा प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी के साथ फरार हो गई। छात्रा की मां ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी इंटर की छात्रा और युवक के बीच प्रेम प्रसंग था। रविवार को रात छात्रा प्रेमी के साथ फरार हो गई। सोमवार को सुबह जब परिजन जागे तो छात्रा के जाने की जानकारी हुई। छात्रा की मां ने रजपुरा थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। जिसमें नकदी और सामान ले जाने का आरोप भी लगाया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## सार-संक्षेप




श्री दिगंबर जैन मंदिर में जैनाचार्य को श्रद्धांजलि देते जैन समाज की महिलाएं।

### त्याग, तपस्या व समर्पण के शिखर थे जैनाचार्य विद्यासागर

**बहजोई, अमृत विचार :** श्री दिगम्बर जैन सभा, जैन मिलन एवं बाबू मूकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के तत्वावधान में जैन परंपरा के संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के सल्लेखना पूर्वक समाधि उपरांत विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्री दिगम्बर जैन औषधालय में जैनाचार्य विद्यासागर महाराज को समर्पित विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा का शुभारंभ भगवान महावीर के चित्र पर आरएसएस के जिला संघचालक अनिल शास्त्री, जिला प्रचारक क्रांति कुमार, जैन सभा के संरक्षक राजेन्द्र जैन, अध्यक्ष सुनील कुमार जैन ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने आचार्य के जीवन को त्याग, तपस्या एवं समर्पण का शिखर बताया। कहा कि आचार्य जी का जीवन एक आदर्श जीवन रहा उनके विचारों एवं सिद्धांतों को हमेशा स्मरण किया जाता रहेगा। जैन परंपरा के ऐसे संत रहे जिन्होंने अपने जीवन काल में सर्वाधिक संतो को दीक्षा दी। इस दौरान विपुल जैन, चंद्रप्रकाश जैन, अनिल शास्त्री, पहुप जैन, राहुल जैन, अभिलाषा जैन, सपना जैन, स्वाति जैन, रंजना जैन आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता सुनील जैन व संचालन सम्भव जैन ने किया।

### हेल्थ केयर वर्कर को बताईं टीकाकरण की बारीकियां

**बहजोई, अमृत विचार :** हेल्थ केयर वर्कर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीकाकरण के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षकों ने एएनएम को जमीनी स्तर तक टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के बारे में जानकारी दी। वहीं टीकाकरण की बारीकियां को बताया। सीएमओ दफ्तर पर आयोजित प्रशिक्षण में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष कुमार ने कहा कि भावी पीढ़ियों को रोगमुक्त बनाने के लिए गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण बहुत जरूरी है। इसी तरह स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए बच्चों का टीकाकरण भी जरूरी है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर ने टीकाकरण सारणी, एएनएम की दिनचर्या और अन्य क्रिया-कलापों पर चर्चा की। वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर अरशद रसूल ने वैक्सीन को सुरक्षित, प्रभावी रखने के उपाय और वैक्सीन मैनेजमेंट के बारे में बताया। यूनिसेफ के डीएमसी प्रवीन कुमार ने जमीनी स्तर पर संचार गतिविधियों और सूक्ष्म कार्ययोजना पर विस्तार से प्रशिक्षित किया। इस दौरान सोनम, पिंकी, डाली, मोहित, खुश्बू, नेहा, चारू, गीता, जैनब, शीतल, मोनिका, रेखा, रजनी, पूनम आदि मौजूद रहीं।



धनारी में बिजलीघर का घेराव करते किसान। ● अमृत विचार

### किसान नेताओं ने बिजलीघर का घेराव किया

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने छपरा बिजलीघर का घेराव किया। किसानों ने कहा कि छपरा बिजली घर के पांच फीडर हैं मगर सभी फीडर पर समान बिजली नहीं दी जाती है। नाराज किसानों ने बिजली घर पहुंचकर घेराव किया। कहा गया कि औरंगाबाद, बबनपुरी, सुनवर सराय, दिन्नौरा, लोहामई, बंसतपुर व किरतपुर आदि गांव में बिजली समय से नहीं दी जा रही है। जिससे किसानों की फसल सूख रही हैं। मौके पर पहुंचे एसडीओ मुनेश्वर दयाल को किसानों ने धरने अपने साथ बैठाकर समस्याएं बताईं। कहा गया कि किसानों की समस्याओं का समाधान न होने की स्थिति में 4 मार्च को अधीक्षण अभियंता बबराला के घर पर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संजीव यादव, रमेशचंद्र शर्मा जिलाध्यक्ष, रौदाश यादव जिला उपाध्यक्ष, आदि मौजूद रहे।

### कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं के स्वास्थ्य की हुई जांच

**संभल, अमृत विचार :** शहर से सटे मंडी किशनदास सराय क्षेत्र में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नारी उत्थान समिति की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें छात्राओं के वायरल, टाइफाइड, खांसी आदि की जांच कर दवा वितरित की गई। शिविर में डॉ. महक खान ने बताया कि ज्यादातर छात्राएं स्वस्थ हैं। डॉ. धर्मेंद्र भास्कर ने छात्राओं की आंखों की जांच की। छात्राओं को बताया कि साफ सफाई के प्रति जागरूक रहना बहुत जरूरी है। नियमित आंखों को पानी से धोया जाए। समिति की अध्यक्ष सीमा आर्य ने छात्राओं को सेनेटरी का सामान वितरित किया। इस दौरान चारू गुप्ता, विद्यालय की वार्डन विमलेश कुमारी, रितु रानी, राबिया, कुसुम, धर्मवीर, रुखसार परवीन, रश्मि रानी, निशात आदि मौजूद रहे।

# जंगली जानवर ने भूखंड में बना दी सुरंग, लोगों में डर

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी में आबादी के बीच खाली पड़े भूखंड में जंगली जानवर ने खुदाई कर सुरंग बना दी। भूखंड में उपले बनाने पहुंची महिलाओं ने सुरंग देखी तो भय का वातावरण बन गया। पास में ही जंगली जानवर के पंजे के निशान भी दिखे। जिसे लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा करने लगे।

थाना क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी मोहम्मद रिजवान का गांव में आबादी के बीच खाली भूखंड है। जिसमें मोहम्मद रिजवान के परिवार की महिलाएं उपले बनाती हैं। रविवार को देर रात अज्ञात जंगली जानवर ने भूखंड में करीब चार से पांच फिट खुदाई कर सुरंग बना दी। सोमवार को सुबह एक

**पास में ही जंगली जानवर के पंजे के निशान भी दिखे गए**



ओबरी गांव में जानवर द्वारा बनाई गई सुरंग देखते ग्रामीण। ● अमृत विचार

महिला जब भूखंड में उपले बनाने के लिए पहुंची तो सुरंग देखकर डर गई। महिला ने परिजनों को सुरंग के बारे में जानकारी दी। देखते ही देखते तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। यह साफ नहीं हो सका कि किस जानवर ने सुरंग बनाई है।

### पथराव करने के आरोपी नाबालिग समेत दो पकड़े

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में रविवार की सुबह दुकानों पर कब्जा करने के विरोध में एक दर्जन से अधिक लोगों के साथ पथराव करने में शामिल नाबालिग सहित दो लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने कार्रवाई कर नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजकर दूसरे आरोपी का चालान कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नाला निवासी सुबहान ने एक दर्जन लोगों के साथ मिलकर रविवार को मुहल्ले में ही स्थित दुकानों पर कब्जा करने के इरादे से शटर बंद कर ताला लगा दिया था। दुकानों पर कब्जा करने व ताला लगाने का मुहल्ले के ही दुकान स्वामी जाबिर ने विरोध किया तो सुबहान ने बेटे व सरायतरीन के मुहल्ला चकली निवासी सोहेल और अन्य के साथ मकान पर पथराव किया था। तहरीर मिलने पर पुलिस ने सात नामदज और 8 से 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

# सरकारी योजनाओं से जीवन स्तर हो रहा बेहतर

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद संभल की ओर से दो स्थानों पर आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

संभल में चंदौसी मार्ग पर कुरुक्षेत्र मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आरंभ ईओ नगर पालिका रामपाल सिंह, सभासद महावीर सिंह और अजय शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सरकार की पीएम स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) योजना, अमृत योजना, आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना समेत कई योजनाओं की जानकारी




कार्यक्रम में ईओ रामपाल सिंह को सम्मानित करते सौरभ गुप्ता। ● अमृत विचार

**संभल में दो स्थानों पर आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम**

दी गई। कहा गया कि सरकार की योजनाओं का लाभ हरेक वर्ग के लोगों को मिल रहा है।

योजनाओं से लाभांवित लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो रहा है। इसलिए जो लोग योजनाओं से वंचित हैं, वह पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभ उठाने का काम करें। कार्यक्रम में एलईडी वैन पर प्रसारण के जरिये के भी योजनाओं की जानकारी दी गई। सभासद गगन वार्ष्णेय, राजेंद्र कुमार, सौरभ गुप्ता और नगर पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

वहीं हयातनगर में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान भाजपा नेता गणेश शर्मा, सुरेश अटल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**तैयारी** | चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में बोले उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत

# चुनाव में जीत के लिए जनता को बताएं सरकार की उपलब्धियां

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी की सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य देते हुए संगठन द्वारा तय 24 आयामों पर रणनीतिक तौर पर जुट जाने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि मोदी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने के लिए अभी से जुट जाएं। यूपी की योगी सरकार में आमजन के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। महिला सुरक्षा, बिजली, सड़क और गांवों में अमन चैन से आम आदमी भाजपा के पक्ष में खड़ा है। इसे वोट के रूप में तब्दील करने की जरूरत है।

सोमवार को बगीचा बैंक्वेट हॉल में भाजपा की विधानसभा स्तरीय



बैठक में दीप प्रज्जवलित करते उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत। साथ में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा व अन्य। ● अमृत विचार

चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मोदी सरकार के कामकाज और उपलब्धियां बताईं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रबंधन समिति से जुड़े सभी विभागों को जिम्मेदारी के साथ अपने-अपने विभागों में कामकाज शुरू करने और समय से खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी की लीडरशिप, सरकार के ऐतिहासिक निर्णय और देश के सर्वांगीण विकास को जनता पसंद कर रही है। इसलिए आमजन तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का काम जोर शोर से किया जाए। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर समीक्षा करते हुए बूथ का लक्ष्य निर्धारित करें। गत चुनाव में किस बूथ पर कितना वोट मिला, इसका आकलन कर बूथ का टारगेट फिक्स करें। एक एक बिंदु पर गंभीर मनन चिंतन कर पार्टी के पक्ष में हवा बनाने का काम किया जाए। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, बदायूं सांसद डॉ.संघमित्रा मौर्य, पूर्व मंत्री अजीत कुमार, एमएलसी बागीश पाठक, भारत सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, बदायूं भाजपा लोकसभा संयोजक हरिओम पाराशरी, संभल के प्रभारी हेमंत राजपूत, बबराला चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, चेयरमैन गुन्नौर खुशबू प्रजापति, विस संयोजक अखिलेश अग्रवाल भाजयुमो जिलाध्यक्ष शिखर गोयल, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, बदायूं की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव, पूर्व विधायक धर्मेन्द्र शाक्य आदि भाजपाई मौजूद थे।

# मॉडल शॉप का निर्माण जल्द पूरा कराने के निर्देश

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने खाद्य व रसद विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। मॉडल शॉप निर्माण कार्य को समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। रिक्त दुकानों पर राशन विक्रेताओं की नियुक्ति किए जाने को भी कहा।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सबसे पहले मॉडल शॉप को लेकर चर्चा की। जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग ने बताया कि जनपद में 11 मॉडल शॉप का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। डीएम ने निर्माणाधीन मॉडल शॉप का निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम ने विकास खंड अधिकारी संभल, पंवासा, बनियाखेड़ा, बहजोई को निर्देशित करते हुए कहा कि

**रिक्त दुकानों पर राशन विक्रेताओं की नियुक्ति जल्द हो**

मॉडल शॉप के निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि जिन विकास खंडों में मॉडल शॉप का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, उनकी सूची विकास खंड अधिकारियों को प्राथमिकता पर उपलब्ध कराएं। इसके बाद डीएम ने रिक्त दुकानों व निलंबित दुकानों के बारे में जानकारी ली। कहा कि जो दुकान रिक्त हैं वहां राशन डीलरों का जल्द प्रस्ताव कराया जाए। इस दौरान सीडीओ भरत कुमार मिश्रा, एडीएम प्रदीप वर्मा, डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा, एसडीम संभल सुनील कुमार त्रिवेदी, एसडीम चंदौसी नीतू रानी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बीमार तहेरी सास को देखने गई महिला को पीटा

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर की नरौली चौकी क्षेत्र के गांव जनेटा में घर में घुस कर महिला को लाठी-डंडों से पीट कर घायल कर दिया। महिला ने पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए तहरीर दी है। गांव जनेटा निवासी रहमत जहां पत्नी गुलाम मोहम्मद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 फरवरी को तहेरी जेठानी ने अपने बेटे के साथ मिल कर उसके बच्चों को पीटा था। उस समय मामला शांत हो गया। सोमवार की दोपहर करीब दो बजे वह अपनी बीमार तहेरी सास को देखने के लिए उनके घर गई थी। उसी समय मौका पाकर तहेरी जेठानी समेत अन्य लोगों ने पीटा।

### पति व देवर ने मारपीट कर घर से निकाला

**संभल, अमृत विचार :** अमरोहा जिले के गांव आदमपुर निवासी गुलफ्सा की शादी सात वर्ष पहले कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर निवासी मोहम्मद उमर के साथ हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं। आरोप है कि मोहम्मद उमर एक वर्ष से पहले से गुलफ्सा से अपने मायके से दहेज की मांग करंग रहा था। इसी बात को लेकर रविवार की देर शाम मोहम्मद उमर ने अपने भाई के साथ मिलकर गुलफ्सा के साथ मारपीट की और घायल गुलफ्सा को बच्चों सहित घर से निकाल दिया। परिजन गुलफ्सा को लेकर थाने पहुंचे और मोहम्मद उमर व उसके भाई के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### कार्यालय से पत्रावली गायब

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत वितरण खंड स्थित एक्सईएन कार्यालय से उपभोक्ता की पत्रावली गायब हो गई। एक्सईएन ने अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। एक्सईएन एसके पांडेय ने बताया कि एक उपभोक्ता की आवश्यक पत्रावली कार्यालय में रखी थी। जिसकी कई दिन से तलाश कराई जा रही है।

### बरात लाने से किया इनकार

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के मैढ़ोली निवासी रघुनंदन ने बेटी की शादी गांव दबथरा के मेनपाल से तय की थी। 28 फरवरी को बरात आनी थी। रघुनंदन ने शादी से संबंधित कई रस्में भी पूरा करा दी। रिश्तेदारों को कार्ड भी वितरित कर दिए। आरोप है कि शादी से तीन दिन पहले युवक पक्ष ने बरात नहीं लाने की बात कही। रिश्ता तोड़ दिए जाने से रघुनंदन के होश उड़ गए। रघुनंदन ने थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# सिरसी में ट्रेन से कटकर टेलर ने दी जान

## ट्रेन रवाना हुई तो लेट गया पटरी पर, टिकट लेकर कुंदरकी से संभल जा रहा था

संवाददाता, संभल/सिरसी/कुंदरकी

**अमृत विचार:** सिरसी रेलवे स्टेशन पर मुरादाबाद जिले के गांव इमारतपुर निवासी टेलर ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची जीआरपी व आरपीएफ और थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने टेलर का शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा।



मुरादाबाद जिले के गांव इमारतपुर निवासी 19 वर्षीय मोहम्मद आसिफ सोमवार की सुबह आठ बजे कुंदरकी रेलवे स्टेशन से संभल आने के लिए टिकट लेकर ट्रेन में सवार हुआ था। साढ़े नौ बजे ट्रेन हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सिरसी मखदूमपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची और दो मिनट स्टॉपेज के चलते रेलवे ट्रैक पर खड़ी हो गई। मोहम्मद आसिफ ट्रेन के पिछले डिब्बे से उतरकर रेलवे ट्रैक के पास खड़ा हो गया। दो मिनट बाद जैसे ही लोको पायलट योगेश कुमार ने ट्रेन को आगे बढ़ाया। मोहम्मद आसिफ ट्रेन के पिछले डिब्बे के नीचे घुसकर ट्रैक पर लेट गया। यह देखकर स्टेशन पर खड़े यात्रियों ने शोर मचाया। शोर को सुनकर चालक योगेश कुमार ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका, लेकिन रुकने से पहले ही ट्रेन का पहिया मोहम्मद आसिफ की गर्दन से होकर उतर गया। जिससे मोहम्मद आसिफ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ मौके पर पहुंची और शव को ट्रेन के नीचे से निकाला। जिससे लगभग एक घंटे ट्रेन सिरसी रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही।



सिरसी में ट्रेन से युवक के कटने के बाद मौके पर पड़ताल करती पुलिस।

▸▸ **मुरादाबाद जिले के गांव इमारतपुर का था आसिफ**

### सोशल मीडिया से हुई पहचान, पहुंचे परिजन

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सिरसी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने वाले युवक की शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया। सोशल मीडिया पर ट्रेन से कटे मोहम्मद आसिफ का फोटो परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मोहम्मद आसिफ दिल्ली में रहकर टेलर का काम करता था। सोमवार की सुबह बिना बताए घर से निकला था। संभल क्या करने या किससे मिलने जा रहा था। इसके बारे में जानकारी नहीं है। मोहम्मद आसिफ दिल्ली में सिलाई का काम करता था। करीब एक माह से घर पर ही रह रहा था। लोगों का कहना है कि इस दौरान आसिफ दिमागी तौर पर परेशान था। मृतक चार बहन भाइयों में मझला था। दो बहनों, मां फूलजहां व छोटे भाई सुहेल का रोते-रोते बुरा हाल है।

# टेंपो और जेसीबी की भिड़ंत में आठ लोग घायल, दोनों चालक हुए फरार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर वीनस शुगर मिल के सामने टेंपो व जेसीबी की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में टेंपों में सवार आठ यात्री घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए निजी वाहन व एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

सोमवार की शाम छह बजे बहजोई से टेंपो चालक आठ सवारी लेकर चन्दौसी के लिए निकला। जब टेंपो बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद रोड स्थित मझावली शुगर मिल के निकट से गुजरा तो उसी समय सामने से आ रही जेबीसी ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे के बाद टेंपो सड़क किनारे पलट गया। हादसे में टेंपो में सवार सभी आठों यात्री घायल हो गए। उधर से गुजर रहे बहजोई थाने में तैनात सिपाही प्राशु ने गंभीर रूप से घायल गंगा सहाय पुत्र राम सिंह निवासी बहजोई देहात थाना बहजोई को निजी वाहन से सीएचसी में भर्ती कराया। इसके अलावा घायलों में विपिन पुत्र विष्णु, देशपाल पुत्र सोमपाल, सोमवीर पुत्र कुंवर पाल सिंह, विजय पुत्र खानचंद्र, संजीव पुत्र रामजीमल, आनंद पाल पुत्र नंद किशोर, डोली पुत्र सियाराम निवासी गण गांव बेहटा जयसिंह थाना बहजोई को सीएचसी में भर्ती कराया गया। उक्त सातों घायलों ने बताया कि उन्हें चन्दौसी से ट्रेन से रेवाड़ी (हरियाणा) जाना था। ये लोग वहां मजदूरी करने जा रहे थे। गंगा सहाय के परिजनों ने बताया कि वह चन्दौसी में एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। गंभीर रूप से घायल गंगा सहाय को चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।



सड़क हादसे में घायल को एंबुलेंस से उतारते स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

▸▸ **बनियाठेर थाना क्षेत्र के वीनस शुगर मिल के सामने हादसा**

### बैंक्वेट हाल के बाहर से कार चोरी, दी तहरीर

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र मुरादाबाद रोड स्थित बैंक्वेट हाल में आयोजित शादी समारोह के बाहर खड़ी कार चोरी हो गई। पीड़ित ने कार चोरी की तहरीर कोतवाली में दी है।

मोहल्ला गोपाल निवासी गोपाल शर्मा रविवार की रात दस बजे मुरादाबाद रोड स्थित कान्हा विहार बैंक्वेट हाल में एक शादी समारोह में शामिल होने अपनी कार से गए थे। उन्होंने अपनी स्फिट डिजायर कार बैंक्वेट हाल के बराबर महानंदन पुरुम कॉलोनी के गेट के बाहर खड़ी कर दी। वहां पर अन्य कारें भी खड़ी थीं। इसके बाद शादी समारोह में शामिल होने के लिए बैंक्वेट हाल में चले गए। रात 12.15 बजे घर जाने के लिए बैंक्वेट हाल के बाहर आए तो देखा उनकी कार नदारद थी। शहर में कई स्थानों पर कार की खोजबीन की। सोमवार को पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है।

# समूह की महिलाओं को सरकार की उपलब्धियां बताईं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर के अन्नपूर्णा बैंक्वेट हॉल में सोमवार को शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा पश्चिम क्षेत्र के उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न स्वयं सहायता समूह चलाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से महिला शक्ति को परिवार के भरण पोषण के लिए एक अच्छी आमदनी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर महिलाओं को राजनीति में विशेष भागीदारी देने का काम किया है। महिलाओं के लिए तमाम जन कल्याणकारी योजनाएं लगातार चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास महिला के नाम से ही दिया जाता है।

मुस्लिम बहनों को तलाक जैसे अपराध के खिलाफ एक सख्त कानून लाकर उनके सम्मान की रक्षा की है। कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना लाकर देश की महिलाओं को सम्मान दिया। आज देश में महिलाओं के प्रति एक सुरक्षा का वातावरण बना हुआ है।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सतीश अरोरा, भुवनेश राघव, शरद शर्मा, किरण शर्मा, मोक्षिका भारद्वाज, नीलम अरोड़ा, आदि ने संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने व संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज कठेरिया ने किया।

इस अवसर पर आमोद वार्ष्णेय, राजश्री अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता मोनू, आशा गोस्वामी, निर्मला देवी, गिरिराज किशोर मौर्य, हरवेश राघव, सुमित ठाकुर, ललित मोहन शर्मा, राजकुमार यादव, रामजी तोमर, जयशंकर दुबे, पप्पू यादव, विपिन वाल्मीकि, मुकेश जाटव, नरेंद्र आचार्य आदि उपस्थित रहे।




शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता राजेश सिंघल। ● अमृत विचार

▸▸ **अन्नपूर्णा बैंक्वेट हॉल में शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित**

## सार-संक्षेप

### वामन अवतार की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भोलेनाथ वाटिका में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य संतोष भारद्वाज ने वामन अवतार का प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान वामन अवतार के बाल रूप की झांकी भी प्रस्तुत की गई। कथा वाचक ने श्रीमद भागवत कथा के माध्यम से लोगों में भगवान के प्रति भक्ति का संचार करने का प्रयास किया। राजा अंबरीश के विषय में बताते हुए कहा कि उनका मन सदा के लिए कृष्ण के चरण में लगा रहता था। उनकी आंखे सदैव हरि मूर्ति दर्शन को प्यासी रहती व शरीर से भक्तों की सेवा में ही लगे रहना चाहते थे। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान प्रतीक व महिमा वार्ष्णेय, सुशील भोलेनाथ, डॉ. टीएस पाल, सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, शकुंतला देवी, मोनिका वार्ष्णेय, बीना वार्ष्णेय, नम्रता गुप्ता, प्रीति, सरिता, सीता, रेनु कुमारी, डोली, अंजना, हिना, शोभा, कुमकुम, गुलशन कुमार, मुनीश वार्ष्णेय, मुकेश वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



भागवत कथा सुनाते कथा वाचक संतोष भारद्वाज। ● अमृत विचार



बनियाठेर के गांव अकरौली में रामकथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### अकरौली में श्री राम कथा का आयोजन, उमड़े श्रद्धालु

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर के गांव अकरौली में सात दिवसीय श्री राम कथा के चौथे दिन कथा वाचक अशोक दीक्षित ने कहा कि अयोध्या में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन चारों भाइयों के जन्म पर राजा दशरथ का महल किलकारियों से गूंज उठा। कथा वाचक ने कहा कि जब चारों भाई राम-लक्ष्मण और भरत-शत्रुघन महल में खेल रहे थे। तब देवताओं को अधिक प्रसन्नता हुई और राम को महलों में देख होने वाले रावण से युद्ध के विषय में चिंता सताने लगी। जिस पर सभी देवताओं ने गुरु विश्वामित्र से राम को रावण युद्ध के लिए तैयार करने का आग्रह किया। इस पर गुरु विश्वामित्र अयोध्या नगरी राजा दशरथ के दरबार में पहुंचे और चारों राजकुमारों को शिक्षा देने के लिए राजा दशरथ से राम-लक्ष्मण को अपनी कुटिया में शिक्षा देने की बात कही। जिस पर राजा दशरथ ने महलों में ही आकर के शिक्षा ग्रहण करने का आग्रह किया किंतु गुरु विश्वामित्र ने साफ इनकार कर दिया और साथ ले जाने की बात कही। गुरु विश्वामित्र के आदेश का पालन करते हुए राजा दशरथ ने दोनों भाइयों राम लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ भेज दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर हरिकिशन शर्मा, पीयूष शर्मा, हर किशोर रुहेला, आशिला शर्मा, रूबी रुहेला, आशा देवी, सविता देवी, मुन्नी देवी, मीना देवी, तेजवती मौर्य, हनी रुहेला आदि मौजूद रहे।

### राहुल और अखिलेश की जोड़ी नाकाम व बेअसर

**बबराला अमृत विचार :** भाजपा की यूपी चुनाव प्रबंधन समिति में घोषणा पत्र समिति के प्रमुख, उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पत्रकार वार्ता के दौरान इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी नाकाम व बेअसर है। वह दोनों को बेमेल बैल तक बोल गए। बदायूं लोकसभा से पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव की जगह शिवपाल सिंह यादव को सपा प्रत्याशी बनाने के सवाल पर धर्मेन्द्र यादव को भगोड़ा करार दिया। बोले, उनकी परफार्मेंस ठीक नहीं थी इसलिए उन्हें बदायूं से भागना पड़ा।

# कैडेट्स ने मतदान के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** 24 यूपी बटालियन मुरादाबाद ने एसएम इंटर कॉलेज चन्दौसी में सोमवार को मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया। रैली के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स ने नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

एसएम इंटर कॉलेज से मतदाता जागरुकता रैली का आरंभ स्वीप सदस्य समाजसेविका संगीता भार्गव व जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम ने संयुक्त रुप से झंडी दिखा कर किया। तदोपरांत प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता व मेजर मुनीश शर्मा ने कैडेट्स को मतदाता जागरुकता हेतु मुख्य बिंदुओं को विस्तारपूर्वक समझाया।

कैप्टन चंद्रवीर ने कैडेट्स को मतदाताओं को मत प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। कैप्टन श्रीराम वर्मा ने कैडेट्स को मतदाता जागरुकता संबन्धी नारे लगवाए। तत्पश्चात रैली निकाली गई। रैली में एनसीसी कैडेट्स हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे और नारे लगा कर लोगों को मतदान के प्रति जागरुक कर रहे थे। रैली फव्वारा चौक, सुभाष रोड, मालगोदाम रोड, स्टेशन रोड होते हुए विद्यालय परिसर पहुंच कर संपन्न हुई।

इस दौरान सूबेदार अशोक कुमार, हवलदार सुदेश कुमार समेत लेफ्टिनेंट ओमप्रकाश उपस्थित रहे। तमाम कैडेट्स की बढ़चढ़ कर भागीदारी रही।




रैली को झंडी दिखातीं स्वीप सदस्य संगीता भार्गव व डीआईओएस वेदराम।

▸▸ **एसएम इंटर कॉलेज से निकाली जागरुकता रैली**

▸▸ **विभिन्न स्कूलों के कैडेट्स ने लिया भाग**

### पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद, परिजनों ने भी डांटा तो खा लिया जहर

**संभल, अमृत विचार:** बाइक सवार युवकों द्वारा पीछा करने की शिकायत करने पुलिस चौकी गया तो पुलिस कर्मियों ने डांटकर भगा दिया। परिजनों को बताया तो उन्होंने भी डांटकर चुपचाप घर बैठने को कहा। इसके बाद तनाव में आये युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी अवधेश को पड़ोसियों की शिकायत पर पुलिस ने जेल भेज दिया था। अवधेश 12 फरवरी को जमानत पर छूटकर घर आया था। सोमवार की सुबह अवधेश बाइक पर सवार होकर संभल से घर जा रहा था। बताया कि अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग अवधेश का पीछा करने लगे। बाइक सवारों से बचता हुआ अवधेश घर पहुंचा। परिजनों ने डांटते हुए अवधेश को घर पर ही रहने की सलाह दी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ **संभल-हसनपुर मार्ग पर हुआ हादसा, भाभी व भतीजा घायल**

▸▸ **अमरोहा जिले के गांव शेरपुर ढ़यौटी का है परिवार**

**अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में संभल-हसनपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अमरोहा जिले के निवासी युवक की मौत हो गई जबकि उसकी भाभी व भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए।



अमरोहा जिले के गांव शेरपुर ढ़यौटी निवासी इबले अली (25 वर्ष) सोमवार को देर शाम सात बजे भाभी गजाला परवीन पत्नी मोहम्मद उमर, भतीजे मोहम्मद उवैस (5 वर्ष), भतीजी अनीजा (2 वर्ष) और मां नफीसा खातून के साथ बाइक पर सवार होकर सरायतरीन निवासी भांजे की शादी में शामिल होने जा रहा था। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव शरीफपुर को जाने वाले लिंक मार्ग के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में इबले अली, गजाला परवीन, मोहम्मद उवैस गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि अनीजा व नफीसा खातून बाल बाल बच गईं। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टर ने इबले अली को मृत घोषित कर दिया। गजाला परवीन व मोहम्मद उवैस का उपचार किया। इबले अली पानीपत में रहकर रुई मशीन पर ठेकेदारी का काम करता था।

# किसानों के खातों में भेजेंगे पीएम सम्मान निधि की 16वीं किस्त

संवाददाता, बहजोई

▸▸ **28 फरवरी को जनपद के आठ ब्लॉकों में किसान उत्सव का किया जाएगा आयोजन**

**अमृत विचार :** 28 फरवरी को प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री वर्चुअल रूप से जनपद के किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त जारी करेंगे। जिसे लेकर जिले के आठों विकास खंडों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठी के माध्यम से किसानों के बीच योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

कार्यक्रम खंड विकास स्तर पर होंगे। आठ विकास खंडों में कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। असमोली में व्यवस्था के लिए बीटीएम अनुज कुमार, नोडल अधिकारी जिला कृषि अधिकारी प्रबोध कुमार व बीडीओ असमोली, ब्लॉक संभल में व्यवस्था के लिए बीटीएम राजपाल सिंह, नोडल अधिकारी सहायक विकास अधिकारी कृषि कौशल कुमार व बीडीओ संभल, पंवासा में व्यवस्था के लिए बीटीएम सत्येंद्र कुमार, अजय कुमार व बीडीओ पंवासा को नोडल, गन्नौर में मनोज कुमार को व्यवस्था, सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार शर्मा व बीडीओ गुन्नौर को नोडल अधिकारी, रजपुरा में बीटीएम सुनील कुमार को व्यवस्था, सहायक विकास अधिकारी कृषि देव कुमार व बीडीओ रजपुरा को नोडल अधिकारी, जुनावई में बीटीएम मलखान सिंह को व्यवस्था, सहायक विकास अधिकारी कृषि दलवीर सिंह और बीडीओ को नोडल अधिकारी, बनियाखेड़ा में बीटीएम केहरी सिंह को व्यवस्था, टीए पंकज कुमार व भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह को नोडल अधिकारी, बहजोई में बीटीएम भुवनेश कुमार को व्यवस्था, चंद्रपाल व बीडीओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**लापरवाही** | कई कॉलोनियों में बांस-बल्ली पर ही झूल रहे बिजली के केबिल

# जड़ में गले बिजली के खम्भे, हादसे का अंदेशा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** कई कॉलोनियों व बाजारों में सड़क किनारे खड़े बिजली के खम्भे जड़ से गल गए हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जबकि विद्युत विभाग की ओर से सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें नए खम्भों के साथ-साथ जर्जर तारों को भी बदला जा रहा है। मगर अभी तक नीचे से गले खम्भों को नहीं बदला जा सका है।

विद्युत विभाग कई माह से सुदृढ़ीकरण के नाम पर शहर में कई फीडर क्षेत्र में नए खम्भों के साथ नए तार भी लगवा चुका है। अभी भी सुदृरीकरण के तहत कार्य कराया जा रहा है।

मगर शहर में कई ऐसी कॉलोनी व बाजार हैं जहां नीचे से गले विद्युत खम्भे अभी भी लगे हैं। विभाग के कर्मचारियों ने कुछ स्थानों पर नीचे से गले खम्भों की मरम्मत करके उन्हें दुरुस्त भी कर दिया है। मगर फिर वही हालत हो जाती है। लोग कई बार विद्युत विभाग से जर्जर खम्भों को बदलने की मांग कर चुके हैं। लोगों का कहना है कि नीचे से गले खम्भों से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



इंद्रा कालोनी में नीचे से गला बिजली घरेलू लाइन का खम्भा ● अमृत विचार

▸▸ **लोग कई बार विद्युत विभाग से जर्जर खम्भों को बदलने की मांग कर चुके हैं, खतरा बकरार**

### इन स्थानों पर लगे हैं जर्जर विद्युत पोल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शहर के तहसील रोड, इंद्रा कॉलोनी, पंचशील कॉलोनी, विकास नगर, स्टेशन रोड, कैथल गेट, पुराना बाईपास रोड, सीता रोड, गणेश कॉलोनी, कैथल गेट, प्रगति विहार सहित अन्य स्थानों पर नीचे से गले व तिरछे विद्युत पोल लगे हुए हैं।

> विभाग की ओर से सुदृरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। जिन स्थानों पर भी नीचे से गले व जर्जर विद्युत पोल लगे हैं, उनके स्थान पर शीघ्र नए पोल लगाए जाएंगे। लोगों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।
>
> **-अजय कुमार शुक्ला,** एसडीओ प्रथम, विद्युत वितरण खंड

# लक्ष्य के सापेक्ष वसूली नहीं होने पर डीएम ने दी कार्रवाई की चेतावनी

संवाददाता, बहजोई

▸▸ **सहायक श्रम आयुक्त के गैरहाजिर रहने पर जिलाधिकारी ने जारी किया नोटिस**

▸▸ **ओवर रेटिंग शराब की बिक्री न होने देने के आबकारी विभाग को दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ करेत्तर राजस्व कार्यों, चकबंदी व प्रवर्तन कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सहायक श्रम आयुक्त के बैठक में गैर हाजिर रहने पर नोटिस जारी किया। अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष में वसूली किए जाने के निर्देश दिए। वहीं लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विभाग बार राजस्व वसूली की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति को लेकर जानकारी प्राप्त की। जिसमें स्टांप विभाग के वार्षिक व मासिक लक्ष्य के विषय में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने शीघ्र ही लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्तियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। व्यापार कर, आबकारी, वाहन कर, वानिकी, सिंचाई को लेकर वसूली के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से कहा कि वह लिखित में जवाब दें कि वह किस प्रकार से राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य पूर्ण करेंगे। नगर निकाय से भी जानकारी ली।

एडीएम से कहा कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में एक बैठक नगर निकाय की अलग से बुलाई जाए। आरसी वसूली को लेकर भी संबंधित विभाग वार जानकारियां ली। व्यापार कर, विद्युत देय, बैंक देय, खनिज देय, स्टाम्प देय की वसूली के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्युत, बैंक, परिवहन के बड़े बकायेदारों से वसूली करने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग द्वारा छापे एवं कार्रवाई को लेकर जानकारी दी गई। डीएम ने कहा कि जनपद में कहीं भी ओवर रेटिंग शराब न बेची जाए। श्रम विभाग की समीक्षा करते डीएम ने सहायक श्रम आयुक्त को बैठक में अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। धारा 67 के अंतर्गत 3 वर्ष से अधिक व 1 वर्ष से अधिक के मामलों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम चंदौसी नीतू रानी, एसडीएम संभल सुनील कुमार त्रिवेदी, डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा, दीपक चौधरी व वंदना मिश्रा और सभी तहसीलदार मौजूद रहे।

यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।
एवं परुषकारेण विना दैवं न सिद्ध्यति।।

जैसे एक पहिये से रथ नहीं चल सकता। ठीक उसी प्रकार बिना पुरुषार्थ के भाग्य सिद्ध नहीं हो सकता है।


## संपादकीय

# डब्ल्यूटीओ नीतियां

किसानों के निशाने पर विश्व व्यापार संगठन भी है। उनकी मांग है कि सरकार भारत को विश्व व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार समझौतों से बाहर निकाले। सोमवार को पंजाब व हरियाणा के किसानों ने राजमार्गों के किनारे कई स्थानों पर ट्रैक्टर खड़े करके प्रदर्शन किया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे किसानों ने डब्ल्यूटीओ की नीतियों की आलोचना की और उन्हें 'किसान विरोधी' बताया। उन्होंने दावा किया कि डब्ल्यूटीओ की नीतियों के कारण सरकार सभी फसलों पर एमएसपी नहीं दे रही है। उधर भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों से लंबे समय से लंबित सार्वजनिक खाद्य भंडारण मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह सीधे तौर पर वर्ष 2030 तक 'शून्य भुखमरी' के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने से संबंधित है। खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण कार्यक्रम एक नीति माध्यम है जिसके तहत सरकार एमएसपी पर किसानों से चावल और गेहूं जैसी फसलें खरीदती है तथा खाद्यान्न का भंडारण और गरीबों को वितरित करती है। दरअसल वर्ष 1994 से विश्व व्यापार समझौता कृषि क्षेत्र में लागू हुआ। समझौते का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर उत्पाद एवं व्यापार का निजीकरण करना था। डब्ल्यूटीओ का नियम कहता है कि विश्व व्यापार संगठन से जुड़े सदस्य देशों को अपने कृषि उत्पाद को दी जाने वाली घरेलू मदद की मात्रा को सीमित करना चाहिए। जबकि डब्ल्यूटीओ के नियम किसानों की मांग से विपरीत हैं।

गौरतलब है विकसित राष्ट्रों ने अपने किसानों को भारी सहायता जारी रखी। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति किसान 300 डॉलर की सब्सिडी दी जाती है जबकि अमेरिका में यही सब्सिडी प्रति किसान 40,000 डॉलर की मिलती है। इससे विकसित देशों के किसानों की व्यक्तिगत उत्पादन लागत कम हुई और बाजारों में कम कीमत पर अपने उत्पादों को बेचकर भी वे मुनाफे में रहे वहीं हमारे किसान अपनी अत्यधिक कृषि लागत और कम बाजार भाव के कारण ऋणग्रस्त होते गए। किसानों के आंदोलन करने का उद्देश्य ही यही है कि उन्हें एमएसपी, फसलों की खरीद और पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को लेकर कानूनी गारंटी दी जाए। सवाल है कि विश्व व्यापार समझौतों के तहत सरकारी खरीद तथा समर्थन मूल्य को कम कर दिए जाने से किसान बेबस और लाचार हो गए। क्या डब्ल्यूटीओ का कृषि समझौता खाद्य सुरक्षा नीति के विरुद्ध होने के साथ ही देश की नीति-निर्धारण की संप्रभुता में हस्तक्षेप भी है।

# खुली किताब से परीक्षा: संभावनाएं और चुनौतियां



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा जोर दिया जाता है।



शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम ,पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाय। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं।अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

लगभग ढाई दशक पूर्व का वाकया है। उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों के विकास की प्रक्रिया गतिमान थी। हिंदी की पाठ्य पुस्तक में लोकगीत से ससंबंधित पाठ क्रमांक डालते हुए पूरा पेज रिक्त रखा गया था। पेज पर विद्यार्थियों के लिए निर्देश था कि अपने यहां किसी भी अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीत को रिक्त स्थान पर लिखें। पाठ की विशेषता यह भी थी कि अगले पेज में विविध अभ्यास दिए गए थे जो बच्चों द्वारा लिखे जाने वाले लोकगीत पर केंद्रित थे। शुरुआती क्षेत्रीय परीक्षणों में इस पाठ की बहुत आलोचना हुई तथा पर्याप्त चर्चा-विमर्श के उपरांत ही पाठ को स्वीकार किया गया। कारण यह कि उस दौर में प्रश्नों के उत्तर लगभग हू-ब-हू पाठ्यपुस्तक में दिए गए होते थे जबकि यह पाठ प्रचलित पैटर्न के एकदम विपरीत था।

नब्बे का आख़िरी दशक शिक्षा में विभिन्न प्रयोगों व नवाचारों का दौर था। शिक्षण विज्ञान पर देश व्यापी चर्चाओं के बाद वर्ष-2005 में 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा' ने 'ज्ञान को रटंत प्रणाली से मुक्त करने तथा विद्यालय की परिधि से बाहर ले जाने' की सिफ़ारिश की। इससे शैक्षिक परिदृश्य में कई बड़े परिवर्तन आए। इसी के चलते पाठ्य पुस्तकों में टेक्स्ट से संबंधित ऐसे विविधता पूर्ण अभ्यासों पर सहमतियां बनीं जो बच्चों को किताब की दुनिया से बाहर की दुनिया तक जाने का रास्ता तैयार करें। निश्चित ही इन अभ्यासों का हल पाठ्यवस्तु की किसी पंक्ति या अनुच्छेद में नहीं बल्कि उस पूरे पाठ को पढ़कर बनी समझ में ज़्यादा था। पर, क्योंकि यह एक पारंपरिक स्थिति से भिन्न प्रयोग था इसलिए इसकी स्वीकार्यता में समय लगा।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाय। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाए। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं। अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

'परीक्षा'किसी भी स्तर की शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य अंग है। यह एक निश्चित अंतराल पर शिक्षार्थियों के अर्जित ज्ञान, कौशल या दक्षताओं को जांचने की क्रिया, प्रक्रिया या अवस्था है। इसके अंतर्गत कुछ विशेष प्रकार के लिखित अथवा मौखिक अभ्यास प्रश्न डिजाइन किए जाते हैं। स्वाभाविक ही है कि 'परीक्षा' नाम की यह पूरी प्रक्रिया तात्कालिक पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक, शिक्षण बिंदुओं तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं के तरीक़ों पर निर्भर करती है और इन्हीं के अनुरूप होती है। इसका सीधा सा अर्थ यही है कि अगर हम 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव की बात करते हैं तो हमें उक्त सभी में इस प्रकार के आवश्यक बदलाव करने होंगे जो परीक्षा के बदले पैटर्न का समर्थन करते हों और तदनुरूप हों। ज़ाहिर सी बात है कि 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए केवल एग्जाम पैटर्न में बदलाव ही काफ़ी नहीं होगा बल्कि पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक समेत सभी स्तरों पर बदलाव अपेक्षित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की संस्तुतियों को दृष्टिगत रखते हुए सीबीएसई द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ विद्यालयों में सेकेंडरी स्तर से 'ओपन-बुक एग्जाम-ओबीई' आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसके तहत परीक्षार्थी परीक्षा में पाठ्यपुस्तक, क्लासरूम नोट्स या अन्य स्वीकृत सामग्री के साथ परीक्षा दे सकेंगे। हालांकि कुछ लोगों को 'खुली किताब के साथ परीक्षा' सुनने में कर्णप्रिय लग सकता है लेकिन यह परीक्षा पार करने का इतना सहज-सुगम तरीक़ा नहीं होने वाला है, क्योंकि यहां पर प्रश्न सीधे- सपाट या टैक्स्ट में निहित उत्तर पर आधारित न होकर सिद्धांतों या निष्कर्षों को विश्लेषणात्मक दक्षता के आधार पर प्रस्तुत करने पर केंद्रित होंगे। अगर सीधे कहें तो यह परीक्षा इस बात की जांच करेगी कि विद्यार्थी ने दिए गए सिद्धांतों अथवा तय निष्कर्षों को किस स्तर तक समझा है तथा वह इस समझ का विभिन्न परिस्थितियों में तर्कपूर्ण एवं विश्लेषणात्मक उपयोग कर सकता है अथवा नहीं। निश्चित ही यह प्रक्रिया विद्यार्थियों में सूचनाओं, तथ्यों, परिभाषाओं अथवा सूत्रों को रटने की बजाय मन-मस्तिष्क में उनकी गहरी समझ स्थापित करने तथा विभिन्न विषय संदर्भों में उसे 'ज्ञात से अज्ञात की ओर' जाने का रास्ता सुगम करेगी। पर, इस सबके लिए आवश्यक होगा कि इसे नियमित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए। नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होने से बच्चों में कक्षा शिक्षण के दौरान शिक्षक द्वारा अपनाई गई शिक्षण विधियों, पाठ्यपुस्तक तथा अन्य पाठ्यसामग्री के बीच का संबंध स्पष्ट होगा तथा किसी समस्या के समाधान हेतु पाठ्यसामग्री को बार-बार संदर्भित कर सही व सटीक उत्तर की ओर जाने का कौशल विकसित होगा। इस प्रक्रिया में वे अपनी ग़लतियों को ख़ुद से सुधारना सीखेंगे तथा केवल परीक्षा पास करने के लिए कुछ प्रश्नों को रट लेने के बजाय गूढ़ अध्ययन की ओर उन्मुख होंगे।

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा ज़ोर दिया जाता है। भारतीय परिस्थितियों में ओपन बुक योजना और इसके नतीजे लागू होने पर ही सामने आएंगे। लेकिन यह ज़रूर है कि इसकी प्रभावकारिता के लिए पाठ्य सामग्रियों, कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं, आकलन-मूल्यांकन प्रणालियों व अकादमिक सुपरविजन के तरीक़ों में भी अपेक्षित बदलाव लाने होंगे। साथ ही परिवेश में उपलब्ध ज्ञान के मानवीय स्रोत एवं स्थानीय संसाधनों की भूमिका को भी स्पष्टतः रेखांकित करना होगा।

## प्रसंगवश

# चंद्रशेखर आजाद से जुड़े तथ्यों को जानना नागरिकों का अधिकार

**बलिदान दिवस**

भारत की आजादी के लिए सशस्त्र क्रांति के सूत्रधार अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद कब और कहां पैदा हुए? अभी तक न तो जन्म स्थान निश्चित हो पाया है और न ही जन्म तिथि। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में यह अब भी असंभव बना हुआ है। यही कारण है कि भाबरा (मध्य प्रदेश), भौंती (कानपुर) और बदरका (उन्नाव) के लोग उन्हें अपना मानकर प्रतिवर्ष मेला और जलसा आयोजित करके अपने दावे को मजबूत करते रहते हैं। बदरका का भव्य आजाद स्मारक अपने इस दावे को वर्ष प्रतिवर्ष और मजबूत करता ही जा रहा है।




गौरव अवस्थी
रायबरेली

आजाद से जुड़े अनेक मिथकों पर पिछले वर्ष एक नई किताब आई- 'चंद्रशेखर आजाद मिथक बनाम यथार्थ'। पुस्तक के प्रथम दो अध्याय जन्म स्थान और जन्मतिथि पर ही केंद्रित हैं। किताब का शीर्षक उम्मीद जगाता है कि आजाद के जन्मस्थान और जन्मतिथि का निर्धारण निश्चित हो गया होगा लेकिन किताब के लेखक आईपीएस अधिकारी प्रताप गोपेंद्र की गहन खोज भी निर्णायक मुकाम पर नहीं पहुंचा पाती। हां, पुस्तक की एक खासियत यह है कि आजाद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें और उपलब्ध आधे-अधूरे प्रमाण एक ही छतरी (पुस्तक) के नीचे मिल जाते हैं। इससे और कुछ नहीं तो आपको अपना मत निर्धारित करने में मदद जरूर मिलती है।

कोई आजाद का जन्म स्थान भाबरा मानता है तो कोई बदरका। किसी को भरोसा है कि आजाद का जन्म लखनऊ के काकोरी के पास ईटगांव में हुआ था और कोई ब्रिटिश हुकूमत के दौरान चले मुकदमों में खुद आजाद द्वारा लिखाए गए तथ्यों को ही प्रमाण मानकर उनका जन्म बनारस के बैजनाथ मोहल्ले का मानता है। कुछ विद्वान और आजाद के अधिकतर साथी आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के भाबरा में ही मानते हैं। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में आज तक यह तक तय कर पाना मुश्किल है कि आजाद के पिता कहां के रहने वाले थे? कई इतिहासकार उनके पिता पंडित सीताराम तिवारी को भौंती-प्रतापपुर (कानपुर) का मानते हैं और कोई कोई उन्हें बदरका का। कहीं-कहीं उनके पिता का नाम पंडित बैजनाथ या स्वतंत्र शर्मा भी मिलता है। हालांकि लेखक प्रताप गोपेंद्र अपने एक अध्याय में आजाद की जन्म तिथि मां स्व. जगरानी देवी द्वारा झांसी प्रवास के दौरान भगवान दास माहौर को बताई गई हिंदी तिथि (सावन सुदी दूज सोमवार) के आधार पर 23 जुलाई 1906 मानने पर ही जोर देते हैं। इसके प्रमाण में अपनी वह खोज पुस्तक में प्रस्तुत करते हैं जो उन्होंने गूगल पर प्रोकेरला (prokerala.com) के माध्यम से जुटाई है। इस पुस्तक में ऐसी खोज का एक चार्ट भी प्रकाशित किया गया है। हालांकि उन्नाव वाले आजाद की जन्म तिथि 7 जनवरी मानते हैं। इसके लिए उनके अपने तर्क और आधार हैं। बदरका में आजाद की जयंती मनाने की परंपरा 1943 से चली आ रही है। यह आज भी कायम है और वृहत मेले का रूप ले चुकी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रताप गोपेंद्र की पुस्तक नए तथ्यों की ओर पाठक का ध्यान आकृष्ट करती है लेकिन असल सवाल फिर वहीं अटक जाता है कि आखिर चंद्रशेखर आजाद का जन्म कहां का माना जाए और उनकी जन्मतिथि क्या है? यह तो सभी को पता है कि 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क (अब आजाद पार्क) में ब्रिटिश हुकूमत के हाथ आने के पहले चंद्रशेखर आजाद ने कनपटी पर गोली मार कर अपना प्राणांत करके अपने उस प्रण को पूरा किया था, जो अक्सर वह अपने साथियों के समक्ष इन शब्दों में व्यक्त किया करते थे- 'मेरी रिवाल्वर में आठ गोली हैं। एक मैगजीन अतिरिक्त। 15 गोली अंग्रेज आततायियों पर दागूंगा और सोलहवीं खुद पर।' इसे उन्होंने आखिरी सांस में पूरा भी किया। सवाल है कि आजाद भारत की सरकारें आज तक आजाद का जन्मस्थान और जन्म तारीख प्रमाणित करने की कोशिश तक क्यों शुरू नहीं कर पाईं? जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु के रहस्योद्घाटन के लिए आयोग बन सकते हैं तो चंद्रशेखर आजाद की जन्मतिथि और जन्मस्थान पता करने के लिए क्यों नहीं? केवल 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले..' से ही शहीदों के प्रति श्रद्धा प्रकट नहीं की जा सकती। आजाद के जीवन से जुड़े सही तथ्यों को जानना आजाद भारत के हर नागरिक का अधिकार है और सरकारों का कर्तव्य।

# प्रभावित होती सरकार की छवि



डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था।

उत्तर प्रदेश पुलिस दुनिया की सबसे बड़ी संख्या बल वाली पुलिस है, जिसमें 2.25 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। विभाग में चल रही भर्ती को सरकार ने रद करके आगामी छह माह में पुनः परीक्षा की घोषणा की है। निसंदेह पुनः परीक्षा में सजगता देखने को मिलेगी, जिससे पेपर लीक को रोका जा सकेगा। पर इस विषय पर कुछ अधिक कहने और लिखने से पहले कुछ मूल तत्वों को भी जानना जरुरी है। कुल 60244 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा 16 से 18 के फरवरी मध्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 2385 केंद्र बनाकर आयोजित हुई थी। इस भर्ती के लिए दिसंबर 2023 में विज्ञापन निकाला गया था। 48.17 लाख ऑनलाइन आवेदन 27 दिसंबर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य प्राप्त हुए थे। किन्ही कारणों से लगभग 5.03 लाख आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा का निरस्त होना कई प्रश्नों को इक साथ जन्म देता है।


पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था। 1500 से अधिक शिकायत साक्ष्यों के साथ अलग-अलग जगहों से भेजी गईं। भारी संख्या में युवाओं का दल लखनऊ में भी धरने पर रहा। अत्यधिक विरोध के पश्चात सरकार ने परीक्षा को रद करने और पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की। जिसके पश्चात् अभ्यर्थी उत्साहित भी दिखे, परन्तु यह सोचने और समझने का विषय है की जिस भर्ती में चयन के पश्चात अवसर प्राप्त होता उसी भर्ती को रद कराने के लिए युवाओं को लड़ना पड़ा। क्या यह पूरे प्रदेश के भर्ती प्रणाली पर बड़ा प्रश्न नहीं है? उत्तर प्रदेश में नई भर्ती होने की परीक्षा का पेपर लीक होना अब आम बात बन गया है। इसके पूर्व भी कई बार पेपर लीक हुआ है। सरकार कड़ी कार्यवाही करके या करने का भरोसा देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। यह कितना अनुचित और अव्यवहारिक है कि सरकार अपनी ही गलतियों से नही सीख रही और कड़े प्रबंधन करने में विफल है जिसका खामियाजा लाखों लोगों को उठाना पड़ रहा है। अनेक लोगों का एक साथ सपना टूटना कितना भयावह है इसका अनुभव आर्थिक, सामाजिक, और परिवारिक दबाव झेल रहा बेरोजगार युवा ही समझ सकता है।

अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है। दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली। अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा। पिछले वर्ष सरकार ने दो करोड़ लोगों को आगामी वर्षों में रोजगार देने की बात कही थी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी देने की भी बात सामने आई थी। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की भी सबसे नाजुक नब्ज रोजगार की है जिसके लिए प्रतिदिन धरना प्रदर्शन हो रहा है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो कई अलग-अलग भर्तियों के अभ्यर्थी न केवल केस लड़ रहे हैं बल्कि कुछ के पक्ष में न्याय होने के बावजूद रोजगार नहीं प्राप्त कर सकें। निजी क्षेत्रों में अवसर की कमी और नौकरी की असुरक्षा, भुगतान कम होना, और बढ़ती ठेका प्रणाली लोगों को सरकारी नौकरी के प्रति प्रेरित करती है। हाल के वर्षों में आई कोरोना आपदा ने इसमें आग में घी डालने जैसा कार्य किया है। राज्य सरकार को कई अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए इसके लिए वह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर सकती है, क्योंकि अधिकांश युवा आज कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान से पूर्ण है। प्रश्नों के एक दो नहीं कई सेट तैयार किए जाए और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रयोग कर परीक्षा शुरू होने के कुछ सेकंड पहले प्रश्न पत्र लाइव किए जाए। राज्य सरकार भर्ती बोर्ड के सभी उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक कराई जा सके। केंद्र सरकर की कई इकाई है जो बिना दाग के वर्षों से सफल परीक्षा करा रही है उनका सहयोग भी लिया जा सकता है। परीक्षा में भागीदारी कम हो और राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उत्पादन क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों को राज्य में अनुदान देकर आमंत्रित किया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए रोजगार सुरक्षा और योग्यता अनुरूप न्यूनतम भुगतान नियमावली बनाने से सरकार को रोजगार के क्षेत्र में लाभ होगा। कई गंभीर मुद्दों में से रोजगार का मुद्दा अहम् है ऐसे में सरकार प्रत्येक घर के एक सदस्य को रोजगार देकर भी अपना प्रभाव कायम रख सकती है। सरकार यदि समग्र रूप से इस विषय पर नहीं सोचेगी तो आगामी चुनाव में ये युवा कई लोकसभा क्षेत्र में न केवल गणित बिगाड़ सकते है बल्कि एक ऐसी छवि का निर्माण भी कर सकते है जो चल रहे विकास के पहियों को अवरुद्ध कर सकता है।

## सोशल फोरम

# इतिहास में अफवाह

इतिहास को मिथकों ने ढक लिया है। इतिहास में अफवाहें घूम रही हैं। ये लोगों के विश्वास का अंग बन गई हैं। इतिहासकार भी अतीत के बारे में उतना नहीं जानते, जितना आज आम आदमी दावे के साथ बताता है। इतिहास को विषय बनाकर हाल के कई उपन्यासों ने साहित्य से ज्यादा अफवाहों की सेवा की। इस काम में राजनीति प्रेरित अधपढ़ विद्वानों, मीडिया और तकनीकी क्रांतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। अफवाह के प्रचार में भाषा यथार्थ का साथ छोड़ देती है और पेट्रोल की आग होती है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इन दिनों कई कवि भी इतिहासकार हैं। उपन्यासकार भी इतिहासकार हैं। फिल्म बनाने वाले तो सबसे बड़े इतिहासकार बने हुए हैं। राजनीतिज्ञ इतिहासकार होते ही हैं। इतिहास कभी इतना असहाय न था। वर्तमान दौर में सबसे विध्वस्त इतिहास है। यह मानव भविष्य पर आक्रमण है!

इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है, यदि 'एलीट बुद्धिजीवी' और 'लोक' आज विपरीत ध्रुव पर हैं। लोकतंत्र के दुरुपयोग और अति-राजनीतिकरण का इससे भिन्न नतीजा नहीं हो सकता था कि लोग बड़े पैमाने पर 'आधुनिक प्रिमिटिविज्म' के शिकार हों।

समाज में 'संवेदनशीलता का संकट' आज चरम पर है। यह उत्तर-आधुनिक वैचारिक खोखलेपन की देन है। अब वे क्षमतावान हैं जो उदार न होकर पोस्ट माडर्न हैं। सभी रंग के उत्तर-आधुनिक विमर्श, जिनमें नव-धार्मिक विमर्श भी हैं, कट्टर पोस्ट माडर्न हैं। इनमें आधुनिकता के प्रमुख तत्वों- बुद्धिपरकता, समावेशी राष्ट्रीयता, लोकतांत्रिक चेतना और प्रगतिशील सोच का ही विरोध नहीं है, मानवीय मूल्यों से भी किनारकशी है।

दृष्टि में आधुनिक हुए बगैर उत्तर-आधुनिक होने का अर्थ समाज को पुरानी कट्टरताओं के अखाड़े में बदलना है। ऐसी घड़ियों में 'बहुलता' की प्रतिष्ठा न्यायपूर्ण सामंजस्य में न होकर निर्बुद्धिपरक अंतर्शत्रुताओं में होती है और एक सांस्कृतिक गृहयुद्ध की स्थिति आ जाती है, जिसकी कोई भी परिणति हो सकती है।

-फेसबुक वॉल से

# महिलाओं को जोड़ने की नई पहल

उत्तर प्रदेश में महिलाओं के वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए भाजपा की नजर स्वयं सहायता समूहों पर है। इसके लिए एनजीओ के बीच नेटवर्क मजबूत किया जा रहा है। पिछले चुनावो में महिलाओं का भाजपा की ओर बढ़ता रुझान देखकर इन महिलाओं को पार्टी में जोड़ने का कार्य शुरू भी कर दिया गया है।

बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में महिलाओं की जबरदस्त वोटिंग ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में खासी भूमिका निभायी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में 36 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा को वोट किया था बाकी पार्टियों को 41 प्रतिशत मिला था।



सोनी मिश्रा
कानपुर


महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) के माध्यम से लाने का प्रयोग ओडिशा में बीजू जनता दल ने किया है। नतीजतन ओडिशा में पांच बार से नवीन पटनायक सत्ता में हैं। इन समूहों से जुड़ी सभी जातिवर्ग की महिलाओं में भाजपा की तरफ झुकाव भी देखा गया है। एक स्वयं सहायता समूह में न्यूनतम 10 और अधिकतम 20 महिलाएं होती हैं। उत्तर प्रदेश में 80 हजार के करीब ऐसे समूह है, जो महिला सशक्तिकरण का कारगर माध्यम हैं। केंद्र की मोदी सरकार इन्हें प्रोत्साहित करने की ओर पूरी तत्परता से लगी है। महिलाओं के कल्याण के लिए आरक्षण कानून के साथ ही लगभग दो दर्जन योजनाएं प्रभावी तौर पर चलाई जा रही हैं। योजनाओं के ही चलते देश में एक करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य इनकी संख्या तीन करोड़ करने का है।

बीते दस साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता पर रखा है। घर, शौचालय, रसोई गैस जैसी योजनाएं तो महिलाओं के जीवन परिवर्तन का कारण हैं। अब उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सरकार ने राष्ट्रीय शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन भी शुरू किया है। सरकार ने सबसे अधिक ध्यान स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाकर उनसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को जोड़ने पर शुरू किया है। इनमें जुड़ी महिलाओं के चेहरे पर आत्मनिर्भरता का भाव देखा जा सकता है।

अब जरा तुलनात्मक आंकड़ा देखिए। यूपीए सरकार में भी स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की योजना स्वर्ण जयंती ग्राम योजना के नाम से संचालित थी, लेकिन उसका दायरा सीमित था। यूपीए शासन काल में सिर्फ 2.37 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी थीं, जबकि मोदी सरकार में यह संख्या 10 करोड़ पहुंच चुकी है। तब बैंक लिंकेज मात्र 22.9 हजार करोड़ रुपये का था, जबकि मोदी सरकार ने इसे 8.28 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया गया। मोदी सरकार ने सिर्फ स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़ी महिलाओं की संख्या ही नहीं बढ़ाई, बल्कि आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी उन्हें उपलब्ध कराई। 7.4 करोड़ महिलाओं को पीएम सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा। महिलाओं के सहयोग के लिए बैंकिग सखी और बीसी सखी बनाई गईं। इससे आर्थिक प्रबंधन के परिणाम भी मिले और स्वयं सहायता समूहों ने भाजपा सरकार के प्रति महिलाओं में भरोसा बढ़ाया है।

# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं से ठगी

पिछले दिनों केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने उद्घोष कर दिया है कि 'हम राम को लाए हैं' और प्रधानमंत्री ने श्रीराम की नई मूर्ति की यजमान बनकर प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी है। एतत्पश्चात् भारी संख्या में श्रद्धालु-राम-भक्तों के वहां आने का सिलसिला जारी है। हालांकि त्रेता युग वाले राम के समय वाली सुचारु व्यवस्था इस कलियुग में संभवन नहीं हो पा रही है। तब अपराध मुक्त साम्राज्य था। उस समय "सब मिलि करहिं परस्पर प्रीती'था। मलिनता के नाम पर केवल हवन के धुवें से होने वाली कालिमा ही थी,(मूलन ही की जहां अधोगति केशव गाइय। होम हुताशन धूम नगर एकै मलिनाइय) बाकी सब स्वच्छ ही था। इस समय आने वाले श्रद्धालु साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। आगंतुकों को कहीं न कहीं ठहरना भी होता है। जालसाजों ने फर्जी वेबसाइटें बना रखी हैं और उन पर होटल,धर्मशालाओं के कमरों की बुकिंग हो रही है। श्रद्धालुओं से मोटी रकमें आन लाइन लेकर,उन्हें कमरे बुक कर दिए जाते हैं। अयोध्या पहुंचने पर भक्तगण पाते हैं कि या तो उस नाम का होटल,धर्मशाला वहां है ही नहीं या है तो उनके नाम की कोई बुकिंग उसमें नहीं है। वे मन मसोस कर रह जाते हैं। अब वे पुलिस थानों के चक्कर लगावें या दर्शन,पूजन करें!



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

असली राम के समय भूले भटके यदि कोई अपराध घटित हो जाता था,तो त्वरित दंड व्यवस्था होती थी। चाहे कार्यार्थी कुत्ते को न्याय देना रहा हो या शम्बूक वध। वर्तमान में सरकार डींगें चाहे जितनी मारे, साइबर ठगों से निपटने की उनके तंत्र में यथेष्ठ क्षमता नहीं है। या फिर पुलिस की मिलीभगत रहती है। मैं एक ठोस उदाहरण दे रहा हूं। वह मेरा अपना है। अयोध्या का तो नहीं किंतु अवध क्षेत्रांतर्गत लखनऊका है,जो प्रदेश की राजधानीहै। गत 22 दिसंबर,2022 को मैं एक छोटी साइबर ठगी का शिकार हुआ। पुलिस कमिश्नर को तत्काल ई-मेल किया। उनके आदेश पर नगर के थाना सुशांत गोल्फ सिटी में 2;जनवरी,2023 को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एक वर्ष से ऊपर हो गया है,कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई। इसे क्या कहा जाएगा; जब कि मैं स्वयं मजिस्ट्रेट रहा हूं। ऐसे में ऊपर संदर्भित सामान्य श्रद्धालुओं को न्याय मिलना दुष्कर ही प्रतीत हो रहा है।

# डब्ल्यूटीओ के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

## सड़क किनारे ट्रैक्टर-ट्राली खड़े कर विश्व व्यापार संगठन का पुतला फूंक कर जताया विरोध

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा व भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का विरोध करते हुए पुतला फूंका। साथ ही सड़क किनारे ट्रैक्टर-ट्राली खड़े कर विरोध जताया।

भाकियू के जिला महासचिव घनेंद्र शर्मा व अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में विरोध सभा का आयोजन रामूवाला गणेश चौराहे पर किया गया। किसानों ने नारेबाजी कर चौराहे पर डब्ल्यूटीओ का पुतला फूंका। प्रीतम सिंह ने कहा कि भार त सरकार को विश्व व्यापार संगठन से बाहर आना चाहिए। वही धनेंद्र शर्मा के नेतृत्व में डिलारी में किसानों ने अपने ट्रैक्टर-ट्राली खड़े कर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कामरेड धर्मपाल सिंह, हर स्वरूप सिंह, वीर सिंह, नरेश सिंह, बलराम सिंह, अर्जुन सिंह, सरदार जसवंत सिंह, पलविंदर सिंह, जसवीर सिंह, विकास कुमार, सरदार बलजिंदर सिंह, संदीप सिंह ,सोनू, सुरेंद्र सिंह, चौधरी राजेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



डिलारी में थानाध्यक्ष को ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता।



रामूवाला गणेश चौराहे पर डब्ल्यूटीओ का पुतला फुंकते किसान। ● अमृत विचार

### किसान यूनियन तोमर ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (तोमर गुट) के मंडल कार्यालय पर बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। यहां पहुंचे अधिकारियों को पदाधिकारियों ने मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। सोमवार को मंडल अध्यक्ष काशिद हुसैन व जिला अध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में किसान मंडल कार्यालय पर एकत्र हुए। जहां किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। बाद में कार्यालय पर पहुंचे अधिकारियों में एसडीएम मणि अरोड़ा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार, कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह आदि की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर फहीम कय्यूम, नूर मोहम्मद, तहजीब आलम, मोहम्मद आसिफ, सुधीर शर्मा, सौरभ प्रजापति, द्वारिकानाथ गोस्वामी, सत्यभान सिंह, शिव कुमार चौहान, जहांगीर, सलीम मोहम्मद, जावेद अंसारी, ताहिर आदि मौजूद रहे।



बिलारी में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते भाकियू तोमर गुट के कार्यकर्ता।

## एक नजर

### विद्यालय की भूमि की पैमाइश कराने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बैजनाथपुर में कंपोजिट विद्यालय की भूमि की पैमाइश के बाद चाहरदिवारी बनवाने को लेकर ग्रामीणों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन भेजा। सोमवार को गांव के नौबत सिंह, हरचरण सिंह, ओम प्रकाश सिंह, विपिन कुमार, राम सिंह, कुमार पाल सिंह व देवेंद्र कुमार आदि ने भेजे ज्ञापन में कहा कि गांव बैजनाथपुर में सरकारी विद्यालय की चाहरदिवारी का निर्माण होना है जिसकी नींव खोदी जा रही है। जिसके लिए उचित स्थान का चयन नहीं किया गया है। बताया कि आसपास के लोगों ने स्कूल की भूमि पर कब्जा कर रखा है। इसलिए स्कूल के रकबे की भूमि की पैमाइश कराने के बाद ही चाहरदिवारी कराई जाए।

### छात्र-छात्राओं को जागरूक किया

**डिलारी, अमृत विचार :** सोमवार को गांव जटपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के साथ थाना डिलारी पुलिस ने बैठक की। जिसमें यातायात के नियमों के प्रति जागरुक करते हुए मिशन शक्ति अभियान और शक्ति दीदी अभियान के तहत गुड टच, बेड टच के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में बताया। बैठक में बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चर्चा की गई।

### गोकशी के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव मुलाबान में गोकशी के आरोपियों के खिलाफ क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। घटना तीन माह पहले की है। जब गांव निवासी 12 लोगों ने समूह बनाकर रामगंगा नदी किनारे गोकशी की थी। क्षेत्रवासियों ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसे पुलिस ने ठंडे बस्ते में डाल दिया था। सुनवाई न होने पर लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

### मौ. कैफ ने जीती पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप

**बिलारी, अमृत विचार :** मोहल्ला ठाकुरान स्थित मौ. कैफ ने देहरादून के उत्तरांचल यूनिवर्सिटी में आयोजित स्टेट प्रो लीग पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप जीतकर गोल्ड मेडल जीता। इस वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में कई यूनिवर्सिटी व कॉलेज के छात्रों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें 85+ की केटेगरी में मोहम्मद कैफ ने आल ओवर 85+ केटेगरी जूनियर में 175 किलोग्राम स्क्वाट और 223 किलोग्राम की डेडलिफ्ट और 125 किलोग्राम की बेंच प्रेस मारकर तीनों का 523 किलोग्राम वजन उठाया। जिसके उपरान्त कैफ हर आसन में सर्वाधिक वजन उठाने वाले खिलाड़ी बने और गोल्ड मेडल हासिल किया। साथ ही अपने कॉलेज ग्राफ़िक एरा का भी मान बढ़ाया।

### दो दिन न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**बिलारी, अमृत विचार :** सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन की आपात बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि 27 व 28 फरवरी को मुरादाबाद बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत तहसील बिलारी के समस्त न्यायालय का न्यायिक कार्य स्थगित रखा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता आफाक हुसैन व सचिव विनय कुमार सिंह ने की। इस दौरान भगवान शरण माथुर, चेतन पाल सिंह, महेश चंद शर्मा, तेज प्रताप सिंह, कुंवर पाल सिंह, नवाब हुसैन, यशवंत सैनी, सुनील कुमार, प्रेमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# नगर में बिना लाइसेंस धड़ल्ले से ई-रिक्शा दौड़ा रहे नाबालिग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

▸▸ नगर और देहात में बढ़ रहे हादसे, प्रशासन बना मूकदर्शक

**अमृत विचार :** नगर में ई-रिक्शा की भरमार है। गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य सड़कों पर नियम कानून ताक पर रखकर नाबालिग बिना लाइसेंस के ई-रिक्शा में सवारी बैठाकर फर्राटे भर रहे हैं। जिससे हादसों की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

नगर से लेकर देहात क्षेत्र तक चंद कदमों की दूरी पर कई ई-रिक्शा वाले मिल जाएंगे। इनमें सवारी बैठाने को लेकर आपस में आए दिन विवाद भी होते रहते हैं। सवारी के लिए कई बार रेस लगाने की वजह से लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। बड़ी संख्या में नाबालिग सड़कों पर ई-रिक्शा दौड़ा रहे हैं। उन्हें नियम की जानकारी भी नहीं होती। बिना साइड लिए ही सड़कों के बीच में खड़े होकर सवारी भरनी शुरू कर देते हैं। वहीं लापरवाही से ई-रिक्शा चलाने के कारण कई बार राहगीर व सवारियां भी चोटिल हो चुकी हैं। जिससे कई बार विवाद की स्थिति भी बनी है। वहीं कुछ युवक नशे के शौक को पूरा करने के लिए भी ई-रिक्शा चला रहे हैं। जोकि सवारियों की जान से खिलवाड़ है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी किरन पाल सिंह ने बताया कि शीघ्र ही अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई भी चालक बिना लाइसेंस के ई रिक्शा चलाता मिला तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कल होगी नगर पालिका बोर्ड की बैठक

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में बुधवार को बोर्ड की बैठक होगी। जिसमें आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सफाई व्यवस्था एवं संचारी रोगों की रोकथाम हेतु विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव एवं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह सहित समस्त सभासद मौजूद रहेंगे।

# 15 सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू का धरना

संवाददाता बिलारी

▸▸ भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने किया प्रदर्शन

▸▸ मांगों को लेकर एसडीएम मणी अरोड़ा को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** हाईवे किनारे स्थित मोहम्मद इब्राहिमपुर टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) के कार्यकर्ताओं ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। बाद में उप जिलाधिकारी मणी अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन( टिकैत) के जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में बड़ी तादात में कार्यकर्ता अपने ट्रैक्टरों के साथ टोल प्लाजा पर 15 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करने पहुंचे। सूचना पर एसडीएम बिलारी मणि अरोड़ा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार एवं कोतवाली प्रभारी आरपी सिंह मय फोर्स के टोल प्लाजा पर पहुंच गए। जहां अधिकारियों ने उन्हें समझाया। बाद में किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष ने कहा कि धरना चार बजे तक चला। इस दौरान उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपालसिंह, प्रदेश महासचिव डॉ. चरण सिंह, महेंद्र सिंह ,प्रेम फल सिंह, दर्शन सिंह, रणवीर सिंह यादव, धर्मेश कुमार, सरदार गुर्जर सिंह, टेकपाल सिंह, पवन चौधरी, चौधरी यशपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, धर्मेंद्र शर्मा, मोहित चीमा आदि मौजूद रहे।



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी व अन्य। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



स्ट्रेचर पर मरीजों को ले जाते स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

### सीएचसी में 12 महिलाओं की नसबंदी की

**कांठ, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 12 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन किए गए। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला नसबंदी शिविर में 16 महिलाओं ने नसबंदी के लिए रजिस्ट्रेशन कराए थे। जिसमें जांच के उपरांत 4 रजिस्ट्रेशन निरस्त किए गए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार की उपस्थिति में 12 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन किए गए। इस दौरान महिलाओं को नसबंदी के बाद बरतने वाले सुझाव दिए गए। ऑपरेशन के बाद महिलाओं को उनके निजी आवास पर एंबुलेंस द्वारा छोड़ा गया। इस मौके पर भगवान सिंह (एचएस), सीपी थपियाल (फार्मासिस्ट), आयशा, यशीर, अल्पना आदि का सहयोग रहा।



अनिल कुमार को मनोनयन पत्र सौंपते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### अनिल कुमार बने गो रक्षा प्रकोष्ठ के तहसील अध्यक्ष

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ क्षेत्र के निवासी अनिल कुमार को विश्व हिंदू महासंघ गो रक्षा प्रकोष्ठ का तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विश्व हिंदू महासंघ गो रक्षा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष कपिल चौधरी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दुबे की संतुति पर ग्राम मिश्रीपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र हरि सिंह को गो रक्षा प्रकोष्ठ का तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके तहसील अध्यक्ष बनने पर समर्थकों में हर्ष है।



राहिल उस्मानी को शुभकामनाएं देते लोग। ● अमृत विचार

### राहिल का जूनियर भू-वैज्ञानिक के पद पर चयन

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के किराना व्यापार मंडल के अध्यक्ष वकील अहमद के दामाद राहिल उस्मानी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा संचालित प्रतियोगिता परीक्षा व साक्षात्कार के उपरांत भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) में जूनियर भू-वैज्ञानिक के पद पर नियुक्त पाई है। अमरोहा फायर ब्रिगेड में तैनात मूल रूप से बिजनौर निवासी फरियाद हुसैन के घर में पुत्र राहिल की इस उपलब्धि पर जश्न का माहौल है। पिता फरियाद हुसैन ने बताया कि राहिल की प्रारंभिक शिक्षा गजरौला से हुई व इसके बाद की पढ़ाई अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में हुई। इस समय राहिल अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के भूगर्भ विज्ञान विभाग से पीएचडी कर रहे हैं। राहिल उस्मानी की सफलता पर गुड्डू उस्मानी, कफील अहमद, डॉ. शाहवेज, जुबेर वकील, मौ. जावेद, मौ. उजैर आदि ने घर पहुंचकर उनका स्वागत किया।

# धारक नंगला में शब-ए-बरात पर जलसा

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव धारक नंगला में शब ए बरात पर जलसे का आयोजन अहले सुन्नत युवा कमेटी की ओर से किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कारी शौकीन साहब ने कुरान की तिलावत से किया। वहीं बाहर से आए उलेमाओं ने नेक रास्ते व वतन से मोहब्बत और आवाम की खैरमकदम की दुआएं की। इबादत, रहमत, मगफिरत और गुनाहों की माफी की रात शब-ए-बरात को अकीदत के साथ मनाया गया।

रविवार को शाम ढलने के साथ शुरू हुआ इबादतों का सिलसिला सोमवार को फज्र की नमाज तक चला। इस दौरान गांव की मस्जिद और घरों के साथ ही कब्रिस्तानों में दुआ-ए-मगफिरत की गई। हाफिज मोहम्मद बिलाल मौलाना इंतखाब अली ने नाते पाक से प्रोग्राम में चार चांद लगा दिये। शायर ए इस्लाम अंजार कमाली ने नाते कलाम पेश किया। मुफ्ती इरशाद ने कहा कि जब मुसलमान पांच वक्त की नमाज और रसूल के बताए रास्ते पर चलता है तो इंसान में बुराई खत्म हो जाती है। कार्यक्रम में मो. जफर, शाने आलम, सलमान, निक्की, मो. शोएब, मुबारिक हुसैन आदि मौजूद रहे।



शब-ए-बरात पर आयोजित जलसे में मौजूद उलेमा। ● अमृत विचार

▸▸ अहले सुन्नत युवा कमेटी ने किया आयोजन

### नील गाय को बचाने में खाई में पलटी कार

**छजलैट, अमृत विचार:** छजलैट सत्संग घर के समीप नील गाय को बचाने के प्रयास में कार खाई में पलट गई। जिससे कार में सवार चार लोगों को मामूली गुम चोटें आई हैं। कार नंबर यूपी 21 बी बाई 8907 में बैठे चार व्यक्ति कांठ क्षेत्र के लाडला बाद स्थित शिव प्रकटोत्सव मंदिर के दर्शन कर वाया छजलैट होकर मुरादाबाद की ओर जा रहे थे। छजलैट राधा स्वामी सत्संग घर के समीप अचानक कार्य के सामने एक नील गाय आ गई। चालक द्वारा इमरजेंसी ब्रेक लगाने पर कार सड़क के किनारे खाई में पलट गई। कार में सवार चार लोगों के मामूली गुम चोट आई हैं। बाद में सभी लोग अपने गंतव्य स्थान को प्रस्थान कर गए।

# सारथी रथ से लोगों को जागरूक करेंगे

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** परिवार नियोजन के लिए लोगों को स्वास्थ्य विभाग का सारथी वाहन जागरूक करेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर सारथी वाहन को रवाना किया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन के लिए महिला व पुरुषों को जागरूक करने और नसबंदी का लक्ष्य बढ़ाने के लिए सारथी वाहन गांव-गांव भेज कर अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भी परिवार नियोजन एवं पुरुष नसबंदी का लक्ष्य बढ़ाने के लिए यह कार्य किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव चौधरी, बीपीएम चंद्रशेखर यादव ने हरी झंडी दिखाकर सारथी वाहन को रवाना किया। इस अवसर पर सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।




सारथी वाहन को रवाना करते चिकित्साधीक्षक। ● अमृत विचार

### भारतीय रिजर्व बैंक ने कैंप लगाकर किया जागरूक

**भगतपुर, अमृत विचार :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा देशभर में वित्तीय शिक्षा संदेशों का प्रचार किया जा रहा है। सोमवार को ब्लॉक भगतपुर टांडा प्रांगण में कैंप लगाकर लोगों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान वित्तीय साक्षरता केंद्र से सेंटर मैनेजर अरमाना बी ने बताया कि इस वर्ष का विषय, युवा व्यस्कों, मुख्यत: विद्यार्थियों पर लक्षित है। इसका उद्देश्य बचत, बजट, कंपाउंडिंग की शक्ति, बैंकिंग अनिवार्यताओं और साइबर हाइजीन पर इनपुट के साथ कम उम्र से ही वित्तीय अनुशासन विकसित करने के फायदों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत नीरज कुमार, वसीम अकरम, अफसाना अंसारी व कमल किशोर आदि मौजूद रहे।

### 2 मार्च से भंडारा लगाएगी शिव भंडारा सेवा समिति

**कांठ, अमृत विचार :** शिव भंडारा सेवा समिति कांठ की बैठक में 2 मार्च से जूनियर हाई स्कूल में कांवड़ियों की सहायता के लिए भंडारा लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुबोध चौधरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति 2 मार्च से 7 मार्च तक जूनियर हाई स्कूल कांठ में कांवड़ियों की सेवा और सहायता के लिए विशाल भंडारा लगाया जाएगा, जिसमें हरिद्वार से पवित्र गंगाजल भरकर लाने वाले सभी कांवड़ियों के ठहरने, भोजन प्रसाद और दवा व रात्रि विश्राम की व्यवस्था रहेगी। बैठक में आलोक शंकर वर्मा, नीरज बिश्नोई, भावेश शर्मा, मोहित, अजय, पुष्पराज, रोमी आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील के ग्राम शुमालखेड़ा निवासी चौकीदार आबिद हुसैन ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें कहा कि गांव में गाटा संख्या 101 ग्राम समाज भूमि के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर गांव के ही लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर कब्जा करने वाले जान से मारने की धमकी देते हैं। उसने अवैध कब्ज़ेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त करने की मांग की है।

### बैंक में इंटरनेट कनेक्टिविटी बाधित, उपभोक्ता परेशान

**कांठ, अमृत विचार:** पंजाब नेशनल बैंक में इंटरनेट की कनेक्टिविटी बाधित होने से कामकाज ठप रहा। जिससे उपभोक्ता परेशान रहे।

सोमवार को सुबह से ही इंटरनेट कनेक्टिविटी ठप होने से पंजाब नेशनल बैंक शाखा में भीड़ बढ़ती चली गई। ग्राहकों का कहना है कि आए दिन कनेक्टिविटी ठप रहती है। जिससे एटीएम सेवा भी प्रभावित रहती है। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाताधारक रामअवतार सिंह, अमर सिंह, शाक़िर सैफी, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, बृजपाल सिंह, मुनिराज सिंह आदि ने बताया कि कई दिनों से बैंक में लेनदेन नहीं हो रहा है। बैंक की इंटरनेट कनेक्टिविटी आए दिन गायब हो जाती है। उपभोक्ताओं ने जल्द ही सुधार लाने की मांग की।



प्रदर्शन के दौरान सड़क जाम करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# सड़क जाम कर किसानों ने जताया विरोध

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने सोमवार को सड़क जाम एवं प्रदर्शन कर किसानों की समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में भूड़ टीवा मंदिर के पास हाईवे पर दोपहर को जमा हो गए। जहां उन्होंने किसानों की समस्याओं को लेकर नारेबाजी की और सड़क जाम कर दी। इस दौरान वहां पुलिस बल भी मौजूद रहा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि आज अन्नदाता को छला जा रहा है। वह सरकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रदर्शन में हरदीप सिंह, दर्शन सिंह, सियाराम बिश्नोई, जिला सचिव रामकला सिंह, प्रिंस चौधरी, कुलदीप चौधरी, महेश ठाकुर, लव चौधरी, धर्मपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

### दावते इस्लामी इंडिया ने किया आयोजन

**कुंदरकी, अमृत विचार:** मोहल्ला तकिया अरब शाह में दावते इस्लामी इन्डिया की ओर से इज्तेमा का आयोजन किया गया। जिसमें फिदा हुसैन अत्तारी ने गुनाहों से तौबा कर नेकियों वाली ज़िन्दग़ी गुज़ारने पर ज़ोर दिया। कारी राहिल अत्तारी ने कहा कि शब ए बरात यानी नजात की रात है। यह रात बरकतों वाली अज़मतों वाली रात है। मुसलमानों को चाहिए कि इस रात को अपने गुनाहों से सच्ची तौबा करें। आख़िर में मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई। इस मौके पर शारिक रजा अत्तारी, डॉ. मोहसिन अत्तारी, हाजी रियाज़ उद्दीन अत्तारी, गुलाम नबी अत्तारी आदि मौजूद रहे।

### आपूर्ति निरीक्षक के व्यवहार की निंदा की

**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कैंप कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आपूर्ति निरीक्षक के व्यवहार की निंदा की गई। सोमवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने की। जिसमें बताया गया कि आपूर्ति निरीक्षक द्वारा भाजपा के कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है। कहा कि इस संबंध में उच्चाधिकारियों से शिकायत की जाएगी। बैठक में मनोज ठाकुर, निहाल सिंह, हेमंत शर्मा, धर्मेंद्र गांधी, मेघपाल सिंह, उज्जवल आदि मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

**डी.एल.एड.(बी.टी.सी.), बी.एड.**

पाठ्यक्रम में निम्न पदों पर शिक्षण हेतु आवेदन करें

1. प्राचार्य / विभागाध्यक्ष
2. शिक्षा के परिप्रेक्ष्य
3. शिक्षण विषय- गणित, विज्ञान, सा.वि., हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू
4. स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षा
5. ललित कलाएं
6. निष्पादन कलाएं (संगीत/नृत्य/रंगमंच)

योग्यता एवं वेतनमान SCERT/NCTE एवं राज्य सरकार के मानकानुसार । अपना आवेदन अतिशीघ्र पूर्ण करके समस्त मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित आधार कार्ड एवं पेन कार्ड 10 कार्य दिवस में रजिस्टर्ड डाक द्वारा निम्न पते पर प्रेषित करें।

**श्री गोविन्द डिग्री कॉलेज (शिक्षा विभाग)**
पो. कुन्दरकी, तह. बिलारी, मुरादाबाद उ0प्र0- 244413
मो. 8923398305, 9411606828

# धर्म दर्शन

# भारत भाव रूप श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण भारत के लोकजीवन में वर्तमान हैं। देश में हजारों-हजारों ही सांस्कृतिक-समूह हैं और वे अपने-अपने भाव के साथ श्रीकृष्ण के पास रहते हैं, उपासना अर्थात् पास बैठना या यों कहें कि श्रीकृष्ण उनके भावों में प्रत्यक्ष ही रहते हैं। भारत में जितनी भी सांस्कृतिक-धाराएं हैं, वे लगभग सभी किसी न किसी रूप में श्रीकृष्ण में समाहित हो गईं हैं और वे सब वर्तमान हैं, किताब की बात नहीं, जीवन की बात है, इसलिए अब किताब का भी क्या काम?

चित्रकार इन भाव भावनाओं के आधार पर चित्र बना रहे हैं, मूर्तिकार मूर्तियां गढ़ रहे हैं, गवैए गीत गा रहे हैं, नर्तक नृत्य कर रहे हैं, कवि कविता रच रहे हैं, कथाकार कथा सुना रहे हैं। कीर्तनकार कीर्तन कर रहे हैं। नर नारी भांति-भांति के लोकगीत गा रहे हैं। कोटि कोटि जन कृष्ण भाव को लेकर ब्रज भूमि, द्वारिका, कुरुक्षेत्र आदि की यात्रा करते हैं। कृष्ण चेतना का आंदोलन इस्कॉन तो अब विश्वव्यापी बन चुका है। अमेरिका में वृंदावन की प्रतिष्ठा हो चुकी है। बंगाल की कहावत है धान बिना खेत नहीं, कान्हा बिन गीत नहीं। श्रीकृष्ण हरि भी हैं न, हरिमन्दिर साहब में भी हरि के रूप से विराजमान हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यदुकुलः द्वारकानाथ : वृष्णिवीर देवकीनन्दन, वसुदेवनन्दन, वासुदेव, यदुनन्दन, यदुकुलनन्दन, अन्धक-वृष्णिनाथ, दाशार्हनन्दन, जदुनाथ, जदुराई, यदुवीर, यदुवंश-विवर्धन, यदुसुखावह, यदु-कुलश्रेष्ठ, शौरि, यादवेश्वर, यादवनन्दन। वृष्णिशार्दूल, वृष्णिकुलोद्वह, वृष्णिनन्दन, वृष्णिसत्तम। इस बात के अनेक सन्दर्भ मिलते हैं कि कृष्ण यदुवंशियों के कुलदेवता के रूप में पूज्य थे। वज्रनाभ कृष्ण की वंश-परम्परा में था और उसने कृष्ण की स्मृति में मन्दिरों का निर्माण कराया। पाञ्चरात्र-परंपरा में वृष्णिवीरों की पूजा तथा वृष्णिवीरों का तात्त्विक-विवेचन है।

श्रीकृष्णः महाभारत-संदर्भ महाभारत-संदर्भ से जुड़े हुए कृष्ण के नाम हैं- पार्थसारथि, पार्थमित्र, गीतागायक, द्रौपदी की लाज राखी, साग विदुरघर खाई, पांचौ पंडा छठे नारायन, कौन्तेयप्रियवन्धु, पाण्डुरर्जुन-वल्लभः।

गोप-संस्कृतिपरक- "आभीरेन्द्रसूनुः। कढ़िगौ अंबीर पै 'अहीर कौं' कढ़ें नहीं। सूरदासजी का एक पद है-हम तौ नन्द-घोष के बासी। नाम गुपाल जाति कुल गोपक, गोप-गुपाल उपासी। गोविन्द और गोपाल नाम बहुत व्यापक हैं तंत्रशास्त्र में गोपालसुंदरी की आराधना है। गोपाल-चूड़ामणि, गो-गोप संघावृत, गोपस्त्री-परिवेष्टितो जैसे नाम गोपाल-सहस्रनाम में हैं। 'आगें गाय पाछें गाय इत गाय उत गाय गोविंद को गायन में बसिबौ ही भावै। 'गोपी ग्वाल गाय गोसुत-हित सात दिवस गिरि लीन्हों।' गाय और गाय की विभूति से संबंधित सभी नाम गोप-संस्कृति के सन्दर्भ-सूत्र हैं, जैसे-नवनीतप्रिय, छाछपिबइया, माखनचोर। 'सोभित कर नवनीत लिये।' गोकुलनाथ, गोकुलचन्द्रमा, गोकुलेश, गोवर्धननाथ, गोलोकनाथ। श्रीकृष्ण को गोविन्द गोपाल नाम ही प्रिय हैं, द्वारकानाथ, त्रिलोकीनाथ नाम उन्हें नीरस प्रतीत होता है -प्यारौ नाम गोबिंद गुपाल कों बिहाय हाय, ठाकुर त्रिलोक के कहाय करि हैं कहा? (रत्नाकर)-संस्कृति लोक-जीवन में प्रवाहित होती है। उपासक-समूह उपास्य-तत्त्व की रचना करता है। इस दृष्टि से गोप, आभीर, गूजर जनजातीय-तत्त्व महत्त्वपूर्ण हैं।

तमिलनाडु में आयर कहलाने वाले ग्वाल लोग मुल्लै वन-प्रान्त में गाय चराते और कण्णन के गीत गाते थे। क्या ये वे ही लोग हैं, जो यादवों के साथ दक्षिण-मथुरा चले गए थे? आगे चलकर हमें यादव-गोप और आभीर जातियां एक-दूसरे में समाहित होती हुई दृष्टिगत होती हैं, जिनका देवता 'गोपाल' है। रांगेयराघव ने आभीरों को गोपालदेवता का उपासक बताया है, जो ई.पू. 1500 में आक्रमण करते हैं। अर्जुन पर आभीरों के आक्रमण का उल्लेख भागवत में भी है। रांगेयराघव के अनुसार ई.पू.800के लगभग 'कृष्ण' आभीर देवता-गोपाल में अन्तर्भुक्त हुए थे। अहीर की छोहरियां छछिया भर छाछ पै नाच नचावें। (रसखान) तथा 'हम तौ निपट अहीर बाबरी जोग दीजिये जानन' (सूरदास)। गोप-संस्कृति के सन्दर्भ में डॉ.चन्द्रभान रावत का यह मत ध्यान देने योग्य है कि -कृष्ण का व्यक्तित्व कुछ दिन के लिए यादवों, वृष्णियों और सात्वतों के हाथ से छूट गया और उसका विकास कुछ ऐसी घूमन्तू पशुपालक-जातियों में हुआ, जो भारत में बहुत पहले ही आ गई थीं, जो बौद्धिक अनुष्ठानों से अधिक महत्त्व अपनी स्वच्छन्द भावात्मक संस्कृति को देती थी, जिनका लोक-साहित्य सरस और प्रेमपरक था। एक गोप के रूप में कृष्ण का विकास हुआ। अपने घूमन्तू-जीवन में कृष्ण ब्रजभूमि में पलती-पनपती अन्य संस्कृतियों के सम्पर्क में भी आए और धीरे-धीरे उन सबका विलयन गोपसंस्कृति में हो गया।



### श्रीकृष्णः परब्रह्मः रस

परब्रह्म श्रीकृष्ण के नाम हैं-अव्यय, अधिदेव, अच्युत, अनन्त, अनादि, अखण्ड, अव्यक्त, भूतेश्वर, भूतपति, सनातन, विश्वतोमुखी, आदिकर्ता निर्गुणोनित्यो, आनन्दकन्द सच्चिदानन्द। अप्रकट-परब्रह्म पुरुषोत्तम हैं और प्रकट-परब्रह्म श्रीकृष्ण हैं। ब्रह्म की अवधारणा कृष्ण-अवतार में समाहित होती है। श्रीकृष्ण परब्रह्म के पर्याय बन जाते हैं - "परब्रह्म तु कृष्णोहि सच्चिदानंदकं बृहत्।" (वल्लभाचार्य)

### कृष्ण में नारायण तथा विष्णु की अन्तर्भुक्ति

भगवान नारायण, जनार्दन, मधुसूदन, मुकुन्द, गरुड़गोविन्द, शेषशायी, मुरारि, केशव, गरुड़ध्वज, माधव, पुरुषोत्तम, श्रीनाथ, दीनानाथ, बैकुण्ठनाथ, पुण्डरीकाक्ष, कमलनाभ, पद्मनाभ, चक्रधर, चक्रपाणि, चक्रगदाधर, शंखचक्र-गदापाणि, गदाधर, उपेन्द्र, दामोदर, श्रीपति, श्रीधर, श्रीनिधि, शार्ङ्गधनुर्धर, शार्ङ्गी, सत्य, सुपर्णकेतु, मधुपति, त्रिविक्रम, जगतपिता, जगदीश, जगद्गुरु, क्षीराब्धिशयनः, पुण्यश्लोक आदि कृष्ण के ऐसे नाम हैं, जो कृष्ण में नारायण तथा विष्णु की अन्तर्भुक्ति के प्रतीक हैं।

## भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ साधन

रामानुजम् के अनुसार अपने अराध्य अथवा भगवान के दासत्वव की प्राप्ति ही भक्ति है। श्रीहरि विष्णु के लोक वैकुण्ठ में श्री,भू,लीला देवियों के साथ नारायण की सेवा करना ही परम पुरूषार्थ है। मुक्ति की प्राप्ति उपासना (भक्ति या आराधना) से ही होती है। सकर्मक क्रिया या उपासनात्मक भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ साधन है। मुक्ति का दूसरा साधन आराध्य के प्रति गहन ध्यान के साथ भगवान के प्रति पूर्ण शरणागति है। नारायण, विभु (सर्वव्यापक) तथा 'भूमा' (ऐश्वर्य)हैं, उनके चरणों में आत्म समर्पण से ही जीव को शांति मिलती है। उनकी प्रसन्नता से ही मुक्ति की प्राप्ति संभव है। अतः सब कुछ त्याग कर उनकी शरण लेनी चाहिए। वैष्णव संप्रदाय के सर्वसम्मानित आचार्य, वेदान्त दर्शन में "विशिष्टा द्वैतवाद" के प्रवर्तक, सगुणों पासक रामानुजम्, छूआछूत और जातिवाद के घोर विरोधी थे। उनके अनुसार "व्यक्ति की पहिचान जाति नहीं, उसके गुणों के आधार पर होनी चाहिए।" शंकराचार्य जी के "ब्रह्मं सत्यं जगन्मिथ्या"(ब्रह्म सत्य है और जगत मिथ्या है) का खंडन करते हुए उनका तर्क था कि यदि ब्रह्म या ईश्वर सत्य है तो उसी की निर्मिति (निर्माण) जगत असत्य कैसे हो सकता है? शंकराचार्यजी के 'मायावाद' का खंडन के उनके प्रमुख तर्क "सप्तानुपत्ति" कहलाते हैं। सगुण ब्रह्म के उपासक आचार्य रामानुज "आत्मा" और "ब्रह्म" में अंतर स्पष्ट करते हुए कहते हैः- (क)=आत्मा अणु है और ब्रह्म विभु (सर्वव्यापक) है। (ख)=ब्रह्म जहां पूर्ण और अनन्त हैं, आत्मा ब्रह्म पर पूरी तरह निर्भर उनका अंश मात्र है। (3)=जैसे अंश, सदैव अंश ही रहता है, कभी पूर्ण नहीं हो सकता है, गुण, गुण ही रहता है कभी द्रव्य नहीं हो सकता है, उसी प्रकार आत्मा भी कभी ब्रह्म या ईश्वर भी नहीं हो सकता है। उनका स्पष्ट मत है कि मोक्ष प्राप्ति के बाद, आत्मा सर्वसत्तात्मक सर्वोच्च परमेश्वर में विलीन न होकर ब्रह्मवत् या ब्रह्म के समान हो जाने पर भी अपना पृथक् अस्तित्व बनाये रखता है।


डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## तृप्तिदायक हे दिव्य सोम

तृप्तिदायक हे दिव्य सोम! मित्र, वरुण, इन्द्र, अग्नि, बृहस्पति एवं विष्णु आदि देवताओं को संतुष्ट करने के लिए, यज्ञों की निर्विघ्न सफलता एवं उनके विस्तार के लिए हम आपको यज्ञशाला में स्थापित करते हैं। नियम पूर्वक ग्रहण किए गए हे सोमदेव! अपने स्थान से कभी विचलित न होने वाले, स्थिर रहने वालों में अग्रगण्य, आप स्थिर निवास वाले "ध्रुव" नाम से विख्यात हैं। स्थिर चित्त वाले हम याजक, आपको कल्याणकारी देवताओं की संतुष्टि के लिए यज्ञशाला में स्थापित करते हैं। इंद्रदेव शत्रुओं का विनाश करते हुए हमारी संतानों को सद्बुद्धि प्रदान करें।

हे पात्र! आप दिव्य प्रकाश को धारण करने वाले वर्चस्वी हैं। हमारे प्राण वायु, उदान वायु एवं व्यान वायु को तेज प्रदान करें। आप हमारे मन, वाणी एवं कर्म में तेजस्विता की स्थापना करें। हमारे नेत्रों एवं कर्ण इंद्रियों को दिव्य शक्ति से संपन्न बनाएं। हे तेजस्विता प्रदान करने वाले! हमारी आत्मा में वर्चस् जागृत करें, हमारे ओज में वर्चस् जागृत करें, हमारे आयुष्य में वर्चस् जागृत करें। पृथ्वी के समस्त प्राणियों एवं प्रजाओं को तेज प्रदान करने की कृपा करें। साधकगण अपनी रक्षा के निमित्त, दिव्यशक्ति से संपन्न, ऐश्वर्य एवं पराक्रम प्रदान करने वाले, जल की वर्षा करने वाले इंद्रदेव का मरुदगणों के साथ आवाहन करते हैं।

हे ग्रहों (पात्रों) आपको मरुदगणों सहित इंद्रदेव की तृप्ति के लिए नियमानुसार ग्रहण किया गया है। यह आपका मूल स्थान है। मरुतों को बल एवं प्रसन्नता प्रदान करने के लिए आपको यहां स्थापित करते हैं। हे मरुत् वान इंद्रदेव! अपनी प्रसन्नता के लिए आप तृप्तिदायक सोम का पान करें और दुराचारियों से युद्ध करें। इस पोषक मधुर सोमरस को पेट भरकर पिएं। अद्वितीय शौर्यवान्, यज्ञों का विस्तार करने वाले हे इंद्र! प्रजा की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाले राजा की भांति, आप याजकों को ऐश्वर्य प्रदान कर, उनकी इच्छाएं पूर्ण करें। याजकों द्वारा सम्मानित हे इंद्र! आप उन्हें बलवान बनाएं। हे ग्रह (पात्र) नियमपूर्वक ग्रहण किए गए आपको महान इंद्रदेव की तृप्ति तथा प्रसन्नता के लिए नियुक्त करते हैं। यही आपका स्थान है।


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## प्रेमपंथ ऐसो कठिन

रवींद्रनाथ के एक उपन्यास में एक युवती अपने प्रेमी से कहती है कि मैं विवाह करने को तो राजी हूं, लेकिन तुम झील के उस तरफ रहोगे और मैं झील के इस तरफ। प्रेमी की बात समझ के बाहर है। वह कहता हैः तू पागल हो गई है? प्रेम करने के बाद लोग एक ही घर में रहते हैं। उसने कहा कि प्रेम करने के पहले भला एक घर में रहें, प्रेम करने के बाद एक घर में रहना ठीक नहीं, खतरे से खाली नहीं। एक-दूसरे के आकाश में बाधाएं पड़नी शुरू हो जाती हैं। मैं झील के उस पार, तुम झील के इस पार। यह शर्त है तो विवाह होगा। हां, कभी तुम निमंत्रण भेज देना तो मैं आऊंगी। या मैं निमंत्रण भेजूंगी तो तुम आना। या कभी झील पर नौका-विहार करते अचानक मिलना हो जाएगा। या झील के पास खड़े वृक्षों के पास सुबह के भ्रमण के लिए निकले हुए अचानक हम मिल जाएंगे, चौंक कर, तो प्रीतिकर होगा। लेकिन गुलामी नहीं होगी। तुम्हारे बिना बुलाए मैं न आऊंगी, मेरे बिना बुलाए तुम न आना। तुम आना चाहो तो ही आना, मेरे बुलाने से मत आना। मैं आना चाहूं तो ही आऊंगी, तुम्हारे बुलाने भर से न आऊंगी।

इतनी स्वतंत्रता हमारे बीच रहे, तो स्वतंत्रता के इस आकाश में ही प्रेम का फूल खिल सकता है। एक तो साधारण प्रेम है जिसको तुम जानते हो। इस प्रेम ने तुम्हारे जीवन को नरक बना दिया है। इस प्रेम की बात नहीं कर रहा प्रेम-पंथ ऐसो कठिन! यह तो कठिन है ही नहीं। यह तो बड़ा सरल है। दुनिया में सभी इसको सम्हाल लेते हैं। इसमें कठिनाई क्या होगी? हर घर में चल रहा है, हर परिवार में चल रहा है, हर व्यक्ति में चल रहा है। यह तो बड़ा सरल है। इससे ऊंचा एक प्रेम होता है। उसको प्रेम में गिरना नहीं कह सकते। उसको हम कहेंगेः प्रेम में होना, बीइंग इन लव। वह बड़ी और बात है। उसका स्वभाव मैत्री का है। खलील जिब्रान ने ठीक कहा है कि सच्चे प्रेमी मंदिर के दो स्तंभों की भांति होते हैं। बहुत पास भी नहीं, क्योंकि बहुत पास हों तो मंदिर गिर जाए। बहुत दूर भी नहीं, क्योंकि बहुत दूर हों तो भी मंदिर गिर जाए।...देखते हो ये स्तंभ, जिन्होंने च्वांग्त्सु-मंडप को सम्हाला हुआ है? ये बहुत पास भी नहीं हैं, बहुत दूर भी नहीं हैं। थोड़ी दूरी, थोड़े पास। तो ही छप्पर सम्हला रह सकता है। एकदम पास आ जाएं तो छप्पर गिर जाए; बहुत दूर हो जाएं तो छप्पर गिर जाए। एक संतुलन चाहिए। असली प्रेमी न तो एक-दूसरे के बहुत पास होते हैं, न बहुत दूर होते हैं। थोड़ा सा फासला रखते हैं, ताकि एक-दूसरे की स्वतंत्रता जीवित रहे। ताकि एक-दूसरे की स्वतंत्रता में व्याघात न हो, अतिक्रमण न हो। ताकि एक-दूसरे की सीमा में अकारण हस्तक्षेप न हो। प्रेम में होने का अर्थ होता हैः हम पास भी होंगे इतने कि हमें एक-दूसरे से कोई भय का कारण नहीं, और हम इतने दूर भी होंगे कि हम एक-दूसरे को रौंद भी न डालेंगे, हमारे बीच आकाश होगा। और तुम्हारा निमंत्रण होगा तो मैं आऊंगा, और मेरा निमंत्रण होगा तो तुम मेरे भीतर आओगे। मगर निमंत्रण पर। यह हक न होगा, अधिकार न होगा।

-ओशो

# आसपास-उत्तराखंड

## पीडब्ल्यूडी मंत्री के निरीक्षण में खुली पोल

### एक्सपेंशन ज्वाइंट पर लेवल ठीक न होने से लगे झटके तो नाराज हुए मंत्री जितिन प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सेतु निगम के अफसरों ने लोकसभा चुनाव से पहले कुतुबखाना पुल का निर्माण पूरा करने के दबाव में काम तो तेजी से कराया लेकिन इस तेजी की आड़ में कई खेल भी हो गए। सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद पुल का निरीक्षण करने पहुंचे तो पता चला कि उस पर सड़क मानक से काफी कम मोटाई और खराब गुणवत्ता के साथ बनाई गई है। इसके साथ एक्पेंशन ज्वाइंट के साथ उसके लेवल का भी ख्याल नहीं रखा गया है। मंत्री ने इस पर नाराजगी जताई और अफसरों को सड़क का दोबारा निर्माण कराने के साथ सभी कमियां दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। एलान किया कि जल्द मुख्यमंत्री पुल का उद्घाटन करेंगे।

**बोले- गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं करेंगे**

जितिन प्रसाद ने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बोले, बरेली के जनप्रतिनिधि कुतुबखाना पुल समेत कई और प्रोजेक्ट की मांग कर रहे थे। कोतवाली से कोहाड़ापीर तक जाम बरेली की जनता के लिए समस्या थी जो अब दूर हो जाएगी। मेयर उमेश गौतम लगातार कोशिश कर रहे हैं। काम लगभग पूरा हो चुका है। बस फिनिशिंग बची है।

शहर में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे जितिन प्रसाद ने मेयर उमेश गौतम और सेतु निगम के अफसरों के साथ कुतुबखाना पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान एक के बाद एक कमियां उनके सामने आती रहीं। पुल देखने के बाद जितिन प्रसाद ने अफसरों पर यह कहते हुए नाराजगी जताई कि जल्दबाजी में निर्माण पूरा करने के चक्कर में न गड्ढे ठीक से भरे गए हैं, न ही गुणवत्ता का ख्याल रखा गया है। पुल पर सड़क की काफी पतली परत देखकर उनकी नाराजगी और बढ़ गई। उन्होंने सेतु निगम के महाप्रबंधक केएन ओझा को पुल पर दोबारा सड़क बनाने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने पुल के एक्पेंशन ज्वाइंट चेक किए। इसमें भी गड़बड़ी महसूस हुई तो एक बाइक मंगवाकर उसे पुल पर दौड़वाया।

बाइक चलाने वाले ने बताया कि पुल के एक्पेंशन ज्वाइंट और सड़क का एक लेवल न होने की वजह से काफी झटके लग रहे हैं।

**कुतुबखाना पुल**

- मानक से काफी कम मोटाई की बना दी सड़क, गड्ढे भी छोड़े
- सड़क के दोबारा निर्माण व बाकी कमियां भी दुरुस्त करने का निर्देश

जितिन ने इस पर महाप्रबंधक को निर्देश दिया कि वे लेवल ठीक कराने के बाद खुद बाइक पर बैठकर इसे दोबारा चेक करें और सुनिश्चित करें कि पुल पर झटके न लगें।

मंत्री ने इसके बाद पुल पर व्यू कटर लगाने का कारण पूछा, साथ ही पुल पर पानी की निकासी के लिए बनाए गए होल भी चेक किए। इसके बाद मीडिया से कहा कि कुतुबखाना पुल बरेली के लिए लाइफ लाइन साबित होगा। मार्च की शुरूआत में शहर को यह सौगात मिलेगी।

## स्कूल में दाखिला नहीं दिया तो खैर नहीं : रतूड़ी

**देहरादून, अमृत विचार :** किसी भी कारण से सरकारी स्कूल में दाखिले से मना किया तो खैर नहीं। मना करने वाले प्रधानाचार्य या शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दस्तावेजों के अभाव में कोई भी सरकारी स्कूल किसी भी जरूरतमंद बच्चे को मना नही कर सकता है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अपर सचिव शिक्षा रंजना राजगुरू को तत्काल प्रभाव से इस सम्बन्ध में सभी सरकारी स्कूलों को आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्य स्तरीय मूल्यांकन अनुश्रवण समिति की बैठक की समीक्षा कर रही थी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने देहरादून के आईएसबीटी क्षेत्र में भिक्षावृति को खत्म करने तथा उनके पुर्नवास हेतु एक पायलट प्रोजेक्ट पर कार्य आरम्भ करने के निर्देश दिए। रंजना राजगुरू को इस सम्बन्ध में नोडल अधिकारी बनाया है।

## बिफरीं सांसद, बोलीं पिता से जुड़े सवालों से हो चुकी परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अंडरपास के लोकार्पण के कार्यक्रम में पहुंचीं थीं सांसद डॉ. संघमित्रा

**अमृत विचार :** अपने पिता के बारे में सवाल पूछे जाने पर सांसद संघमित्रा बिफर गईं। कहा कि वह पिता के बारे में दो-ढाई साल से पूछे जा रहे सवालों से परेशान हो चुकी हैं। वह भाजपा की कार्यकर्ता हैं। पदाधिकारी हैं। पत्रकारों से कहा कि आप लोगों को पिता-पुत्री से ऊपर उठकर सवाल करना चाहिए। जिस चीज का कार्य हो उस पर ही सवाल करें।



सोमवार सुबह सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य एसएसपी कार्यालय के पास अंडरपास के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंची थीं।

कार्यक्रम के बाद वह पत्रकारों से मुखातिब हुईं। उन्होंने कहा कि जिले में 11 स्थानों पर लोकार्पण का कार्यक्रम हुआ था। केंद्र सरकार के आंतरिम बजट में 157 नए अमृत भारत स्टेशन का निर्माण कार्य होना है जिसके अंतर्गत बदायूं का भी एक रेलवे स्टेशन चुना गया है। अब बदायूं रेल सेवा से सीधे जुड़ेगा। एक पत्रकार ने सांसद के पिता स्वामी प्रसाद मौर्य के नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के गठन को लेकर सवाल किया तो सांसद बिफर गईं। कहा कि आप लोग पिता-पुत्री के सवालों से ऊपर उठें। वह दो से ढाई साल से पिता के बारे में पूछे गए सवाल सुन-सुनकर से परेशान हो चुकी हैं। भाजपा के लिए ही कार्य कर रही हैं। जिस तरह का कार्यक्रम होना चाहिए उससे संबंधित सवाल ही करने चाहिए। इतना कहते ही वह कार्यक्रम स्थल से निकल गईं।

## लापता युवक का शव नहर किनारे मिला

**काशीपुर,अमृत विचारः** करीब 10 दिन से लापता एक युवक का शव नहर किनारे सड़ी गली अवस्था में मिला। जिला रामपुर के थाना टांडा बादली के ग्राम रामनगर लतीफपुर निवासी कपिल कुमार (30) पुत्र स्व. प्यारे सिंह यहां महुआखेड़ा गंज में किराए के मकान में माता पार्वती देवी, पत्नी डौली देवी व छोटे भाई आनंद कुमार के साथ रहता था। कपिल मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

कपिल के छोटे भाई चमन पाल के मुताबिक बीती 15 फरवरी की सुबह लगभग साढ़े दस बजे वह अपनी शिक्षा संबंधी कागजात लेकर नौकरी की तलाश में किसी ठेकेदार के पास गया था, लेकिन वह घर वापस नहीं लौटा। सोमवार की सुबह पुलिस ने चमन पाल को सूचना दी कि अलीगंज रोड स्थित ग्राम गिरधई गांव के पास से गुजर रही नहर किनारे सड़ी-गली अवस्था में एक शव पड़ा मिला है।

## प्रियंका चोपड़ा के घर के बाहर अतिक्रमण नहीं साफ होने दे रहा नाला

**बरेली, अमृत विचार :** सिटी स्टेशन रोड पर बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के घर के बाहर नाले पर किया गया अतिक्रमण पूरे इलाके के लिए मुसीबत बन गया है। गंदगी से चोक हुए इस नाले की सफाई नहीं हो पा रही है जिसकी वजह से ओवरफ्लो होकर उसका पानी सड़क पर भर गया है। सोमवार को नगर निगम टीम ने यहां अतिक्रमण हटाकर नाले की सफाई करने की कोशिश की लेकिन लोगों ने पहले प्रियंका चोपड़ा के घर के बाहर किया गया अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए विरोध शुरू कर दिया। आखिरकार नाले की सफाई नहीं हो पाई।

सिटी स्टेशन रोड पर विनायक अस्पताल से टक्कर की पुलिया तक कई साल से नाले की सफाई नहीं हुई है। छह फुट गहरा यह नाला पूरी तरह चोक हो गया है। बहाव रुक जाने से उसका पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों और घरों के आगे भर रहा है। इसी रोड पर बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का घर है।



जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में छात्र-छात्राओं के साथ डायरेक्टर आयुष सिंघल।

## स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे तथा हाउस क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन

संवाददाता, हापुड़

**अमृत विचार :** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में रविवार को ग्रैंडपेरेंट्स डे तथा हाउस क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। ग्रैंडपेरेंट्स डे मना कर विद्यार्थियों के मन में उनके दादा-दादी व नाना नानी के प्रति सम्मान, प्यार तथा भावनाओं को पैदा किया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम में पहुंचे दादा दादी नाना नानी के साथ विद्यालय प्रबंधक राकेश सिंहल, उप प्रबंधक डॉ हिमांशु सिंहल, स्कूल निदेशक डॉ आयुष सिंघल, सचिव डॉ० रोहन सिंघल तथा विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ निधि मलिक ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा हवा में गुब्बारे छोड़कर की। हाउस क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान स्कूल के चारों हाउस ने भारत के विभिन्न राज्यों की झलक दिखाने का बेहतरीन प्रयास किया। जिसमें हार्मनी हाउस ने गुजरात, विजडम हाउस ने पंजाब, पैशन हाउस ने राजस्थान तथा ऑप्टिमाइज्म हाउस ने तमिल राज्य की झांकी प्रस्तुत की। हाउस कम्पटीशन में हार्मनी हाउस प्रथम स्थान पर रहा। विजडम हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा पैशन तृतीय तथा ऑप्टिमाइज्म हाउस चौथे स्थान पर रहे।

## जनकवि व शायर डॉ नरेश सागर को रविदास सम्मान

**हापुड़] अमृत विचार :** जिले के चर्चित जनकवि व शायर डॉ नरेश सागर को संत शिरोमणि रविदास सम्मान से सम्मानित किया गया है।

जिले के छोटे से गांव मुरादपुर की सागर कालोनी के रहने वाले डॉ नरेश सागर को विश्व हिंदी सृजन सागर मंच ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर उनके कविता लेखन के लिए सम्मानित किया। डॉ नरेश सागर ने कहा कि ये सम्मान मेरे महापुरुषों के संघर्ष की निशानी है, जिस समाज के पास संत रविदास, महात्मा बुद्ध, कबीर और नानक जैसे संत हों उन्हें किसी और सत्संग में जाने की कोई जरूरत नहीं है। डॉ० सागर ने कहा यूं तो हमारे पास अनेक सम्मान हैं मगर जब किसी महापुरुष के नाम से सम्मानित किया जाता है। तब सीना गर्व से दोगुना हो जाता है। हमें अपने महापुरुषों की धरोहर को बचाकर रखना होगा।



## शिकायत पर तौकीर रजा के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शहामतगंज बवाल के मामले में मुख्यमंत्री से की थी शिकायत

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा के जेल भरो के आह्वान पर नौ फरवरी को इस्लामिया ग्राउंड में भीड़ इकट्ठी होने के बाद शहामतगंज में हुए बवाल के मामले में शासन ने एसएसपी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस मामले में कुछ दिन पहले श्री शिरडी साई सर्वदेव मंदिर के महंत पंडित सुशील पाठक ने मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। इसमें कहा गया था कि मौलाना तौकीर कई बार शहर की शांति के लिए खतरा बन चुके हैं। नौ फरवरी को भी उनके भड़काऊ बयानों के कारण शहामतगंज में दंगा होने से बच गया था।

ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति देने के विरोध में मौलाना तौकीर ने जेल भरो का एलान किया था और सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए मुसलमानों से इस्लामिया ग्राउंड पर इकट्ठे होने की अपील की थी। मौलाना के इस आह्वान पर हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई थी, हालांकि पुलिस-प्रशासन के अफसरों ने मौलाना की सामूहिक गिरफ्तारी देने की योजना सफल नहीं होने दी। इस्लामिया ग्राउंड से भीड़ के लौटते वक्त शहामतगंज में तोड़फोड़ और पथराव हुआ तो भारी तनाव फैल गया था। जैसे-तैसे बड़ा बवाल होने से बचा। पुलिस ने इस मामले में दोनों समुदायों की ओर से 110 लोगों के खिलाफ एफआईआर तो दर्ज की लेकिन इसके बाद आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पंडित सुशील पाठक ने कुछ दिन पहले इसी मामले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि मौलाना तौकीर रजा ने कई बार शहर की शांति भंग करने की कोशिश कर चुके हैं। नौ फरवरी को मौलाना तौकीर के जेल भरो आंदोलन के बाद शहर की सड़कों पर मुस्लिम समुदाय के लोग उतर आए थे। शहामतगंज में तौकीर के समर्थकों ने पथराव और तोड़फोड़ की।

## मलिक 4 दिन की रिमांड पर, मांगे थे 10 दिन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लंबी फरारी के बाद हत्थे चढ़े अब्दुल मलिक को अब पुलिस के सवालों से जूझना होगा। पुलिस को चार दिन की रिमांड मिली है। इस दौरान पुलिस दंगे से पहले और दंगे के बाद गुजरे हर दिन का हिसाब लेगी। पूछताछ के लिए अगर ये चार दिन कम पड़े तो पुलिस न्यायालय से कुछ और वक्त मांगेगी। फिलहाल तो पुलिस ने 10 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन न्यायालय ने पुलिस को सिर्फ चार दिन दिए हैं।

दंगे के मास्टर माइंड कहे जा रहे अब्दुल मलिक पर यूएपीए सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। अब्दुल मलिक शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में नैनीताल जेल भेज दिया गया। सोमवार को पुलिस रिमांड के लिए कोर्ट पहुंची और मलिक से पूछताछ के लिए 10 मांगे। कोर्ट ने चार दिन की रिमांड दी।

**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2000 अनुक्रमांक-0786937 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2002 अनुक्रमांक 0174285 के प्रमाणपत्र व अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। दीपमाला चन्देल D/o विरेन्द्र कुमार चन्देल कमला नगर लाजपत नगर मुरादाबाद।

**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक-0672604 का प्रमाणपत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। मोहसिना D/o सरीफ अहमद ग्राम अहमदपुर पो० सिडलउ मुरादाबाद।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र रहीसुल व पुत्र वधु शहनाज बेगम पत्नी रहीसुल बुरी संगत में पड़ गये हैं। दोनों मेरे साथ आये दिन गाली-गलौच व मारपीट करते हैं। मैं अपने पुत्र व पुत्रवधु को चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। दोनों द्वारा किये गये कुकृत्यों के वह स्वंय उत्तरदायी होगें।
मुशाहिद पुत्र फकीरा निवासी- ग्राम रसूलपुर चौराहा थाना व तह०- काँठ, जि० मुरादाबाद।

### विधायकों की अनुपस्थिति से समाजवादी पार्टी को राज्यसभा चुनाव में लग सकता है झटका

# सपा के डिनर में नहीं पहुंचे 6 एमएलए, क्रॉस वोटिंग की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यसभा में उप्र. की रिक्त सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले सोमवार की शाम मुख्य विपक्षी दल सपा को शुभ संदेश देने वाली नहीं रही। दरअसल, सपा ने मतदान की पूर्व संध्या पर अपने सभी विधायकों की बैठक बुलाई थी और उनके लिए डिनर आयोजित किया था। लेकिन उसके 6 विधायक बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए। चायल विधायक पूजा पाल, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, अमेठी विधायक महाराजी देवी, काल्पी विधायक विनोद चतुर्वेदी और अंबेडकरनगर विधायक राकेश पांडेय सपा की बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए।

सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने अनुपस्थित विधायकों के बारे में अमृत विचार को बताया कि, कुछ ने न आने का व्यक्तिगत कारण बताया लेकिन असलियत कल मतदान में पता चलेगी।

विधायकों की अनुपस्थिति से सपा को राज्यसभा चुनाव में इनके क्रॉस वोटिंग का डर सताने लगा है। अगर ऐसा हुआ तो सपा का खेल बिगड़ सकता है। सपा को जहां अपना तीसरा उम्मीदवार जीताने की मुश्किल होगी वहीं, भाजपा अपना आठवां उम्मीदवार जिता ले जाएगी। इस बीच सूत्रों के मुताबिक, भाजपा को आठवीं सीट दिलाने में सपा के पांच विधायक 'खेल' कर सकते हैं। यहां तक कि बसपा विधायक उमाशंकर सिंह का वोट भी हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

**पहले भी राजा भैया को अपना**




**बनाने का प्रयास कर चुकी है भाजपा :** भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ के बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को बीते लगभग दस सालों से अपने साथ लाने में जुटी थी। मंगलवार को राज्यसभा के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले भाजपा आखिर अपने इस लक्ष्य में सफल हो गई। अब जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के दोनों विधायकों का वोट भाजपा को जाएगा।

दरअसल, राजा भैया के दल का गठन होने के पहले भाजपा उन्हें साल 2014 में अपने साथ लाने का प्रयास किया था। तब उन्हें भाजपा के सिंबल पर प्रतापगढ़ से लोकसभा चुनाव का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन वह नहीं माने, फिर उन्हें साल 2017 में भाजपा के साथ आने का प्रस्ताव दिया गया। तब भी बात नहीं बनी थी।

यहां तक कि, बीते विधानसभा चुनाव के पहले राजा के दल को एनडीए का घटक भी बनाने का प्रयास असफल रहा था। लेकिन इस बार यहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दिल्ली से शीर्ष भाजपा नेताओं ने जो प्रयास किया, उसका प्रभाव हुआ और राजा भैया भाजपा के उम्मीदवार को वोट देने को राजी हो गए।

### विधायकों की गुणा-गणित में उलझी सपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यसभा में दस रिक्त सीटों के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं। अपने तीनों उम्मीदवारों को जिताने के लिए सपा को 37 प्रति विधायक के हिसाब से 111 विधायकों का समर्थन चाहिए। अब राजा भैया की पार्टी के दो वोट सपा को नहीं मिलेंगे। ऐसे में सवाल बड़ा यह है कि सपा के अपने तीसरे उम्मीदवार को जिताने के लिए क्या जुगत भिड़ाएगी। अखिलेश यादव के सामने न केवल सपा की सहयोगी पार्टी अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल की नाराजगी एक चुनौती है, बल्कि रालोद के भाजपा के साथ खड़े होने जाने से भी वह खुद को कमजोर महसूस कर रही है। हालांकि सपा के विधायक रमाकांत यादव और इरफान सोलंकी जेल में बंद हैं। इन्हें मताधिकार का अवसर मिला तो स्थितियां कुछ और होंगी।

### सपा के उम्मीदवार

जया बच्चन, आलोक रंजन और रामजी लाल सुमन।

**भाजपा के उम्मीदवार**– आरपीएन सिंह, अमरपाल मौर्य, चौ. तेजवीर सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, संगीता बलवंत (बिंद), साधना सिंह नवीन जैन और संजय सेठ।

### इस तरह होगा मतदान

**लखनऊ।** राज्यसभा चुनाव को मंगलवार सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान होगा। तीन बूथ बनाए गए हैं। मतदाता सचिवालय के गेट नंबर सात से प्रवेश करेंगे। विधान भवन के कक्ष नंबर 80 से मतदाता पर्ची प्राप्त कर मतदान के लिए तिलक हाल जाएंगे। तिलक हॉल में मतपत्र पर निर्वाचन आयोग के विशेष पेन से मतदान करेंगे, शाम 5 बजे से मतगणना होगी।

# दूसरे राज्यों से भी जुड़ रहे हैं सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी के तार

### 1500 सबूतों के साथ मास्टर माइंड तक पहुंचने में जुटी एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण में हालांकि एसटीएफ अभी तक असल गुनाहगार तक नहीं पहुंच सकी है, लेकिन तफ्तीश में परीक्षा में सेंधमारी के तार उप्र के अलावा दूसरे राज्यों से भी जुड़ रहे हैं। उप्र पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड को बीते दिनों ऑनलाइन मिले 15सौ से अधिक सूबतों की पड़ताल करने के बाद एसटीएफ को यह उम्मीद हो चली है कि जल्दी ही उसके हाथ मास्टरमाइंड के गिरेबा तक पहुंच जाएगी। दरअसल, सबूत देने वालों में ज्यादातर कोचिंग संस्थान और यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से पढ़ाने वाले शिक्षक हैं, ऐसे में वह उन शिक्षकों से संपर्क कर रही है।

उनसे पूछताछ कर असली गुनाहगार तक पहुंचने वाले रास्ते में छायी धुंध साफ करने में जुटी है। इसी क्रम में एसटीएफ की टीम ने रविवार को कानपुर कोचिंग संस्थान चलाने वाले




शिक्षक रामजी शुक्ल से मामले की जानकारी जुटाई है। उन्होंने सभी डिजिटल सुबूत एसटीएफ टीम को उपलब्ध कराए हैं। वहीं दूसरी ओर यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से पढ़ाने वाले शिक्षक विवेक कुमार से भी सोमवार को पूछताछ की। विवेक ने भी बहुत सारे सबूत एसटीएफ टीम को सौपे हैं। बताया जाता है कि विवेक ही ने सबसे पहले पेपर लीक होने की सूचना पुलिस महकमें को दी थी।

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक होने का पहला सुबूत एक टेलीग्राम चैनल से मिला है। इसका लिंक दिल्ली से निकल रहा है। परीक्षा के दौरान पकड़े गए सॉल्वर में ढेर सारे बिहार से भी जुड़े रहे हैं, ऐसे में एसटीएफ की एक टीम बिहार के गैंग पर भी अपनी नजर टिकाए हुए है। बताया जा रहा है कि झांसी में पकड़ा गया रजनीश रंजन बिहार के कुख्यात गैंग रंजीत डॉन से जुड़ा हुआ है। रंजीत डॉन नाम से मशहूर इस शख्स को नकल माफिया और पेपर लीक के मास्टर माइंड के रूप में जाना जाता है।

#### एक ही जगह से लीक हुआ पेपर फिर वायरल किया

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद एसटीएफ इस नतीजे पर पहुंची है कि पेपर एक ही जगह से लीक हुआ और उसे अलग-अलग एजेंटों के जरिए बेचा और वायरल किया गया। इसी को केंद्र में रखकर एसटीएफ अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। जौनपुर में पकड़े गए सभी आरोपियों का ब्योरा खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि बड़े पैमाने पर पेपर लीक यहीं से हुआ है।

## आखिर कब पेपर लीक मुक्त प्रदेश होगाः मायावती

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश आखिर कब पेपर लीक मुक्त होगा।



सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने से सम्बन्धित परीक्षा का रद्द होना अति-गंभीर व चिन्तनीय है। इससे राज्य व सरकार की बड़ी बदनामी के साथ ही युवाओं व बेरोजगारों का भविष्य खराब होकर उनका जीवन दांव पर लग जाता है। यूपी आखिर कब पेपर लीक मुक्त प्रदेश होगा? सरकार इस ओर ध्यान दे। प्रदेश में अक्सर होने वाली प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होना गम्भीर समस्या है। इससे लाखों अभ्यर्थी परेशान होते हैं और धन का भी नुकसाान होता है।

# इस बार गर्मियों में नहीं होगी बिजली की किल्लत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में इस बार लोगों को बिजली की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। पावर बैंकिंग समझौते के तहत प्रदेश को 11 राज्यों से बिजली मुहैया होगी।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल से सितंबर के बीच बिजली की ज्यादा मांग होना संभावित है। बिजली की संभावित मांग की भरपाई के लिए गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तराखंड व केरल से पहली बार पावर बैंकिंग के तहत समझौता हुआ है। इन पांच राज्यों से प्रदेश को 171.4 करोड़ यूनिट बिजली मिलेगी, जबकि पूर्व में हुए समझौते के तहत मध्य प्रदेश, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व कर्नाटक से भी बिजली मिलेगी। इन 11 राज्यों से कुल 458.4 करोड़ यूनिट बिजली मुहैया होगी। अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल गर्मी के दिनों में अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट तक पहुंची थी, पर प्रदेश में नये



उद्योगों की स्थापना के कारण इस बार 30 हजार मेगावाट से ऊपर पहुंचने की संभावना है। अधिकारियों के अनुसार समझौते के तहत तेलंगाना से 116.9 करोड़ यूनिट, गुजरात 17.7 करोड़ यूनिट, महाराष्ट्र 23.3 करोड़ यूनिट व उत्तराखंड 4.9 करोड़ यूनिट बिजली प्रदेश को मिलेगी, जबकि केरल से 8.6 करोड़ यूनिट बिजली मिलेगी। कारपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि ओबरा व जवाहरपुर में 660-660 मेगावाट की दो इकाइयां बिजली उत्पादन से जुड़ गईं हैं।

## सार-संक्षेप

### अधिनियम के तहत अधिगृहित भूमि पर भू-स्वामी माना जाएगा अतिक्रमणकर्ता

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम,1894 की धारा 17 के तहत अधिगृहित भूमि अधिसूचना की तारीख से 15 दिनों के बाद बिना किसी बाधा के सरकार में निहित हो जाती है। अधिनियम के तहत अवार्ड पारित करना भी आवश्यक नहीं है। ऐसी भूमि पर कुछ वर्षों के बाद कब्जा करना संविधान के अनुच्छेद 300-ए के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने दीपक शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जिस भू-स्वामी की भूमि धारा 17 के तहत अधिगृहित की गई है, वह सरकार द्वारा अर्जित भूमि पर अतिक्रमणकर्ता होगा। ऐसे में उस भूमि के संबंध में राज्य को परमादेश जारी नहीं किया जा सकता। मालूम हो कि वर्ष 2006 में प्रदेश सरकार ने उक्त अधिनियम के तहत अधिसूचना जारी कर याची की भूमि अधिगृहित कर ली थी। वर्ष 2010 में जिला मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्ध नगर द्वारा अवार्ड भी पारित कर दिया गया था। उसके बाद याची ने भूमि के एक हिस्से की लीज वापसी के अधिकार का दावा किया। याची के अधिवक्ता ने यह प्रस्तुत किया कि उसके दावों पर विचार किए बिना अधिकारियों द्वारा भूमि पर कब्जा कर लिया गया।

### प्रदेश कांग्रेस ने नियुक्त किये 80 समन्वयक

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज करते हुए प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश की कुल 80 सीटों के लिए समन्वयक नियुक्त कर दिये हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को समन्वयकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। लखनऊ सीट के लिए इखलाख अहमद डेविड, मोहनलालगंज सुरक्षित से अमरेश पांडेय, मुरादाबाद सीट के लिए डॉ युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, कानपुर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी व फैजाबाद के लिए मनोज तिवारी को समन्वयक बनाया गया है। इसके अलावा रामपुर सीट के लिए हाजी इकराम कुरैशी, संभल के लिए अफरोज अली खान, अमरोहा से आतिफ हसन, खीरी से अनिल शुक्ला, धौरहरा से कैप्टन बंशीधर मिश्रा, सीतापुर से आशुतोष मिश्रा, हरदोई सुरक्षित से डॉ अभिषेक यादव, उन्नाव से शमीम खान, रायबरेली से इंदल रावत, अमेठी से देवानंद मिश्रा, सुल्तानपुर से सुरेश प्रताप सिंह, फतेहपुर से अखिलेश शुक्ला, बाराबंकी सुरक्षित से धर्मेंद्र चौधरी व गोंडा से चैधरी अखिलेश को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, सहारनपुर से कृष्णकांत शर्मा, कैराना से सोनू पठान, मुजफ्फरनगर से गौरव भाटी, बिजनौर से फूल कुंवर, नगीना सुरक्षित से दिनेश अवाना, मेरठ से संजीव शर्मा व बागपत से हेमंत प्रधान को समन्वयक बनाया गया है।

### ओडीएफ प्लस माडल बनेंगे 43,378 राजस्व ग्राम

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के फेज-2 में 19,018 ग्राम पंचायत के 43,378 राजस्व ग्राम ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित होंगे। पंचायती राज विभाग ने वर्ष 2024-25 के लिए यह लक्ष्य रखा है। इन ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य कर संस्तृप्त किया जाएगा। इससे जलभराव, घूरा, गंदगी, प्लास्टिक आदि से निजात मिलेगी। अभियान की शुरुआत 2023-24 में हुई थी। पहले चरण में 30,277 ग्राम पंचायत के 43,249 राजस्व ग्रामों पर कार्य लगभग हो चुके हैं। जबकि दूसरे चरण में अवशेष सभी राजस्व ग्राम लिए गए हैं। जिनकी आबादी पांच हजार से कम है। ओडीएफ प्लस गतिविधियों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन भी महत्वपूर्ण है। इसके लिए आरआसी सेंटर यानी प्लास्टिक निस्तारण केंद्र बनेगा। इसका प्रधान व सचिवों को बुलंदशहर में खास प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन कार्यों के लिए मिशन निदेशक राज कुमार ने मदों से धनराशि खर्च करने के वित्तीय प्रावधान सभी जिलाधिकारी को बताए हैं। इस में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, केंद्रीय व राज्य वित्त आयोग, मनरेगा, परफार्मेंस ग्रांट, स्वयं की आय, सांसद व विधायक निधि, सीएसआर मद ठोस अपशिष्ट के कार्य हो सकेगें।

## नौजवानों को नौकरी देने की नीयत नहीं: अखिलेश यादव

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा है कि सरकार नौजवानों को नौकरी नहीं देना चाहती है। उसकी नीयत नौकरी देने की नहीं है। वह बस दिखावा करने के लिए भर्ती का विज्ञापन निकालती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि, छात्र, नौजवान अपने परिवार की गाढ़ी कमाई लगाकर फार्म भरता है, परीक्षा की तैयारी करते हैं। तमाम तरह की कठिनाइयों के बीच परीक्षा देने जाता है। लेकिन जब केंद्र पर पहुंचता है तो पता चलता है कि पेपर लीक हो गया है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सरकार जान-बूझकर पेपर लीक कराती है।

# भाकियू के आह्वान पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला

संवाददाता,मुजफ्फरनगर/बागपत/मेरठ

**अमृत विचार :** भाकियू के आह्वान पर सोमवार को प्रदेश में कई जगहों पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला जिससे राजमार्ग सहित कई प्रमुख सड़कों पर यातायात बाधित हो गया। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सोमवार को आरोप लगाया कि सरकार किसानों की वास्तविक मांगों की उपेक्षा कर रही है। मुजफ्फरनगर जिले में किसानों ने मांगों को लेकर राजमार्ग पर ट्रैक्टर मार्च निकाला।

पत्रकारों से बातचीत में टिकैत ने पंजाब में प्रदर्शनकारी किसानों पर हुए अत्याचार की निंदा की। इस बीच, कई स्थानों पर यातायात बाधित हो गया क्योंकि किसानों ने मुजफ्फरनगर जिले में ट्रैक्टर मार्च निकाला और पुरकाजी थाने के



ट्रैक्टर मार्च निकालते किसान।

भूराहेड़ी, खतौली थाने के भंगेला, मंसूरपुर थाना क्षेत्र के मंसूरपुर चौराहा और छपार थाना क्षेत्र के रामपुर तिराहा पर अपने ट्रैक्टर खड़े करके दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग की बाईं लेन को अवरुद्ध कर दिया। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज किये गये पुलिस मामले वापस लेने सहित अन्य मांगों को लेकर किसान पंजाब और हरियाणा की खनौरी तथा शंभू सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। बागपत से मिली खबरों के मुताबिक संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने ट्रैक्टर की श्रृंखला बनाकर विरोध जताया। भाकियू कार्यकर्ता दिल्ली-सहारनपुर राजमार्ग पर और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के पास धरने पर बैठ गये। किसानों ने अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर इस कार्यक्रम का समापन किया। मेरठ में भाकियू कार्यकर्ताओं ने विश्व व्यापार संगठन का पुतला फूंका। इससे पहले पंजाब-हरियाणा सीमा पर जारी किसानों के प्रदर्शन के समर्थन में मेरठ में राजमार्ग पर भाकियू कार्यकर्ता और किसान ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। इस दौरान किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर ही ट्रैक्टर खड़े कर दिए। भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने चार जगह केंद्र बनाकर ट्रैक्टर की श्रृंखला बनाई, जिसमें मुख्य रूप जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में किसान एकजुट हुए।

## वर्ग पहेली-355

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण
2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | 2 | 3 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ |
| ■ | 5 | | | ■ | 6 |
| 7 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 8 | | | |

### वर्ग पहेली - 354 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | ■ | ■ | 2 कृ |
| व | ■ | ■ | 3 पे | ■ | पा |
| 4 डे | ढ़ी | ■ | 5 गं | धा | लु |
| र | ■ | ■ | ब | ■ | ■ |
| ■ | 6 झिं | गा | र | 7 ना | ■ |
| 8 पू | ■ | ■ | ■ | जु | ■ |
| ती | ■ | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू-72

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 7 | | | 1 | |
| 8 | 2 | | | 1 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | 9 | | |
| 5 | | 7 | | | 3 | | | 1 |
| | 6 | | 9 | | 7 | | 2 | |
| 9 | | | 6 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | | 6 | | | 5 | |
| | | 8 | | 9 | | | 4 | 6 |
| | 1 | | | | 2 | | | |

### सुडोकू - 71 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 2 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 01.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद
नक्षत्र-हस्त पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** – आज आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। जॉब को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। शरीर में आलस्य की अधिकता रहेगी। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आज आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए।

**वृष** – नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलाप होगा। बॉस आप पर जिम्मेदारियों का बोझ डाल सकता है। अन्तरंग संबंधों में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शान्त रहेगा।

**मिथुन** – आज चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। व्यापार में सफलता मिलेगी।

**कर्क** – आज सरकारी कार्यों में आ रही रुकावट दूर होगी। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे। वरिष्ठ अधिकारियों आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी।

**सिंह** – आज परिजनों का व्यवहार अशांत कर सकता है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। फार्मा सेक्टर से जुड़े लोगों को धन लाभ मिल सकता है। लोगों से बहुत अपेक्षायें न रखे।

**कन्या** – आज नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। जॉब में आपको तरक्की मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।

**तुला** – आज अनैतिक कार्यों में सन्लिप्तता नुकसानदेह साबित होगी। दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। अधीनस्थ लोगों का अच्छा खासा समर्थन और सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में तनाव रहने वाला है। सेहत नरम रहने वाली है।

**वृश्चिक** – नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार करेंगे। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**धनु** – आज घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की उम्मीद करेगा। भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है।

**मकर** – आज अपने रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। छात्र उच्च शिक्षा के लिए किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। जॉब इन्टरव्यू में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से थोड़े क्रुद्ध हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी। कोई मशीन खराब हो सकती है।

**मीन** – जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। मन में कई दिनों से जो शंका थी उसका आज समाधान हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करें। समस्त योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में अपेक्षित प्रगति होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जो बोले सो निहाल – सुबह : 09 .43
- कुली नंबर वन – शाम : 06 .57

Utsav Gold
- घराना – दोपहर : 01.30
- प्यार के साइड इफेक्ट्स – रात : 07 .30

SONY MAX
- दिल तो बच्चा है – सुबह : 08 .00
- झूम बराबर झूम – रात : 07 .00

ZEE CINEMA
- वटवारा – सुबह : 10 .25
- क्रांतिवीर – शाम : 04 .15

colors CINEPLEX
- चलते चलते – सुबह : 08 .03
- देवदास – शाम : 04 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीटू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है
शीटू- सिरदर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात करो
टीटू- क्यों?
शीटू- तुमने सुना नहीं है, जहर ही जहर को मारता है।

डॉक्टर- आपका लड़का पागल कैसे हो गया?
पिता- वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था।
डॉक्टर- तो इससे क्या?
पिता- लोग बोलते थे थोड़ा खिसको, थोड़ा खिसको, तभी से खिसक गया।

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव :** दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ 104 – 106रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 1835, राज श्री 1340, फॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1560, जय जवान 1405, सचिन 1470, सूरज 1430, अवसर 1570, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1445, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1550, चक्र टिन 1650, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1805 ।किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950। चावल–(प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350।

# विकसित भारत लक्ष्य में कपड़ा क्षेत्र अहम

## प्रधानमंत्री ने भारत टेक्स-2024 का किया उद्घाटन, कहा- इस क्षेत्र का योगदान बढ़ाने का प्रयास कर रही है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कपड़ा क्षेत्र को पूरा सहयोग देने का वादा किया और साथ ही इस बात पर बल दिया कि यह क्षेत्र 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत 2047 में आजादी के सौ साल पूरे करेगा। मोदी ने 'भारत टेक्स-2024' का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र के योगदान को और बढ़ाने के लिए सरकार बहुत व्यापक स्तर पर काम कर रही है। 'भारत टेक्स' देश में आयोजित सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "हमने अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र में बदलने का संकल्प लिया है। विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभ- गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं। विशेष रूप से भारत का कपड़ा क्षेत्र इन सभी स्तंभों से जुड़ा हुआ है। इसलिए 'भारत टेक्स' जैसा आयोजन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।" उन्होंने कहा कि 2014 में भारत के कपड़ा बाजार का मूल्यांकन सात लाख करोड़ रुपये से भी कम था, जबकि अब यह 12 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में धागे, कपड़े और परिधान के उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार का कपड़ा क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण पर पूरा ध्यान है। कपड़ा क्षेत्रों में रोजगार की संभावना, ग्रामीण आबादी और महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि परिधान निर्माताओं में दस में से सात महिलाएं हैं और हथकरघा में तो यह संख्या और भी अधिक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि पिछले 10 साल में उठाए गए कदमों ने खादी को विकास और नौकरियों का एक मजबूत माध्यम बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पिछले दशक की कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने से कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार कपास किसानों का समर्थन कर रही है और उनसे कपास खरीद रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेश किया गया 'कस्तूरी कॉटन' वैश्विक स्तर पर भारत का 'ब्रांड मूल्य' बनाने में एक बड़ा कदम होगा।



### ऐसे समाज का निर्माण करेंगे, जहां सरकारी दखल कम से कम हो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो और वह लोगों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करे। 'भारत टेक्स 2024' के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें ऐसा समाज बनाना होगा, जिसमें सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो। मैं विशेष रूप से मध्यम वर्ग के जीवन में हस्तक्षेप को पसंद नहीं करता हूं।' मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से वह न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप वाले समाज के निर्माण के लिए लड़ रहे हैं और अगले पांच वर्षों में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार को उत्प्रेरक एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए।

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 7% रहेगी

मुंबई, एजेंसी

● जर्मन ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने लगाया अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जर्मनी की ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर स्थिर मूल्य पर जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। यह पूर्व में जताए गए अनुमान से अधिक है।'

तिमाही वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 29 फरवरी को जारी किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही थी। ब्रोकरेज कंपनी के विश्लेषकों के अनुसार, उसका अनुमान औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, आयात (तेल और सोने को छोड़कर), बैंक कर्ज और उपभोक्ता वस्तुओं सहित पांच महत्वपूर्ण संकेतकों के सूचकांक पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 65 उच्च-आवृत्ति वाले संकेतकों से जुड़ा एक अन्य संकेतक भी दिसंबर तिमाही में 7 प्रतिशत वृद्धि का संकेत दे रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले साल रूस-यूक्रेन युद्ध और उससे पहले कोविड महामारी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। आर्थिक वृद्धि की गति अनुमान से कहीं बेहतर रही है।'

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650–47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# बीते साल विलय-अधिग्रहण सौदों का मूल्य 27 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

● पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों का मूल्य पिछले साल यानी 2023 में 27 प्रतिशत घटकर 136 अरब डॉलर रह गया। डेलॉयट इंडिया की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, विलय एवं अधिग्रहण बाजार के इस साल स्थिर रहने की संभावना है।

रिपोर्ट 'इंडिया एमएंडए ट्रेंड्स' के अनुसार, "ऊंची ब्याज दरों, व्यापक आर्थिक अनिश्चितता, नियामकीय जांच और भू-राजनीतिक जोखिमों से उत्पन्न महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का विलय एवं अधिग्रहण बाजार 2023 में मजबूत रहा।" रिपोर्ट में कहा गया, "वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय बाजार में सौदे स्थिर रहने की उम्मीद है जो वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच कंपनियों और निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।"



### पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की अनुमतिः डीजीएफटी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की तत्काल प्रभाव से अनुमति है। यह अनुमति उन खेपों के लिए है, जिन्हें 30 अप्रैल या उससे पहले जहाज पर लदान से जुड़े बिल जारी किए गए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि एमआईपी (न्यूनतम आयात मूल्य) और बंदरगाह प्रतिबंध शर्तों के बिना आयात की अनुमति है। डीजीएफटी अधिसूचना में कहा गया है कि हालांकि इसके लिए आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण की जरूरत है।

# भारतीय होटल उद्योग सात से नौ फीसदी राजस्व वृद्धि दर्ज करेगा

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय होटल उद्योग को अगले वित्त वर्ष (2024-25) में सात से नौ प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। इक्रा ने कहा कि घरेलू अवकाश यात्रा का निर्वाह, बैठकों, सम्मेलन और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) की मांग ऐसे कारक हैं, जो आगामी आम चुनावों के दौरान अस्थायी शांति के बावजूद अगले वित्त वर्ष में मांग को बढ़ाएंगे।

शोध कंपनी ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में आध्यात्मिक पर्यटन और दूसरी श्रेणी के शहरों से समग्र मांग में सार्थक योगदान मिल सकता है। इक्रा के अनुसार, चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में अखिल भारतीय होटल अधिभोग का अनुमान दशक के उच्चतम स्तर 70 प्रतिशत से 72 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 68 प्रतिशत से 70 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में देशभर में कमरों का औसत शुल्क 7,200 से 7,400 रुपये रह सकता है, जिसके अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 7,800 से 8,000 होने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रेडिट रेटिंग में सुधार के साथ इक्रा का भारतीय होटल उद्योग के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक है।

### एसबीआई समेत 3 बैंकों पर आरबीआई ने लगाया 3 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन को लेकर भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और सिटी यूनियन बैंक पर लगभग तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने सोमवार को बयान में कहा कि जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता कोष योजना, 2014 से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए एसबीआई पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा आय पहचान, फंसे कर्ज को लेकर कुछ निर्देशों का अनुपालन न करने को लेकर सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड पर 66 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## राष्ट्रीय

# संदेशखालिः शाहजहां को हर हाल में गिरफ्तार करे पुलिस

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने दूसरी बार पश्चिम बंगाल सरकार को लगाई फटकार, कहा- गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक नहीं

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को फटकारते हुए निर्देश दिया कि संदेशखालि में यौन उत्पीड़न के आरोपी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसके साथ कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है।

अदालत ने कहा कि यह जानकर आश्चर्य हुआ कि संदेशखालि में उत्पीड़न की घटनाओं की सूचना राज्य पुलिस को चार साल पहले ही दे दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा, 'यह और भी आश्चर्यजनक है कि 42 मामलों को आरोपपत्र का रूप लेने में चार साल लग गए।' मामले में पेश अधिवक्ताओं ने कहा कि एक गलत धारणा बनाई गई कि अदालत ने शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। इस पर पीठ ने कहा कि संदेशखालि में घटनाओं के संबंध में ऐसा कोई मामला रिकॉर्ड में नहीं है कि शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई गई है। अदालत ने कहा, 'अतः संबंधित पुलिस प्राधिकारी उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करें।'

अदालत ने निर्देश दिया कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न और आदिवासी लोगों की जमीन हड़पने के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले में शेख प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य के गृह सचिव को पक्षकार बनाया जाए। पीठ ने निर्देश दिया कि हाईकोर्ट रजिस्ट्री द्वारा समाचार पत्रों में एक सार्वजनिक नोटिस दिया जाए, जिसमें यह कहा गया हो कि शेख को मामले में पक्षकार बनाया गया है, क्योंकि वह फरार है और उसे 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय पर भीड़ के हमले के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

गत 5 जनवरी को संदेशखालि में शाहजहां के आवास पर छापेमारी के लिए गई ईडी टीम पर भीड़ द्वारा हमला किया गया था। शेख तब से फरार है। शाहजहां व उसके समर्थकों के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हो रहे हैं।



### सात दिनों में गिरफ्तार किया जाएगा शाहजहांः टीएमसी

**कोलकाता।** टीएमसी के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने सोमवार को कहा कि शाहजहां शेख को सात दिन में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीएमसी नेता का यह बयान कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किए जाने के तुरंत बाद आया है कि शाहजहां की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। घोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के बारे में अभिषेक बनर्जी की बात सही है। मामला अदालत के कानूनी पचड़े में फंसा हुआ था। विपक्ष इस मौके का फायदा उठाकर राजनीति कर रहा था। मामले को स्पष्ट करने और पुलिस को कार्रवाई की आज इजाजत देने के लिए उच्च न्यायालय को धन्यवाद। शाहजहां को सात दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

### आरोपी तृणमूल नेताओं के घरों में तोड़फोड़

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के अशांत क्षेत्र संदेशखालि में सोमवार को एक बार फिर प्रदर्शन हुआ और लोगों के एक समूह ने टीएमसी के स्थानीय नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की। इन नेताओं पर क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रताड़ित करने का आरोप है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि लाठी-डंडों से लैस स्थानीय लोगों ने टीएमसी के पंचायत नेता शंकर सरदार के खिलाफ अपनी नाराजगी जताते हुए संदेशखालि के बरमाजुर इलाके में कुछ घरों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भूमि हड़पने का आरोपी शंकर घर में मौजूद नहीं था और ग्रामीणों ने घर में मौजूद परिवार के सदस्यों के साथ मार-पीट की। पुलिस बाद में वहां पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की।

# सेना में चयनित दो लाख युवाओं के साथ हुआ अन्याय : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

### कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया कि वह उन करीब दो लाख नौजवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करें, जिन्हें सेना की नियमित भर्ती में चयन होने के बावजूद सेवा में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई, जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है।

खरगे ने पत्र में कहा कि मैं आपको भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च अधिकारी के रूप में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर लिख रहा हूं। यह मुद्दा लगभग दो लाख युवाओं के भविष्य को लेकर है, जिनका भविष्य भारत सरकार के फैसलों के कारण अंधकारमय हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों की सेवा के लिए चयनित युवाओं से मैं हाल ही में मिला था। इन युवाओं को बेहद असंवेदनशीलता के साथ देशसेवा के अवसर से वंचित किया गया है।



2019 से 2022 के बीच करीब दो लाख युवक-युवतियों को सूचित किया गया कि उन्हें तीन सशस्त्र सेवाओं थलसेना, नौसेना और वायुसेना के लिए चयनित किया गया है। इन युवक-युवतियों ने सेना में चयन हेतु मानसिक, शारीरिक और लिखित परीक्षा पास करने के लिए तमाम कठिनाइयों के बावजूद संघर्ष किया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 31 मई, 2022 तक उन्हें विश्वास था कि उन्होंने अपने सपने पूरे कर लिए हैं और बस अपने ज्वाइनिंग लेटर का इंतज़ार कर रहे हैं। दुर्भाग्य से उस दिन भारत सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने और इसके स्थान पर अग्निपथ योजना लागू करने के निर्णय ने उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया।

उन्होंने दावा किया कि अग्निपथ योजना के विषय पर पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने लिखा है कि अग्निवीर भर्ती योजना से सेना चकित रह गई और नौसेना और वायुसेना के लिए यह अचानक से एक झटके की तरह आया।

### एक नजर

#### तमिलनाडु सरकार ईडी की मदद करेः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि राज्य मशीनरी को यह पता लगाने में ईडी की मदद करनी चाहिए। इसमें कोई नुकसान नहीं है। शीर्ष अदालत ने पिछले हफ्ते धनशोधन के एक मामले में ईडी की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर तमिलनाडु सरकार से सवाल किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टर को तलब किया था।

#### दुष्कर्म के आरोपी ने युवती को गोली मारी, गिरफ्तार

**जयपुर।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दुष्कर्म के एक आरोपी और उसके दो साथियों ने 25 वर्षीय पीड़िता को कथित तौर पर गोली मारी और उस पर गंडासे से हमला कर दिया। हमले मे पीड़िता का भाई भी घायल हो गया। दोनों का जयपुर में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी राजेंद्र यादव का सोमवार को जयपुर में ट्रेन की चपेट में आने से पैर कट गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया गया है।

### एमपीः क्रिकेट खेलने के दौरान बेहोश होकर गिरा युवक, मौत

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में क्रिकेट खेलते समय 28 वर्षीय एक युवक बेहोश होकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एसओ भोला ने कहा कि एक क्रिकेट मैच के दौरान गिरने के बाद दीपक खांडेकर को अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस प्रभारी ने कहा कि अस्पताल ले जाने के दौरान खांडेकर की नब्ज नहीं चल रही थी।

### मोदी के दौरे से पहले आईएस सदस्य गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल की राजधानी के दौरे से एक दिन पहले यहां वट्टियूरकावु थाना की सीमा से आईएसआईएस से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि तमिलनाडु के मूल निवासी सादिक बाशा को रविवार को उनकी कार पर नकली पुलिस स्टिकर के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, उसे आईएसआईएस के लिए धन जुटाने के मामले में एनआईए ने वट्टियूरकावु में उसकी पत्नी के घर से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए 24 महीने जेल की सजा मिली थी। खबरें थीं कि जेल से रिहा होने के बाद उसने कई बार वट्टियूरकावु का दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पार्टी 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भी शामिल होंगे।

### कश्मीर-लद्दाख के बीच में फंसे 260 सैलानियों को एयर लिफ्ट किया

**जम्मू।** वायुसेना ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे लगभग 260 यात्रियों को हवाई मार्ग से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया। एक अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही भारी बर्फबारी के कारण 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने पर 22 जनवरी को सेवा शुरू होने के बाद से एएन-32 विमान से अब तक कुल 1,551 यात्रियों को 'एयरलिफ्ट' किया गया है। एएन-32 विमान को करगिल कूरियर भी कहा जाता है।

### झारखंड से कांग्रेस सांसद भाजपा में शामिल

**रांची।** झारखंड के सिंहभूम (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। कोड़ा भाजपा मुख्यालय में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आज भाजपा में शामिल हो गई। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करके देश को संकट में डाल दिया है। पार्टी कहती है कि वह सभी को साथ लेकर चलेगी, लेकिन वह केवल अपने परिवार को साथ लेकर चलती है।' भाजपा-आजसू (अखिल झारखंड छात्र संघ) गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 संसदीय सीट में से 12 पर जीत हासिल की थी।

# मराठा आरक्षणः प्रदर्शन के बीच महाराष्ट्र के अंबड में कर्फ्यू लागू

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

● जिला प्रशासन ने एहतियातन उठाया कदम

कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा मराठा आरक्षण के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

जालना के जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल ने आदेश में कहा कि जरांगे ने रविवार को घोषणा की कि वह मुंबई जाएंगे और मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की अपनी मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। इसमें कहा गया है कि ऐसी आशंका है कि लोग उन्हें (मुंबई जाने से) रोकने के लिए जालना के अंतरवाली सरती गांव में आ सकते हैं, जहां कार्यकर्ता भूख हड़ताल कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि भारी भीड़ के कारण धुले-मुंबई राजमार्ग और आसपास के अन्य इलाकों पर यातायात प्रभावित होने की आशंका है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवाजाही, दूध वितरण, मीडिया और अस्पतालों को इस आदेश से छूट दी गई है। जरांगे रविवार की रात अंतरवाली सरती से रवाना होकर पास के भांबेरी गांव पहुंचे।

### जरांगे ने 17 दिन बाद अनशन वापस लिया

**मुंबई।** आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को घोषणा की कि वह मराठा आरक्षण मुद्दे पर अपना 17 दिन से जारी अनशन वापस ले रहे हैं। जरांगे ने हालांकि कहा कि वह अपना आंदोलन तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि महाराष्ट्र सरकार उन लोगों के विस्तारित परिवार के सदस्यों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करना शुरू नहीं कर देती, जिनके पास पहले से ही ऐसे दस्तावेज हैं।

जरांगे का यह फैसला मराठा समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण से संबंधित अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए मुंबई तक मार्च की घोषणा के एक दिन बाद आया है, जबकि मुंबई में राज्य विधानमंडल का बजट सत्र भी शुरू होने जा रहा है।

# चुनावी बॉण्ड रद करने से अधिक पारदर्शिता आएगी : सेन

कोलकाता, एजेंसी

● प्रख्यात अर्थशास्त्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने चुनावी बॉण्ड योजना को रद करने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का सोमवार को स्वागत किया और इस योजना को घोटाला बताकर इसकी निंदा की। सेन ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स से बात की और कहा कि इस कदम से चुनाव के संदर्भ में लोगों के बीच अधिक पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा, 'चुनावी बॉण्ड एक घोटाला था और मुझे खुशी है कि अब उसे हटा दिया गया है।'

उच्चतम न्यायालय ने इस महीने की शुरुआत में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया था और चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था।



लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया। सेन ने कहा, 'भारत में चुनावी प्रणाली दलगत राजनीति की प्रकृति से काफी प्रभावित है, जिससे आम लोगों के लिए यह सुनना बहुत कठिन हो जाता है कि उन्हें चुनाव में भाग लेना चाहिए।'

अर्थशास्त्री ने कहा कि देश की चुनावी प्रणाली इस बात से प्रभावित होती है कि सरकार विपक्षी दलों के साथ कैसा व्यवहार करती है। उन्होंने कहा, 'यह विपक्षी दलों और उन लोगों के साथ व्यवहार से प्रभावित होती है, जिन्हें सरकार प्रतिबंधों के तहत रखना चाहती है। हम नागरिकों की अभिव्यक्ति और कार्य करने की स्वतंत्रता के अलावा यथासंभव स्वतंत्र चुनावी प्रणाली चाहते हैं।'

# जिन्हें भूख है, हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे : रोहित

## सरफराज, ध्रुव, यशस्वी और आकाशदीप ने जीत में अहम भूमिका निभाई

रांची, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मेहनत किए बिना राष्ट्रीय टेस्ट टीम में जगह बनाने का सपना देखने वालों से कहा कि मौका केवल उन्हीं को दिया जाएगा जो 'सबसे कड़े' प्रारूप में 'सफलता की भूख' दिखाएंगे। भारत ने सोमवार को चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को हराकर शृंखला जीत ली है। सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियों ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई जिससे रोहित खुश दिखे। रोहित ने कहा कि जिन लोगों को भूख है हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे। अगर भूख नहीं है तो उनको टीम में खिलाने का मतलब नहीं है।

रोहित की यह प्रतिक्रिया बीसीसीआई के उस आदेश के बाद आई, जिसमें इशान किशन और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए कहा गया था लेकिन इन दोनों ने इसे नजरअंदाज कर दिया था। भारतीय कप्तान ने कहा कि मैंने टीम में कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जो भूखा नहीं हो। सभी लड़के जो यहां हैं और जो नहीं हैं, वे सभी खेलना चाहते हैं, लेकिन टेस्ट टीम में बहुत ही कम मौके मिलते हैं। अगर आप उन मौकों का फायदा नहीं उठाते तो वह चले जाते हैं। इशान किशन झारखंड के लिए रणजी ट्रॉफी में नहीं खेले, लेकिन आईपीएल के लिए उन्हें मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग करते हुए देखा गया। रोहित ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन प्रारूप है। यदि आप इस प्रारूप में उत्कृष्टता और सफलता हासिल करना चाहते हैं तो आपको अपनी भूख दिखानी होगी।

### युवाओं को अच्छे प्रदर्शन के लिए माहौल देना जरूरी



रांची। युवा ब्रिगेड के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को टेस्ट शृंखला में हराने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि टीम में आए युवाओं को सलाह की जरूरत नहीं है बल्कि अच्छे प्रदर्शन के लिए सहयोगी माहौल चाहिए। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जायसवाल, आकाश दीप और सरफराज खान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। रोहित ने कहा कि यह काफी कठिन शृंखला है और जीतने के बाद अच्छा लग रहा है। ये युवा खिलाड़ी घरेलू सर्किट, स्थानीय क्लब क्रिकेट से यहां आए हैं। यह बड़ी चुनौती थी लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमें उन्हें अनुकूल माहौल देना होगा। प्रमुख खिलाड़ियों का नहीं होना अच्छा नहीं होता लेकिन इसमें कुछ किया नहीं जा सकता।

# पिता से जुरेल को मिले निर्भीक तेवर: रैना

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी



भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को सेना की पृष्ठभूमि के कारण निर्भीक तेवर मिले और यहां तक पहुंचने के लिए उसने काफी मेहनत की है। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाकर भारत की 5 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई।

रैना ने कहा कि मैं जुरेल की विकेटकीपिंग से काफी प्रभावित हूं। उसने काफी मेहनत की है। उसके



पिता सेना में थे लिहाजा उसमें वह हार नहीं मानने का निर्भीक तेवर है। जुरेल की पारी की सुनील गावस्कर ने भी तारीफ की, जिन्होंने उसे अगला महेंद्र सिंह धोनी कहा था। रैना ने कहा कि जुरेल शानदार खिलाड़ी है। मैने उसके साथ उत्तर प्रदेश के लिए कुछ मैच खेले हैं। रोहित शर्मा बधाई के पात्र हैं जिस तरह से उन्होंने पहले सरफराज खान को और फिर जुरेल को मौका दिया। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके लगातार अर्धशतक बनाना आसान नहीं है खासकर इतने महत्वपूर्ण मैच में जहां विकेट टर्न ले रहा हो। चेन्नई सुपर किंग्स का अहम हिस्सा रहे रैना ने कहा कि वह चाहते हैं कि विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर इस बार आईपीएल खिताब जीते। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि विराट और आरसीबी खिताब जीते। लंबा इंतजार हो गया। चेन्नई ने पिछली बार जीता था लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि इस बार वह टीम जीते जिसने अब तक ट्रॉफी नहीं जीती है। विराट मेहनत कर रहा है और जीत का हकदार है।

## खेल डायरी

### दक्षिण अफ्रीका में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने हमें मजबूत बनाया: हरमनप्रीत



राउरकेला, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरे में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने उन्हें मजबूत बनाया। भारत ने चार देशों की शृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था जहां मेजबान टीम के खिलाफ उसने जीत दर्ज की। फ्रांस के खिलाफ टीम को एक जीत मिली और एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि नीदरलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। रविवार को भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4–0 से हरा दिया था। भारत फिलहाल अंक तालिका में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने रविवार की जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हम दक्षिण अफ्रीका दौरे से मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा होकर वापस आए हैं। हमने वहां टीम से जुड़ी कई गतिविधियों में हिस्सा लिया जिससे हम एक मजबूत इकाई बन गए। मुझे लगता है कि हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और दुनिया की शीर्ष टीमों की चुनौती का सामना किया।

### आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने दिया इस्तीफा

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गहलोत ने ऐसे समय में पद छोड़ा है जब राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) ने बकाए का भुगतान न करने पर सवाई मान सिंह स्टेडियम और आरसीए कार्यालय को शुक्रवार को सील कर दिया था। सवाई मानसिंह स्टेडियम को अगले महीने से आईपीएल की मेजबानी करनी है। गहलोत ने कहा कि आरसीए कार्यालय में जल्दबाजी में ताला लगाया गया। मुझे निशाना बनाकर आरसीए में अविश्वास का माहौल पैदा किया जा रहा है। मैं राज्य की क्रिकेट और खिलाड़ियों को बचाने के लिए स्वेच्छा से आरसीए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

### पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम

अलान्या (तुर्की), एजेंसी। भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को तुर्की महिला कप में अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में जब कोसोवो से भिड़ेगी तो उसकी नजरें दक्षिण एशिया के बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने पर होंगी। भारतीय टीम को खिताब के लिए मंगलवार को हर हाल में कोसोवा को हराना होगा। भारतीय टीम अभी लीग तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है। दोनों टीम के समान अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर से कोसोवो शीर्ष पर है। 4 टीम की राउंड रोबिन लीग में भारतीय टीम ने एस्टोनिया (4–3) और हांगकांग (2–0) के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं। कोसोवो ने भी हांगकांग और एस्टोनिया के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं लेकिन भारत के प्लस 3 के मुकाबले उसका गोल अंतर प्लस चार है जिससे वह शीर्ष पर चल रहा है।

### भारत ने सैफ अंडर 16 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने सोमवार को एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है। भारत ने 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत दर्ज की थी। दोनों बार भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पहली बार टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जा रहा है। अंतिम टीम का चयन संभावितों में से किया गया जो गोवा में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम मंगलवार को नेपाल रवाना होगी। उसे एक मार्च को भूटान से, पांच मार्च को बांग्लादेश और सात मार्च को नेपाल से खेलना है। राउंड राबिन चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी। सारे मैच ललितपुर में खेले जाएगे। **भारतीय टीम : गोलकीपर :** केटी देवी, मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी **डिफेंडर :** अमृता घोष, बोनिफिला शुलाइ, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, गौरी, रिआना लिज जैकब, रूपश्री मुंडा, एस अलेना देवी **मिडफील्डर :** अनिता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, एच यशिका, एल नीरा चानू, रितु बडाइक, श्वेता रानी, टी मोनी बास्के **फॉरवर्ड :** गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस।

# नहीं चला बैजबॉल, शृंखला भारत के नाम

## इंग्लैंड को चौथा टेस्ट 5 विकेट से हराकर भारत ने लगातार 17वीं टेस्ट शृंखला जीती

रांची, एजेंसी

अपनी सरजमीं पर बादशाहत एक बार फिर साबित करते हुए भारतीय टीम ने 'बैजबॉल' को बेअसर साबित कर दिया और चौथे टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड को चौथे ही दिन पांच विकेट से हराकर अपनी मेजबानी में लगातार 17वीं शृंखला जीत ली।

जीत के लिए 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कल के स्कोर पर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलना शुरू किया था। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (44 गेंद में 37 रन) और कप्तान रोहित शर्मा (81 गेंद में 55 रन) ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। दोनों के विकेट गिरने के बाद रजत पाटीदार और रविंद्र जडेजा भी सस्ते में आउट हो गए, लेकिन शुभमन गिल (नाबाद 52) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने शृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली जबकि पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

भारतीय टीम अपनी धरती पर आखिरी बार 2012-13 में एलेस्टेयर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारी थी। उसके बाद से अपनी मेजबानी में खेले गए भारत ने 50 में से 39 टेस्ट जीते हैं। इस जीत के साथ ही भारत ने इंग्लैंड की आक्रामक खेल की 'बैजबॉल' शैली को भी नाकाम साबित कर दिया। पिछले दो साल से इंग्लैंड की जीत का मंत्र साबित हुई इस शैली की अब काफी आलोचना हो रही है। ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद से हर हालात में आक्रामक खेल की इंग्लैंड की रणनीति को 'बैजबॉल' कहा जाता है। भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है और इसकी सूत्रधार भारत की युवा ब्रिगेड रही।

निजी कारणों से शृंखला से बाहर विराट कोहली और चोटिल केएल राहुल के बिना भारत ने शृंखला में शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद लगातार 3 जीत दर्ज की। भारत के युवा खिलाड़ियों सरफराज खान, जुरेल और तेज गेंदबाज आकाश दीप ने मौके को बखूबी भुनाया। जुरेल ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी में नाबाद 39 रन बनाए। चौथे दिन सोमवार को रोहित ने (81 गेंद में 55 रन) ने यशस्वी जायसवाल के साथ 84 रन की बड़ी साझेदारी की। जायसवाल ने 44 गेंद में 37 रन जोड़े। आफ स्पिनर जो रूट ने जायसवाल को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टल ने रोहित का विकेट लिया। स्पिनर शोएब बशीर ने रजत पाटीदार (0) को पवेलियन भेजा। अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलते हुए भारत ने शुरूआत की। रोहित ने जेम्स एंडरसन की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर बशीर ने गेंद संभाली। रोहित और जायसवाल ने सहज होकर स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को रन बनाए। रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 9000 रन भी पूरे कर लिए। दोनों को आसानी से खेलते देख बेन स्टोक्स ने जो रूट को गेंद सौंपी, जिन्होंने कप्तान के भरोसे पर खरे उतरते हुए जायसवाल को आउट किया।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला

- भारत ने 3-1 की विजयी बढ़त बनाई, पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में होगा
- शृंखला से बाहर विराट और चोटिल राहुल के बिना भारत ने लगातार 3 जीत की दर्ज

**50** में से 39 टेस्ट मैच भारत ने देख में जीते

**09** हजार रन रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किए पूरे



### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी-353) (दूसरी पारी-145)

भारत (पहली पारी-307) दूसरी पारी 192/5 (61 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का फोक्स बो हार्टली | 55 | 81 | 5/1 |
| यशस्वी जायसवाल का एंडरसन बो रूट | 37 | 44 | 5/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 52 | 124 | 0/2 |
| रजत पाटीदार का पोप बो बशीर | 00 | 06 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा का बेयरस्टो बो बशीर | 04 | 33 | 0/0 |
| सरफराज खान का पोप बो बशीर | 00 | 01 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 39 | 77 | 2/0 |

**अतिरिक्त :** 05, **विकेट पतन :** 1–84, 2–99, 3–100, 4–120, 5–120, **गेंदबाजी :** रूट 7–0–26–1, हार्टली 25–2–70–1, बशीर 26–4–79–3, एंडरसन 3–1–12–0

### जीत पर टीम को कोहली ने दी बधाई



नई दिल्ली। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भारत की जीत को शानदार बताते हुए 'युवा' टीम के धैर्य, दृढता और लचीलेपन की तारीफ की। निजी कारणों से शृंखला से बाहर होने के बाद अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, यस (तिरंगा)। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढता और लचीलापन दिखाया। कोहली और अनुष्का शर्मा के घर 15 फरवरी को बेटे ने जन्म लिया। सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, भारत ने दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है। आकाशदीप ने टेस्ट में शानदार स्पेल डाला। ध्रुव ने दोनों पारियों में गेंद की लैंग्थ को भांपा और उसका फुटवर्क बेहतरीन था। कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी। दूसरी पारी में कुलदीप का स्पेल महत्वपूर्ण था। रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और रोहित शर्मा जैसे सीनियर्स ने अपना काम बखूबी किया।



# दिल्ली ने यूपी को नौ विकेट से रौंदा

बेंगलुरू, एजेंसी

राधा यादव और मारिजेन कैप की धारदार गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा और कप्तान मेग लेनिंग के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यूपी वारियर्स को नौ विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। यूपी की दो मैच में यह लगातार दूसरी हार है।

यूपी के 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने शेफाली (43 गेंद में नाबाद 64 रन, 6 चौके, 4 छक्के) और कप्तान मेग लेनिंग (43 गेंद में 51 रन, 6 चौके) के बीच पहले विकेट की




119 रन की साझेदारी से सिर्फ 14.3 ओवर में 1 विकेट पर 123 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। यूपी की टीम बाएं हाथ की स्पिनर राधा (20 रन पर 4 विकेट) और मारिजेन (पांच रन पर 3 विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 9 विकेट पर 119 रन ही बना सकी। श्वेता सहरावत (42 गेंद में 5 चौके और 1 छक्के) 45 रन बनाकर टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं। वहीं यूपी की कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू सकी। लक्ष्य पाने उतरी दिल्ली को कप्तान मेग लेनिंग और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने तेज शुरुआत दिलाई।

शेफाली ने सोफी एक्लेस्टोन पर चौके के साथ खाता खोला और फिर गौहर सुल्ताना पर पहला छक्का जड़ा। सुल्ताना के ओवर में लेनिंग भाग्यशाली रहीं जब वृंदा ने शॉर्ट फाइन लेग पर उनका कैच टपका दिया। शेफाली ने ताहलिया मैकग्रा के ओवर में दो चौके और 1 छक्के के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 57 रन पहुंचाया।

# डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत की मजबूत स्थिति

दुबई। भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड की टीम के खिलाफ 5 विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। रोहित शर्मा की टीम ने शृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली है। भारत का अंक 59.52% से बढ़कर 64.58% हो गया है। भारत ने क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया (55%) और बांग्लादेश (50%) पर मजबूत बढ़त बना ली है। इंग्लैंड 19.44% अंक के साथ आठवें स्थान पर है। भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक 8 टेस्ट खेले हैं जिनमें से 5 में उसे जीत और दो में हार मिली जबकि 1 ड्रॉ रहा। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड को 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये से फायदा नहीं हो रहा है।



# बॉलीवुड हलचल

## एटली ने की शाहरूख खान की तारीफ



मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली ने वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान के परफॉर्मेंस की तारीफ की है। वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने परफॉर्म किया। इस अवसर पर शाहरुख खान ने भी अपनी परफॉर्मेंस दी। शाहरुख खान ने पठान के गाने पर डांस किया। शाहरूख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बना चुके एटली ने शाहरुख खान की परफॉर्मेंस की एक फोटो के साथ स्टोरी शेयर की। स्टोरी शेयर करते हुए एटली ने लिखा, 'बॉस मैन इन मॉस मोड'। इसके बाद शाहरुख खान के फैन पेज ने ट्वीट करते हुए उनकी स्टोरी शेयर की और लिखा, 'एटली कभी भी शाहरुख के चार्म से उबर नहीं पाते और हम भी'। शाहरुख खान ने एटली कुमार की स्टोरी पर रिप्लाई देते हुए लिखा कि, सर आपसे ही सीखा है।

### देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर जारी



मुंबई, एजेंसी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवा' के निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने शाहिद कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मेरे सबसे प्यारे भाई शाहिद कपूर को जन्मदिन की बहुत–बहुत शुभकामनाएँ। ...हंसी ...मस्ती ... आप उन बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं जिनके साथ मैंने कभी काम किया है और मेरे देवा के रूप में आपको निर्देशित करना मेरे लिए सम्मान की बात है! बहुत सारे प्यार और सम्मान के साथ मैं आपको एक शानदार वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं! शाहिद कपूर ने जवाब में लिखा, धन्यवाद, रोशन। 'देवा' के सेट पर वापस आने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। 'देवा' रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को दशहरा के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज



मुंबई, एजेंसी। अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत, अभिनेत्री पायस पंडित और डिंपल सिंह की भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कमला फिल्म्स क्रिएशन्स, डिजिटेक प्रोडक्शन प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर ईगल होम एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। प्रिंस सिंह राजपूत ने कहा कि यह फिल्म उनकी सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। फिल्म में उनका किरदार स्वच्छंद भ्रमण करने वाले लड़के की है। फिल्म में एक गुंजा नाम की लड़की गांव में रहती हैं, जहां उसके माँ बाप की बचपन में मृत्यु हो जाती हैं और वो अपने काका काकी के घर पर रहती हैं, जहाँ उसकी काकी उससे घर का हर काम कराती हैं और उसे ताना मारती हैं, वही काका काकी की बेटी नीलम शहर से गांव आती हैं। फिल्म के निर्माता गौतम कुमार, मनु भाई शाह और लोकेश मिश्रा हैं, जबकि निर्देशक मनोज ओझा हैं। गीतकार प्रकाश बारूद हैं। संगीतकार सर्विन्द मल्हार हैं। छायांकन फ़िरोज़ खान का है। संकलन गोविन्द दुबे और कोरियोग्राफी कानु मुखर्जी का है। कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म में प्रिंस सिंह राजपूत, पायस पंडित, डिंपल सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, जय प्रकाश, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, प्रिया, अंकुश कहार, आरती निगम, प्राची सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

### 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर फिल्म 'चमकीला'

मुंबई, एजेंसी। दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'चमकीला' 12 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगीद्य। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की आने फिल्म चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'चमकीला' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट आउट की है। नेटफ्लिक्स ने लिखा, माहौल बन जाता था जब वह छेड़ता था साज, कुछ ऐसा ही था चमकीला का अंदाज। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर यह फिल्म 12 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

## 'झलक दिखला जा' को मिले 5 फाइनलिस्टस



मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। एफएएम तिकड़ी – फराह खान, अरशद वारसी और मलाइका अरोड़ा द्वारा प्रेरित और जज किए गए शो झलक दिखा जा को अपने टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। इनमें कोरियोग्राफर अनुराधा अयंगर के साथ शोएब इब्राहिम, कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ सेलिब्रिटी टीन एक्टर अद्रिजा सिन्हा, कोरियोग्राफर सोनाली कर के साथ श्रीराम चंद्रा, कोरियोग्राफर आशुतोष पवार के साथ मनीषा रानी और कोरियोग्राफर सागर बोरा के साथ डॉक्टर एवं एक्टर धनश्री वर्मा हैं। शोएब ने कहा, झलक दिखला जा एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा है, जो मुझे अपनी सीमाओं से आगे ले गया और एक डांसर और एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने की चुनौती दी। हर परफॉर्मेंस आत्म–खोज का सफर रहा है, जिससे मुझे खुद को उन तरीकों से अभिव्यक्त करने की इजाजत मिली है जिनके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था। फाइनल में जीतना या हारना मेरे लिए अंतिम लक्ष्य नहीं है। श्रीराम ने साझा किया, गायन पृष्ठभूमि से आने से डांस फ्लोर पर कदम रखना मेरे लिए कठिन काम था। चुनौतियों, सीखने के अनुभवों और यादगार पलों से भरा यह सफर किसी रोलरकोस्टर राइड से कम नहीं है। अद्रिजा सिन्हा ने कहा, झलक दिखला जा के टॉप 5 में रहना एक सपना था जो हकीकत बन गया है! मेरे परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के अटूट समर्थन के साथ, जो मेरी ताकत बनाकर मेरे साथ रहे हैं, हर परफॉर्मेंस सीखने का एक खास अनुभव रहा है, जिसने मुझे खुद को चुनौती देने और एक डांसर के रूप में विकसित होने के लिए प्रेरित किया है।

### काजल का रोमांटिक गाना डोली जब कमरिया रिलीज



मुंबई, एजेंसी। अभिनेता कुणाल तिवारी और अभिनेत्री काजल यादव का भोजपुरी गाना 'डोली जब कमरिया' रिलीज हो गया है। डोली जब कमरिया गाने को विजय चौहान और अलका झा ने गाया है। इस गाने में कुणाल तिवारी रोमांटिक मूड में काजल से कहते हैं कि धड़के करेजा रानी धक धक, अइसन सिंगार पर लागेलु कड़क, करेला मन धरी दाबी अकवरिया तब काजल यादव कहती हैं कि मूड में जब आईब हम डोले जे कमरिया, तबे नु आईब हम तोहरा पजरिया यह रोमांटिक गाना भोजपुरी फिल्म 'पपुआ के पप्पी' का है। मधु मंजुल आर्ट्स एंड गीता तिवारी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता धीरेंद्र कुमार झा एवं कुणाल कुमार तिवारी हैं। निर्देशक धीरेंद्र कुमार झा हैं। मुख्य कलाकार कुणाल तिवारी, विराज भट्ट, काजल यादव, ऋचा दीक्षित, अमित शुक्ला, प्रकाश जैस, प्रियांशु सिंह, अनूप अरोरा, साहिल शेख हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# शीर्ष कोर्ट ने संजय की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आप नेता ने हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उस याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, जिसमें संजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने जमानत याचिका को संजय सिंह की एक अन्य याचिका के साथ टैग कर दिया, जिसमें उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है। संजय सिंह की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने जमानत याचिका पर नोटिस जारी करने की मांग की और याचिका को लंबित मामले के साथ टैग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लंबित मामले की सुनवाई 5 मार्च को होनी है और इसलिए दोनों मामलों पर एक साथ सुनवाई की जानी चाहिए। पीठ ने सिंघवी के अनुरोध पर सहमति व्यक्त की और कहा कि दोनों याचिकाओं पर एक साथ विचार किया जाएगा। बता दें, दिल्ली हाईकोर्ट ने 7 फरवरी को सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# अन्नामलाई को राहत हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रोका

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को राहत दी। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने नफरती बयान देने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी।

अन्नामलाई ने अक्तूबर 2022 में एक यूट्यूब चैनल को इंटरव्यू दिया था। जिसमें उन्होंने पटाखे फोड़ने को लेकर कथित तौर पर ईसाई समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ मामले में सुनवाई कर रही थी। पीठ ने इंटरव्यू में दिए गए बयानों की ट्रांसक्रिप्ट को देखा और कहा कि पहली नजर में यह कोई नफरत फैलाने वाला बयान नहीं है।

# आप कौन होते हैं आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जनहित याचिका, कहा- आपको याचिका दायर करने का कोई अधिकार नहीं



तीन नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई है। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून 1 जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे।

जनहित याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिका से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आप कौन होते हैं नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले?' मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आपके पास इस मामले में हस्तक्षेप करने का ही अधिकार नहीं है। जनहित याचिका में गृह और कानून मंत्रालय को पक्षकार बनाने की मांग की गई थी।

तीनों नए आपराधिक कानून देश में न्याय व्यवस्था में बड़े बदलाव लेकर आएंगे और एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएंगे। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। तीनों नए आपराधिक कानून अंग्रेजी शासन काल के आईपीसी (इंडियन पीनल कोड), सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह लेंगे। बीते साल 21 दिसंबर को इन नए कानूनों को संसद की मंजूरी मिली थी और 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी। हालांकि अभी हिट एंड रन मामले से जुड़े प्रावधान पर अमल नहीं होगा। दरअसल बीते दिनों देशभर में ड्राइवरों ने हड़ताल कर हिट एंड रन मामले में नए प्रावधानों का विरोध किया था। जिस पर सरकार ने आश्वासन दिया था कि इस कानून को ड्राइर यूनियन से चर्चा के बाद अमल में लाया जाएगा। सरकार ने नोटिफिकेशन में बताया है कि अभी भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) को अमल में नहीं लाया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं, जिसमें 20 नए अपराधों को परिभाषित किया गया है।

## कोर्ट में स्वीकारी गलती, केजरीवाल बोले- वीडियो रिट्वीट करना मेरी गलती


**मानहानि मामला**

दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान केजरीवाल ने अदालत के सामने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। दरअसल, ये मामला मई 2018 का है। अरविंद केजरीवाल ने 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी की एक पोस्ट को रीट्वीट किया था। इसी को लेकर उन पर मानहानि का आरोप लगा और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया था। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को अदालत से कहा कि उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट करके गलती की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना ही शिकायतकर्ता से पूछा कि क्या वह मुख्यमंत्री की माफी के बाद इस मामले को बंद करना चाहते हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी के रूप में अरविंद केजरीवाल को जारी किए गए समन को बरकरार रखा था।



राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते केजरीवाल।

## एक नजर



**तिरुवनंतपुरम।** सोमवार को अट्टुकल समापन के दौरान भक्तों ने जुलूस निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह अट्टुकल भगवती मंदिर का दस दिवसीय त्योहार है। यह त्योहार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्‌र्स में शामिल है। साल 1997 में 15 लाख महिलाओं ने पोंगल चढ़ाकर रिकॉर्ड बनाया था।

### गुजराती परिवार की मौत मामले में भारतवंशी शिकागो से गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** मानव तस्करी की 2022 की एक घटना की जांच के दौरान शिकागो में एक भारतवंशी को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में गुजराती परिवार के चार सदस्य कनाडा से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने के प्रयास में मृत पाए गए थे। पिछले हफ्ते द शिकागो ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि हर्षकुमार रमनलाल पटेल को शिकागो के ओ हेयर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। उसे 28 फरवरी को कोर्ट में पेश किया जाना है।

### धोखाधड़ी मामले में फैसले के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप ने की अपील

**न्यूयॉर्क।** डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 45.4 करोड़ डॉलर के न्यूयॉर्क नागरिक धोखाधड़ी मामले के फैसले के खिलाफ अपील की है, जिसमें एक न्यायाधीश के इस फैसले को चुनौती दी गई है कि ट्रंप ने अपनी संपदा के बारे में झूठ बोला था और अपने रियल एस्टेट साम्राज्य को इस तरह बढ़ाया था जिसने उन्हें लोकप्रियता दिलाई और राष्ट्रपति पद तक पहुंचाया था। ट्रंप ने अपील करते हुए कोर्ट से कहा कि न्यायाधीश आर्थर के फैसले को पलट दिया जाए।

### जवान ने इजराइली दूतावास के बाहर खुद को लगाई आग, गंभीर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन। में इजराइली दूतावास के बाहर एक वायुसेना के जवान ने खुद को आग लगा ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार रविवार दोपहर को घटी। व्यक्ति ने इजराइल के दूतावास खड़े होकर खुद को आग लगा ली। इसके बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अफसरों और डीसी अग्निशमन दल ने आग बुझाई और शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जिस शख्स ने खुद को आग लगाई, उसका नाम एरॉन बुशनेल बताया गया है। यह व्यक्ति अमेरिकी वायुसेना का एक सक्रिय सैनिक है। इस घटना के एक वीडियो में एरॉन बोलता है कि वह नरसंहार में शामिल नहीं रहेगा।

# मरियम नवाज बनीं पाकिस्तान के पंजाब की पहली महिला मुख्यमंत्री

## इमरान की पार्टी के नेता राणा को दी शिकस्त, पार्टी उपाध्यक्ष भी हैं नवाज की बेटी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री पीएमएलएन नेता मरियम नवाज को बनाया गया। बता दें कि मरियम तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी हैं। 50 वर्षीय उपाध्यक्ष मरियम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के सांसदों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता है।

पीएमएलएन नेता ने पीटीआई समर्थित एसआईसी के राणा आफताब को हराकर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री चुनाव जीता। मरियम ने पंजाब विधानसभा में जाने से पहले जती उमरा में अपनी मां की कब्र का दौरा किया। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएमएलएन ने बताया कि मरियम ने अपने नाना-नानी की कब्रों का भी दौरा किया। पीएमएल-एन ने चुनाव से पहले एक्स पर एक पोस्ट में कहा 'हमारे देश के इतिहास में पहली बार, एक महिला पंजाब की सीएम बनेगी। मरियम नवाज शरीफ पंजाब की सीएम पद की शपथ लेने वाली पहली महिला होंगी।

### 2012 में राजनीति में उतरीं, 2024 में मुख्यमंत्री बनीं मरियम

मरियम नवाज पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी हैं। साल 1992 में सफदर अवान से मरियम नवाज की शादी हुई। सफदर अवान पाकिस्तान की सेना में कैप्टर रह चुके हैं। सफदर अवान, नवाज शरीफ के सुरक्षा अधिकारी भी रहे। मरियम नवाज के तीन बच्चे हैं। मरियम नवाज ने साल 2012 में राजनीति में कदम रखा और अपने पिता के साथ काम किया। साल 2024 के आम चुनाव में मरयम नवाज पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और पंजाब असेंबली के लिए पहली बार चुनी गई हैं।



### गौहर खान फिर चुने गए इमरान की पार्टी पीटीआई के अध्यक्ष



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने यू-टर्न लेते हुए बैरिस्टर गौहर खान को फिर से पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने पहले बैरिस्टर अली जफर को अध्यक्ष नियुक्त किया था। बैरिस्टर गौहर खान (45 वर्षीय) को बीते साल दिसंबर में भी पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हालांकि पार्टी के संगठन चुनाव के नतीजों को अदालत में चुनौती दी गई। कोर्ट ने पीटीआई के आंतरिक चुनाव को रद कर दिया और पार्टी का चुनाव चिन्ह बैट भी छीन लिया गया। इसके बाद गौहर खान पार्टी के अध्यक्ष पद से हट गए थे। बीते हफ्ते गौहर खान ने एलान किया कि पार्टी के नए अध्यक्ष बैरिस्टर अली जफर होंगे और उन्हीं की देखरेख में 3 मार्च को पार्टी के आंतरिक चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, बैरिस्टर अली जफर ने पार्टी का चेयरमैन बनने से इनकार कर दिया। ऐसे में बैरिस्टर गौहर अली ने फिर से पार्टी के चेयरमैन बनने के लिए नामांकन किया। बैरिस्टर गौहर खान को पीटीआई चीफ इमरान खान ने नामांकित किया था, ऐसे में उनकी जीत तय मानी जा रही है।

# साद अहमद होंगे भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त

**नई दिल्ली।** साद अहमद वराइच को भारत में पाकिस्तान का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। साद अहदम ने एजाज खान की जगह ली है। एजाज खान का कार्यकाल बतौर पाकिस्तानी उच्चायुक्त पूरा हो गया है। अब साद अहमद वराइच उनकी जगह लेंगे। वराइच ने नई दिल्ली पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वराइच इससे पहले अफगानिस्तान, तुर्किए और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके हैं।

हिंद प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश तुवालु में फेलेटी टेओ को नया प्रधानमंत्री चुना गया है। तुवालु के संसदीय सदस्यों ने पूर्व अटॉर्नी जनरल फेलेटी टेओ को देश का अगला पीएम चुना। शीर्ष पद के लिए नामांकन करने वाले फेलेटी टेओ एकमात्र उम्मीदवार थे और उन्हें निर्विरोध पीएम चुन लिया गया। तुवालु के पूर्व पीएम कोसिया नातानो की 26 जनवरी को हुए चुनाव में हार हुई थी। नातानो ताइवान के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने के पक्ष में थे। नातानो की हार के साथ ही तुवालु की ताइवान को लेकर नीति पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

# इस्लामोफोबिया विवाद: पार्टी के बचाव में उतरे पीएम सुनक

लंदन, एजेंसी

- पार्टी के सांसद ने की थी विवादित टिप्पणी, कहा था- लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में

इस्लामोफोबिया को लेकर ली एंडरसन और सुएला ब्रेवरमैन की टिप्पणियों के बाद अब प्रधानमंत्री सुनक मजबूरन अपनी पार्टी के बचाव में उतर आए हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या कंजर्वेटिव पार्टी में 'इस्लामोफोबिक प्रवृत्ति' है तो उन्होंने कहा कि नहीं ऐसा नहीं है। इस दौरान सुनक ने यह भी कहा कि इस बहस को इस तरह से न भड़काया जाए जो दूसरों के लिए हानिकारक हो।


गौरतलब है कि यूके में इन दिनों लंदन के मेयर सादिक खान सुर्खियों में हैं। दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद ली एंडरसन ने सादिक खान पर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में हैं।

इतना ही नहीं ली ने यह भी कहा था कि सादिक ने लंदन को आतंकियों को समर्पित कर दिया है। उनके इस बयान की खूब आलोचना की गई थी। बाद में उन्हें पार्टी से भी निलंबित कर दिया गया था। ली की ये टिप्पणियां तब आई थीं, जब गाजा में युद्धविराम को लेकर लंदन में इजराइल के विरोध में कई रैलियां निकाली गई थीं।

### भारतीय-अमेरिकी प्रोफेसर अशोक को अमेरिका में सर्वोच्च शैक्षणिक पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के अमेरिकी इंजीनियर और प्रोफेसर अशोक वीरराघवन को टेक्सास के सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। वीरराघवान को इंजीनियरिंग में एडिथ और पीटर ओ'डोनेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। टेक्सास एकेडमी ऑफ मेडिसिन, इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी राज्य के उभरते शोधकर्ताओं को यह पुरस्कार प्रदान करता है। वीरराघवान राइस यूनिवर्सिटी के जॉर्ज आर. ब्राउन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं। यह पुरस्कार उन्हें इमेजिंग तकनीक के विकास के लिए दिया गया है, जो अदृश्य को दृश्यमान बनाने का प्रयास करती है। यह पुरस्कार राज्य के चिकित्सा, इंजीनियरिंग, जैविक विज्ञान, भौतिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार में अच्छे प्रदर्शन के बाद दिया जाता है।

## भोजन की आस...



गाजा: हताश लोगों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने में संयुक्त राष्ट्र (संरा) शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहा है। मानवाधिकार की वकालत करने वाली संस्था 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने सोमवार को आरोप लगाते हुए गाजा पट्टी के लिए राहत सामग्री को अवरुद्ध करने के लिए इजराइल को दोषी ठहराया। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि इजराइल बुरी तरह प्रभावित उत्तरी गाजा में ईंधन उपलब्ध कराने की पर्याप्त सुविधा नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ गाजा के समुद्र तट पर मानवीय सहायता की प्रतीक्षा में बैठे फिलिस्तीनी नागरिक। ● एजेंसी

# फिलिस्तीन के पीएम मोहम्मद शतयेह ने दिया इस्तीफा



**गाजा।** इजराइल हमास युद्ध के बीच फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने अपनी सरकार से इस्तीफा दे दिया है। फिलिस्तीन की सरकार कब्जे वाले वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों पर शासन करती है।

इस्तीफे की जानकारी देते हुए शातयेह ने कहा, मैं सरकार का इस्तीफा राष्ट्रपति महमूद अब्बास को सौंपता हूं, उन्होंने कहा, यह गाजा के खिलाफ आक्रामकता और वेस्ट बैंक और यरूशलेम में तनाव से संबंधित घटनाक्रम के मद्देनजर लिया गया फैसला है। उन्होंने आगे कहा गाजा में युद्ध, नरसंहार और भुखमरी की वजह से मैंने इस्तीफा दिया है।

# जब तक जिंदा हूं, बाल विवाह नहीं होने दूंगा

- मुस्लिम विवाह कानून निरस्त के बाद विस में विपक्ष के विरोध पर गरजे सीएम हिमंत बिस्व सरमा

गुवाहाटी, एजेंसी



सोमवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में बोलते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

असम सरकार की ओर से मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त किए जाने के बाद कांग्रेस और एआईयूडीएफ जैसी विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर निशाना साधा है। इसका जवाब सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा में दिया। विपक्षी दलों पर गरजते हुए सरमा ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा।

मुस्लिम विवाह कानून के निरस्त होने पर कांग्रेस और एआईयूडीएफ ने आज विधानसभा में भाजपा का विरोध किया। इस पर भड़कते हुए हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, "आप मुझे ध्यान से सुन लें। जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा। जब तक हिमंत बिस्व सरमा जिंदा है, तब तक यह नहीं हो सकता। मैं आपको राजनीतिक तौर पर चुनौती देता हूं। मैं 2026 से पहले ये दुकान बंद कर दूंगा। इस बीच कांग्रेस और एआईयूडीएफ विधायकों ने असम विधानसभा में जमकर हंगामा किया। एआईयूडीएफ ने सरमा कैबिनेट के मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त करने के फैसले का विरोध करते हुए इसके खिलाफ स्थगन प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, सदन के स्पीकर बिश्वजीत दयमारी ने इसे स्वीकार नहीं किया। दो दिन पहले ही असम सरकार ने राज्य में बाल विवाह पर रोक के लिए मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून, 1935 खत्म कर दिया। इसे लेकर शुक्रवार देर रात हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया था।

# तालिबान ने हत्या के दोषी को गोली मारकर मौत की सजा दी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- अफगानिस्तान में पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली यह तीसरी मौत की सजा, दोषी को सरेआम मारी गोली



अफगानिस्तान में तालिबान शासन के दौरान एक बार फिर से सार्वजनिक रूप से मौत की सजा देने की घटनाएं बढ़ गई हैं। उत्तरी अफगानिस्तान में सोमवार को हत्या के दोषी एक व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी गई। यह सजा एक खेल स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई। पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली तीसरी ऐसी मौत की सजा है।

मारे गए व्यक्ति के भाई ने दोषी को राइफल से पांच गोलियां मारीं। स्टेडियम के आसपास कड़ी सुरक्षा की गई थी। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद से यह पांचवीं सार्वजनिक मौत की सजा है। तालिबान सरकार की ओर से इसे लेकर अभी कोई टिप्पणी नहीं की गई है। सजा पाने वाले व्यक्ति की पहचान फरयाब प्रांत के नजर मोहम्मद के रूप में हुई है। उसने फरयाब प्रांत के ही खल मोहम्मद की हत्या कर दी थी। इससे पहले दक्षिणपूर्वी गजनी प्रांत में गुरुवार को तालिबान ने चाकू मारकर हत्या करने के दोषी दो लोगों को मौत की सजा दी थी। पीड़ितों के रिश्तेदारों ने दोनों को गोली मार दी थी। यह सजा भी एक स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई थी।

संयुक्त राष्ट्र ने सार्वजनिक रूप से हत्याएं करने, कोड़े मारने और पथराव के लिए तालिबान की कड़ी आलोचना की है और देश के शासकों से ऐसी प्रथाओं को रोकने का आह्वान किया है।

**विज्ञान** हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने की अजीबो-गरीब घटना की खोज

# आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** इन दिनों हमारी आकाशगंगा में अजीबो गरीब घटना हो रही है । इस घटना में तारों के बादल तरंग के साथ तैर रहे हैं। इसका कारण गुरुत्वाकर्षण लहर माना जा रहा है। अब खगोलशास्त्री इस तरह की घटना दूसरी आकाशगंगाओं में तलाश करने लगे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार तारों के ये बादल हमारी आकाशगंगा की भुजाओं के साथ चलते हैं।

हांलाकि 2020 में सिर्फ एक तरंग जैसी आकृति देखी गई थी। मगर अब इसे श्रृंखला के रूप में देखा गया है। जो रोमांचक तरंग बना रहे हैं। आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण के कारण यह संरचना दोलन करती है।



आकाशगंगा में तरंग के साथ तारों के तैरते बादल की तस्वीर।

### कई और रहस्य होंगे उजागर

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह खोज कई अन्य रहस्य उजागर करने में मददगार साबित होगी, जो वैज्ञानिकों के लिए चुनौतीपूर्ण भी होगी। यह अपनेआप में बड़ी खोज है। आकाशगंगा में अक्सर कुछ न कुछ घटित होते रहता है। जिनके बारे में वैज्ञानिक अभी भी नही जानते हैं।

हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

इस खोज में यह भी पता चला है कि यह संरचना आकाशगंगा की सर्पिल भुजा के साथ तारों के समूहों को जन्म दे रही है। तारों के बादलों की यह रेडक्लिफ तरंग न केवल एक लहर की तरह दिखती है, बल्कि उसी की तरह चलती भी है। पत्रिका नेचर में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह संरचना हमारे आकाशगंगा के पिछले हिस्से में 9,000 प्रकाश-वर्ष लंबी फैली हुई है और सूर्य से केवल 500 प्रकाश वर्ष दूर मौजूद है। हमारी अजशगंगा में यह सबसे बड़ी संरचना है। बड़ी बात यह है कि अब हम इसके बारे में जानते हैं। अच्छी बात यह है कि यह वास्तव में हमारे बहुत करीब है।

# किशोरों को सोशल मीडिया से अलग रखने का कानून पास

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य की विस में कानून पास, 16 साल से कम किशोर अकाउंट नहीं बना पाएंगे



अमेरिका में फ्लोरिडा राज्य की विधानसभा ने सोशल मीडिया के संबंध में कड़ा कानून पास किया है। इसके तहत 16 साल से कम आयु के किशोरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉमों पर अकाउंट नहीं बनाने दिया जाएगा। गवर्नर रॉन डी सेंटिस ने कहा, इस विधेयक से फ्लोरिडा में लाखों युवाओं का जीवन बदल जाएगा।

बता दें, विधेयक को कानूनी चुनौती मिल सकती है। पिछले साल फेडरल अदालतों ने अरकंसास और ओहायो में लागू सोशल मीडिया कानूनों को रोक दिया है। न्यायाधीशों ने उन मामलों में कहा, नए कानूनों से सोशल मीडिया कंपनियों की अभिव्यक्ति की आजादी, सूचना देने के अधिकारों का हनन होगा। इनसे युवाओं के अधिकार भी प्रभावित होंगे। फ्लोरिडा के नए नियमों के तहत सोशल नेटवर्क 16 वर्ष से कम आयु के लोगों के अकाउंट नहीं बनाएंगे। वे ऐसे अकाउंट बंद कर देंगे।

यह प्रावधान फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और यूट्यूब जैसी साइट और एप्स पर लागू होंगे। फ्लोरिडा का कानून अन्य राज्यों के कानूनों के मुकाबले अधिक कठोर है। वैसे, सिविल लिबटी ग्रुप और टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के संगठनों ने सोशल मीडिया पर नए प्रतिबंधों का विरोध किया है।